3 | राजधानी
आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

6 | अभिमत
आसान नहीं अफगान सरकार का रास्ता

10 | विदेश
अमेरिका में हैलोवीन पार्टी में गोलीबारी, एक की मौत

11 | विविध
मेडिकल इंटर्नशिप की कैसे करें तैयारी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 350
नई दिल्ली, सोमवार, 1 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

फ्रेंचाइजी क्रिकेट से जुड़ना चाहती थीः सारा टेलर
स्पोर्ट्स-12

कश्मीर में बढ़ी सुरक्षा, सीआरपीएफ व बीएसएफ की 50 कंपनियां तैनात

राकेश कुमार सिंह। नई दिल्ली

केंद्र ने अल्पसंख्यकों और प्रवासी मजदूरों के खिलाफ हिंसा में बढ़ोतरी के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में तैनाती के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से 25-25 कंपनियां यानी कुल 50 कंपनियां भेजी हैं। घाटी में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने फिर कोशिशें तेज कर दी हैं।

नवीनतम सुरक्षा घेरा ऐसे समय मजबूत किया जा रहा है जब खुफिया रिपोर्टों में कहा गया है कि आईएसआई ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 3,000 से अधिक अफगान सिम वितरित किए हैं। संदेह है कि कुख्यात आईएसआई इन सिमों का उपयोग पाकिस्तानी आतंकवादियों को सुविधा देने के साथ-साथ घाटी में अफगान मुजाहिदीनों को भेजने के लिए कर सकती है। नियंत्रण रेखा के इस तरफ के क्षेत्रों में सुरक्षा परिदृश्य को अस्थिर करने के लिए नए सिरे से हिंसा भड़काने की कोशिशें हो रही हैं। सूत्रों ने कहा कि अफगान सिम

फाइल फोटो

का जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी कार्रवाई में इस्तेमाल करने का मकसद यह हो सकता है कि पाकिस्तान बाद में किसी भी आतंकी घटना में अपना हाथ होने से इनकार कर सके। पाकिस्तान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य को अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने से बौखलाया हुआ है। जम्मू-कश्मीर पुलिस मुख्यालय के हालिया आदेश के अनुसार 50 कंपनियों (5,000 से अधिक कर्मी) की तैनाती राज्य में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने के लिए की गई है।

इन 50 कंपनियों में से 30 कंपनियों को अकेले श्रीनगर जिले में तैनाती के लिए दिया गया है। इन तीस कंपनियों में 11 सीआरपीएफ और 19 बीएसएफ की हैं। इसके बाद अनंतनाग के लिए पांच कंपनियां और गांदरबल, पुलवामा और शोपियां के लिए तीन-तीन कंपनियां आवंटित की गई हैं। कुलगाम, अवंतीपोरा और बारामूला के लिए दो-दो कंपनियां भेजी जा रही हैं। बीएसएफ की कुल 11 कंपनियां श्रीनगर में पंथाचौक से नरबल क्रॉसिंग तक आरओपी (रोड ओपनिंग पेट्रोल) ड्यूटी के लिए तैनात सीआरपीएफ की जगह लेंगी। बीएसएफ की आठ कंपनियां श्रीनगर जिले में महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्ष में (शेष पेज 9)

जम्मू-पुंछ हाइवे 15 दिन बाद खुला

पायनियर समाचार सेवा। जम्मू

जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को 17 दिनों के बाद यातायात सामान्य हुआ। दूसरी ओर, सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें अभी भी पुंछ की मेंढर तहसील में भाटा दुरियां के घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों की तलाश में जुटी हैं। आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान चार जवानों के मारे जाने के बाद मेंढर में भीम्बर गली और सुरनकोट में जेरन वाली गली के बीच बीते 14 अक्टूबर को यातायात रोक दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यातायात को खोलने का फैसला जमीनी हालात विशेष रूप से क्षेत्र में चल रहे काउंटर टेररिस्ट ऑपरेशन का जायजा लेने के बाद लिया गया। बीते 11 अक्टूबर के बाद से आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जूनियर कमिश्नर अधिकारियों सहित नौ भारतीय सैनिक शहीद हुए हैं।

जलवायु परिवर्तन से निपटने की जताई प्रतिबद्धता

रोम में जी-20 सम्मेलन में विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भाषा। रोम

जी-20 घोषणापत्र

इटली की राजधानी में आयोजित जी-20 समूह के सम्मेलन में सदस्य देशों के नेताओं ने घोषणापत्र जारी करके कोविड-19 से निपटने के प्रयासों के लिए स्वास्थ्य सेवा एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं, अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया। साथ ही घोषणापत्र में कहा गया है कि भारत समेत जी20 देश 2030 तक जैवविविधता ह्रास को रोकने और क्षतिपूर्ति की कार्वाइयों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अनुसार ए देश जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए तथा ग्लासगो में हो रहे सीओपी26 सम्मेलन को सफल बनाने के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं। महामारी के लिए आम प्रतिक्रिया को मजबूत करने तथा सबसे संवेदनशील लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक सुधार का मार्ग प्रशस्त करने पर सहमति जताते हुए घोषणापत्र में कहा गया कि महामारी के खिलाफ सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधनों में टीके शामिल हैं और व्यापक कोविड-19 टीकाकरण वैश्विक रूप से जनता की भलाई के लिए है। जी-20 नेताओं ने 2021 के अंत तक कम से कम 40 प्रतिशत तथा 2022 के मध्य तक 70 प्रतिशत आबादी के टीकाकरण के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों पर सहमति जताई। उन्होंने घोषणा में कहा कि सदस्य देश सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और पर्याप्त पोषण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें कोई नहीं छूटे। जी-20 देशों ने यह घोषणा भी की कि वे सुरक्षित और क्रमबद्ध तरीके से अंतरराष्ट्रीय यात्रा फिर से शुरू करने के लिए प्रयास करने पर सहमत हुए हैं।

सदी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी लक्ष्य तक पहुंचने का वादा

रोम(एपी)। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं ने सदी के तकरीबन मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी लक्ष्य तक पहुंचने का रविवार को वादा किया। उन्होंने दो-दिवसीय जी20 सम्मेलन संपन्न करते हुए स्कॉटलैंड के ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के लिए जमीन तैयार किया। जी20 नेताओं के अंतिम वक्तव्य के मुताबिक वे (शेष पेज 9)

एनएच हुए अधिक सुरक्षित, 60 फीसदी 'ब्लैक स्पॉट' दुरुस्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के खूनी राजमार्ग अब पहले से अधिक सुरक्षित होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने सड़क हादसों की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिह्नित 60 ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) को ठीक कर दिया है। इन क्षेत्रों में पिछले तीन वर्षों के दौरान 28,000 से अधिक यात्रियों ने सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई थी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत यह जानकारी दी है। एक अर्जी में पूछे गये सवाल के जवाब में एनएचएआई ने कहा है कि 2016, 2017 और 2018 में 57,329 सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार रहे इन 'ब्लैक स्पॉट' को दुरुस्त करने के लिए 4,512.36 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इन्हें दुरुस्त करने का कार्य 2019 में शुरू किया गया था।

● तीन वर्षों में ऐसे स्थानों पर हुई 28 हजार से अधिक यात्रियों की मौत

उल्लेखनीय है कि 'ब्लैक स्पॉट' राष्ट्रीय राजमार्गों का करीब 500 मीटर का वह हिस्सा होता है, जहां तीन वर्षों में पांच सड़क दुर्घटनाएं हुई हों या इन तीन वर्षों में वहां कुल 10 लोगों की जान गई हो।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक, 'ब्लैक स्पॉट' खंड के दायरे में वे सड़क दुर्घटनाएं आती हैं, जिनमें लोगों की मौत हुई हो या गंभीर रूप से घायल हुए हों। नोएडा के आरटीआई कार्यकर्ता अमित गुप्ता ने इस सिलसिले में एनएचएआई में एक आरटीआई अर्जी दी थी। इसके जवाब में प्राधिकरण ने कहा कि 2015 से 2018 के दुर्घटना के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल 3,966 'ब्लैक स्पॉट' की पहचान की गई। इसने कहा कि 2019-20 में 729 'ब्लैक (शेष पेज 9)

जाइडस कैडिला टीके की कीमतें घटाने पर राजी

भाषा। नई दिल्ली

सरकार के साथ समझौते के बाद जाइडस कैडिला अपने कोविड-19 टीके की कीमत घटाकर 265 रुपए प्रति खुराक करने पर सहमत हो गई है, लेकिन अभी अंतिम समझौता नहीं हुआ है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। जाइडस कैडिला का टीका जाइकोव-डी पहला ऐसा टीका है जिसे भारत के औषधि नियामक ने 12 साल या उससे अधिक उम्र के किशोरों को लगाने की मंजूरी दी है। सुई मुक्त जाइकोव-डी टीके की प्रत्येक खुराक देने के लिए 93 रुपए की लागत वाले एक डिस्पोजेबल दर्द रहित जेट एप्लीकेटर की आवश्यकता होगी, जिससे इसकी कीमत 358 रुपए प्रति खुराक होगी। एक सूत्र ने कहा था कि अहमदाबाद स्थित इस दवा कंपनी ने पहले अपनी तीन खुराक वाली दवा के लिए 1900 रुपए की कीमत का प्रस्ताव दिया था। इससे जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, कंपनी और सरकार के बीच लगातार बातचीत (शेष पेज 9)

बाजारों में बढ़ी भीड़, सरकार चौकन्नी

नई दिल्ली में रविवार को एक बाजार में दीवाली की खरीदारी को उमड़े लोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● लोगों से सुरक्षा मानकों का पालन करने और कोविड संबंधी व्यवहार अपनाने की अपील

उत्तर भारत में इस सप्ताह से दिवाली, धनतेरस, भाईदूज, छठ पूजा जैसे त्योहारों की शुरुआत के साथ ही माहौल उत्सवमय हो गया है। इससे बाजारों, सड़कों पर खासी भीड़ बढ़ी है। यह देखते हुए सरकार चौकन्नी हो गई है। उसे दोबारा कोरोना विस्फोट का डर सताने लगा है।

इसलिए उसने लोगों को चेतावनी दी है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें और सभी लोग कोविड संबंधी के उचित व्यवहार को अपनाएं। अधिकारियों का कहना है कि केरल और कोलकाता के इन जिलों को विशेष रूप से त्योहार की अवधि से पहले टीकाकरण को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देने की आवश्यकता है, क्योंकि आशंका है कि त्योहार के समय में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं। जैसा कि केरल और कोलकाता क्रमश: ओणम और दुर्गा पूजा के बाद कोविड के (शेष पेज 9)

पिछले साल प्रतिदिन 31 बच्चों ने की आत्महत्या

भाषा। नई दिल्ली

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2020 में भारत में प्रतिदिन औसतन 31 बच्चों ने आत्महत्या की। विशेषज्ञों ने इसके लिए कोविड-19 महामारी के कारण बच्चों पर पड़े मनोवैज्ञानिक दबाव को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2020 में देश में 11,396 बच्चों ने आत्महत्या की, जो 2019 के मुकाबले 18 प्रतिशत अधिक है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2019 में 9,613 जबकि 2018 में 9,413 बच्चों ने आत्महत्या की थी। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 18 साल से कम उम्र के बच्चों की आत्महतया के मुख्य कारण पारिवारिक समस्याएं (4,006), प्रेम प्रसंग (1,337), बीमारी(1,327) थे। कुछ बच्चों के आत्महत्या करने के पीछे वैचारिक कारण, बेरोज़गारी, दिवालियापन, नपुंसकता और मादक पदार्थों का इस्तेमाल जैसे अन्य कारण थे। विशेषज्ञों के मुताबिक महामारी के कारण स्कूल बंद होने तथा खेल-कूद संबंधी गतिविधियां (शेष पेज 9)

न्यायिक सेवा गठन के लिए राज्यों को मनाएगा केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रिजीजू और राज्य के कानून मंत्रियों के बीच नवंबर में होनी है बैठक

केंद्र सरकार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा स्थापित करने के लिए राज्यों के साथ सहमति पर पहुंचने की नई कोशिश कर सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार में सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रिजीजू और राज्य के कानून मंत्रियों के बीच नवंबर में होने वाली एक प्रस्तावित बैठक के एजेंडे में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (एआईजेएस) का गठन करना भी शामिल हो सकता है।

अभी तक बैठक के एजेंडे के तौर पर केवल न्यायिक बुनियादी ढांचे की घोषणा की गई है। केंद्र सरकार का मानना है कि उचित तरीके से गठित अखिल भारतीय न्यायिक सेवा देश की संपूर्ण न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। एआईजेएस से अखिल भारतीय मेरिट चयन प्रणाली के जरिए योग्य नई कानूनी प्रतिभाओं को शामिल करने का मौका देगा। प्रवेश परीक्षा के जरिए अधीनस्थ अदालतों के लिए अधिकारियों की भर्ती करने के वास्ते अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन करने के लिए एक विधेयक की आवश्यकता होगी।

भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा की तर्ज पर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का प्रावधान आजादी के तुरंत बाद पेश किया गया था। 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के अनुच्छेद 312 में एआईजेएस का प्रावधान भी शामिल किया गया लेकिन इसके व्यापक स्वरूप पर निर्णय के लिए एक विधेयक की आवश्यकता होगी। वर्तमान में विभिन्न उच्च न्यायालय और राज्य सेवा आयोग न्यायिक अधिकारियों की भर्ती करने के लिए परीक्षा कराते हैं। संघ लोक (शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	59,306	
निफ्टी	17,671	
सोना	46,887	/10g
चांदी	63,210	/kg

क्विक न्यूज

नीरा राडिया से करोड़ों रुपए के गबन में चार घंटे पूछताछ

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नयति हेल्थकेयर की अध्यक्ष नीरा राडिया से 300 करोड़ रुपए के कथित गबन मामले के सिलसिले में करीब चार घंटे तक पूछताछ की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राडिया आर्थिक अपराध शाखा के कार्यालय में 27 अक्टूबर को जांच में शामिल हुईं। उन्होंने बताया, उनसे कथित बैंक ऋण के बारे में करीब 50 सवाल पूछे गए। हालांकि, उन्होंने सवालों का जवाब दिया, पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसलिए, छानबीन आगे बढ़ने पर निकट भविष्य में उनसे जांच में शामिल होने को कहा जाएगा। बैंक ऋण के सिलसिले में पिछले साल मामला दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों ने मामले को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने का फैसला किया था।

मध्य प्रदेश में पेट्रोल 120 रुपए प्रति लीटर के पार

भाषा। नई दिल्ली

वाहन ईंधन कीमतों में रविवार को लगातार चौथे दिन बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35-35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ाए गए हैं। इससे देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम अब नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। वहीं वाहन ईंधन पर ऊंचा स्थानीय कर वसूलने वाले मध्य प्रदेश में पेट्रोल का दाम 120 रुपए प्रति लीटर को पार कर गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में 35 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। दिल्ली में अब पेट्रोल 109.34 रुपए प्रति लीटर के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में यह अब 115.15 रुपए प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में डीजल 106.23 रुपए प्रति लीटर और दिल्ली में 98.07 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वाहन ईंधन कीमतों में लगातार चौथे दिन बढ़ोतरी हुई है। 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के दौरान कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था।

उसके बाद से पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार 35 पैसे प्रति लीटर के हिसाब से बढ़ रहे हैं। देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल पहले ही 100 रुपए प्रति लीटर के पार हो गया है। वहीं पंजाब के जालंधर से लेकर सिक्किम के गंगटोक तक करीब डेढ़ दर्जन राज्यों में डीजल शतक को पार कर गया है। स्थानीय करों की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन के दामों में अंतर होता है।

मौत से पहले दादी ने कहा था- रोना नहीं

● राहुल ने 37वीं बरसी पर भावुक वीडियो साझा कर इंदिरा गांधी को किया याद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देश के प्रति समप्रण और सेवाओं को याद करते हुए उनकी मौत की 37वीं बरसी मना रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को अपनी दादी को याद करते हुए एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने इंदिरा गांधी की हत्या और उनके अंतिम संस्कार के क्षणों को याद करते हुए कहा कि उनकी दादी ने अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले उनसे कहा था कि यदि उन्हें कुछ हो जाता है तो रोना नहीं है। इंदिरा गांधी की 37वीं पुण्यतिथि पर यूट्यूब पर जारी वीडियो में राहुल ने अपनी दादी के


नई दिल्ली में शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे राहुल गांधी

अंतिम संस्कार के दिन को अपने जीवन का दूसरा सबसे मुश्किल दिन बताया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके दो सुरक्षा कर्मियों ने 1984 में 31 अक्टूबर के दिन गोली मारकर हत्या कर दी थी। राहुल ने याद करते हुए कहा कि अपनी मृत्यु से पहले सुबह उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मुझे कुछ होता है तो रोना नहीं। मैं समझ नहीं पाया कि उनका क्या मतलब था और दो-तीन घंटे बाद उनकी मृत्यु हो गयी।

विद लव, इन मेमोरी ऑफ माई बिलव्ड ग्रांडमदर, इंदिरा जी' शीर्षक से यूट्यूब पर जारी वीडियो में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें एक तरह से आभास था कि उन्हें मार दिया जाएगा और मुझे लगता है कि घर में सभी को यह पता था। एक बार उन्होंने हमसे खाने की मेज पर कहा था कि सबसे बड़ा अभिशाप किसी बीमारी से मरना होता है। राहुल ने कहा कि उनके नजरिये से शायद यह देश के लिए मरने का सबसे अच्छा तरीका था। उन्होंने कहा कि मेरी दो मां रहीं। एक सुपर मां जो मेरी दादी थीं, जो मेरे पिता के नाराज होने पर मुझे बचाती थीं और दूसरी मेरी मां। राहुल ने कहा कि उनके लिए यह मां के जाने जैसा था। वीडियो में इंदिरा गांधी के अंतिम संस्कार के दृश्य भी हैं जिनमें दादी के निधन पर रोते हुए बालक राहुल को देखा जा सकता है। इससे पहले राहुल गांधी ने रविवार सुबह यहां इंदिरा गांधी के स्मारक 'शक्ति स्थल' पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया कि मेरी दादी अंतिम घड़ी तक निडरता से देश सेवा में (शेष पेज 9)

इंदिरा को पुण्यतिथि पर भूली पंजाब की कांग्रेस सरकार

भाषा। चंडीगढ़

● नहीं दिया किसी समाचार पत्र में विज्ञापन, सुनील जाखड़ ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर समाचार पत्रों में उनकी याद में विज्ञापन जारी करने में नाकाम रहने को लेकर रविवार को पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी नीत सरकार की आलोचना की। जाखड़ ने एक ट्वीट में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर पिछले साल (तत्कालीन मुख्यमंत्री) अमरिंदर सिंह नीत कांग्रेस सरकार के तहत जारी पंजाब सरकार के एक विज्ञापन को संलग्न किया। उन्होंने ट्वीट किया, मैं समझ सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी आयरन लेडी ऑफ इंडिया को इतिहास से मिटाना चाहती है लेकिन क्या हमारे पास पंजाब में अब कांग्रेस की सरकार नहीं है। जाखड़ ने एक अन्य ट्वीट में दिल्ली कांग्रेस की नई कार्यकारिणी समिति में एक स्थाई आमंत्रित सदस्य के तौर पर जगदीश टाइटलर की नियुक्ति की ओर इशारा किया और हैरानगी जताई कि इंदिरा को याद करने के लिए (पंजाब) सरकार का विज्ञापन नहीं जारी करने का क्या इससे कोई (शेष पेज 9)

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

गाजियाबाद। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 146 वीं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर ऑनलाइन आर्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह कोरोना काल में परिषद का 306वां वेबिनार था। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि सरदार पटेल स्पष्ट एवं निर्भीक वक्ता थे। मुख्य अतिथि डॉ.गजराज सिंह आर्य ने कहा कि सरदार पटेल गंभीर चिन्तक, बहुआयामी, आदर्शवादी व व्यवहारिक व्यक्तित्व के धनी थे। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल के विचार से व्यक्ति की अधिक अच्छाई उसके मार्ग में बाधक है। प्रान्तीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि भारत के राजनीतिक एकीकरण में लौहपुरूष,भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

युवा गायिका रेखा गौतम, रेखा वर्मा,विजय खुल्लर, रेणु घई, कमलेश चांदना,वीरेन्द्र आहूजा, जनक अरोड़ा,विमला आहूजा, मधु खेड़ा,आदि ने गीतों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख रूप से संजय सत्यार्थी, प्रेमप्रकाश शर्मा,विनय अग्रवाल, प्रवीना ठक्कर, प्रवीन आर्या, ओमप्रकाश महेन्द्रू,राजेश चुघ, सत्यपाल आर्य,मीना अग्रवाल, आर्यन अग्रवाल,प्रतिभा कटारिया आदि उपस्थित थे ।

एसएसपी ने दिलाई शपथ

गाजियाबाद। पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने पुलिस लाइन में अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। महानगर वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर ओपी अग्रवाल ने कहा कि बिना रक्तपात के छोटे-छोटे रियासतों को एक करके उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। हम सभी को संगठित रहकर देश भावना से ओतप्रोत रहकर मिल जुल कर रहना चाहिए। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के सह संयोजक महानगर अशोक, शहर मंडल संयोजक राकेश गुप्ता, प्यारे लाल शर्मा, गांधी नगर मंडल के संयोजक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

चमकेगा ग्रेनो, रेलवे ओवरब्रिज से लेकर रेसलिंग कोर्ट तक बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

किसानों को 6 फीसदी आबादी भूखंड देने के लिए प्राधिकरण पुरजोर कोशिश कर रहा है। अलग-अलग गांवों में स्थित 6 फीसदी आवासीय भूखंड विकसित करने के लिए प्राधिकरण ने 8.79 करोड़ रुपए के टेंडर जारी कर दिए हैं।

सेक्टर 37 में रेसलिंग कोर्ट बनाने के लिए 61 लाख खर्च होंगे। रेसलर यहां प्रैक्टिस कर सकेंगे। कई सेक्टरों और गांवों से जुड़े 31 कार्यों को कराने के लिए 56 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं।

इन इलाकों में भी होगा विकास

गिरधरपुर के बारातघर में इंटरलॉकिंग टाइल्स, ड्रेन बाउंड्रीवॉल आदि के कार्य, सेक्टर.पाई.4, पाई श्री, सेक्टर 16बी, चाई श्री, चाई फाइव, चाई फोर, नॉलेज पार्क वन व तुगलपुर का अनुरक्षण कार्य, सादुल्लापुर, गुलिस्तानपुर व खेड़ा धर्मपुरा में विकास कार्यों के लिए भी टेंडर जारी किए हैं। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके अरोड़ा ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर इन कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की बात कही है।

6 फीसदी आबादी पर खर्च होंगे 8.79 करोड़

प्राधिकरण सभी किसानों को 6 फीसदी आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर जमीन चिंहित कर उसे विकसित कर किसानों की आस पूरी की जा रही है। प्राधिकरण ने अलग-अलग गांवों में स्थित आबादी भूखंडों के आसपास विकास कार्य कराने के लिए शनिवार को 8.79 करोड़ रुपये के टेंडर जारी कर दिए हैं।

रोजा गोलचक्कर से तिलपता तक होगा रखरखाव

130 मीटर रोड पर रोजा गांव के गोलचक्कर से तिलपता तक रखरखाव के लिए करीब 8 करोड़ रुपये के टेंडर जारी हुए हैं। सूरजपुर-कासना रोड पर स्वर्णनगरी से एलजी रोटरी तक रखरखाव के लिए 2.59 करोड़ के टेंडर जारी हुए हैं। इमिलियाका से दनकौर-बिलासपुर लिंक रोड को पैच रिपेयर करने, घंघोला में का विकास, बिल्डर्स एरिया का तीन वर्ष का अनुरक्षण कार्य, गौड़ चौक से तिगड़ी रोटरी तक रखरखाव कार्य कराने का काम होगा।

3 साल बाद शुरू हुआ ईस्टर्न कॉरिडोर का काम

नोएडा। पिछले 3 वर्ष से रुके डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन डीएफसीसी के ईस्टर्न कॉरिडोर का निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू होगा। हाईकोर्ट में इस कॉरिडोर से जुड़ी सभी याचिकाओं पर सुनवाई हो चुकी है। कोरिडोर की एक 1150 वर्ग मीटर जमीन पर शासन का कब्जा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अब राज्य सरकार ने मेरठ कमिश्नर को आदेश देते हुए कहा है कि 7 नवंबर तक इस जमीन पर कब्जा दिलाया जाए।

कब्जा नहीं मिलने पर कई काम हुए थे बाधित

कोलकाता से लुधियाना के बीच डीएफसीसी प्रोजेक्ट में ईस्टर्न कॉरिडोर बन रहा है। इसका एक हिस्सा गौतमबुद्ध नगर से भी गुजरता है। मार्च 2021 तक कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होना था लेकिन जमीन अधिग्रहण के लिए कुछ गांव में किसानों ने मनमानी कर जमीन पर कब्जा नहीं दिया। बोड़ाकी में 550 वर्ग मीटर हजरतपुर और रिठौरी में 300-300 वर्ग मीटर भूमि पर प्रशासन को कब्जा नहीं मिल रहा था। इस वजह से निर्माण कार्य बाधित हुआ था।

साफ हो चुका है रास्ता

इस जमीन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यथास्थिति का आदेश जारी किया था। इस वजह से कॉरिडोर का 250 मीटर हिस्से में काम अधूरा पड़ा है। यहां काम नहीं हो सका है। लेकिन अब यह काम पूरा होगा। हाई कोर्ट से सभी मामलों का निस्तारण हो गया है। साथ ही उच्च न्यायालय ने एसएलपी खारिज कर दिया है। इसके बाद काम पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है।

जमीन पर दिखाया कब्जा

आदेश के बाद जिला प्रशासन एक्टिव हो गया है। दादरी तहसील की टीम पुलिस के साथ हजरतपुर गांव पहुंची। जहां 300 वर्ग मीटर जमीन पर डीएफसीसी का कब्जा दिलाया गया। बोड़ाकी और रिठोरी में कब्जा मिलना बाकी है। अफसरों के मुताबिक जेसीबी की मदद से जमीन को समतल कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल और किसान मौजूद रहे।

आरओबी बनाने को जल्द होगी जमीन अधिग्रहित

इस कॉरिडोर में आरओबी बनाने की जमीन का भी जल्द अधिग्रहण किया जाएगा। दरअसल ईस्टर्न कॉरिडोर पर आठ रेलवे ओवरब्रिज रहे हैं। इन सभी पर काम चल रहा है।

उत्तर प्रदेश सेतु निगम इन सबके निर्माण की जिम्मेदारी संभाल रही है। सेतु निगम का प्रस्ताव पर जिला प्रशासन जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही आगे बढ़ा रहा है। दिसंबर तक इन आरओबी के लिए करीब 4 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इनके तैयार होने के बाद लाखों लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। प्रदेश सरकार ने भी मेरठ मंडल के मुख्य सचिव को 7 नवंबर तक का डेडलाइन देते हुए कहा है कि हर हाल में जमीन पर कब्जा किया जाए।

भाजपा को हटाने के लिए मजबूत दल से गठबंधनः शिवपाल

- प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा पहुंची गाजियाबाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शिवपाल यादव

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए उनकी पार्टी किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी गठबंधन कर सकती है। यदि समाज पार्टी से सम्मानजनक स्थिति में समझौता उनकी प्राथमिकता होगी। शिवपाल यादव की सामाजिक परिवर्तन यात्रा गाजियाबाद पहुंची जहां पर कई स्थानों पर पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने नवयुग मार्केट स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार जो योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही है हर मोर्चे पर विफल है यह सरकार केवल और केवल भ्रष्टाचार और झूठ पर खड़ी है।

शिवपाल यादव ने कहा कि उनका चुनावी गठबंधन उस राजनीतिक दल से होगा जो भाजपा सरकार को हटाने की ताकत रखता हो। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को यहां तक पहुंचाने में जहां 75प्रतिशत योगदान मुलायम सिंह यादव का है वही 25 प्रतिशत योगदान उनका भी है।

उन्होंने कहा कि यदि सम्मानजनक स्थिति में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन होता है तो उन्हें उससे कोई परहेज नहीं होगा।

इस मौके पर समाजवादी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नाहर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष नूर हसन वरिष्ठ नेता महबूब लारी, महेश यादव समेत अनेक पार्टी नेता उपस्थित थे।

एनसीआर के दो वाहन चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाने की पुलिस ने रविवार को साईं मंदिर के पास से दो ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो एनसीआर में आए दिन वाहन चोरी कर लेते थे और उन्हें बेच देते थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी किए हुए 12 वाहन बरामद किए हैं।

जिनमें 4 ऑटो, 2 कार,एक स्कूटी तथा 5 मोटरसाइकिल है । पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोरों में बहरामपुर निवासी प्रदीप सिंह व रोहित कुमार हैं। इनके कब्जे से जो 12 वाहन चोरी के बरामद हुए हैं इन्हें भी इन्होंने चोरी किए थे।

पूछताछ में चोरों ने बताया कि यह लोग मौका देखते ही वाहन चोरी कर लेते थे और फिर उन्हें उचित दामों में खरीददारों को बेच देते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जब्त वाहन के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनबीसीसी को नोटिस

- प्रदूषण रोकने में नाकाम होने पर यूपीपीसीबी सख्त

पायनियर सामचार सेवा। नोएडा

प्रदूषण रोकने में ढिलाई को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इन दोनों संस्थाओं पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं करने का आरोप लगा है। दरअसल ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन 4 में अम्रपाली ग्रुप के लेजर वैली प्रोजेक्ट में वायु प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन पाया गया है।

यूपीपीसीबी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर संस्थाएं नियमों का पालन नहीं करती हैं तो उन पर जुर्माना भी लगेगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हर तरफ निर्माण कार्य चल रहा है। इसी वजह से यहां की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनबीसीसी यहां आम्रपाली के लेजर वैली प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूरा करा रहा है।

इस निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के सटे एस एस्पायर सोसायटी में हजारों लोग रहते हैं। वहां के निवासियों ने निर्माण कार्य और टूटी सड़क के कारण वायु प्रदूषण होने की शिकायत की थी। बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा तकलीफ हो रही थी। इसका संज्ञान लेते हुए यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय की एक टीम प्रोजेक्ट साइट का निरीक्षण करने गई थी। टीम के अफसरों ने बताया कि निर्माण के वक्त एनजीटी के नियमों का पालन नहीं हो रहा था। न ही वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। यहां चारों तरफ धूल उड़ रही है। आरएमसी प्लांट लगा हुआ है। जांच के बाद एनबीसीसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को नोटिस जारी किया गया है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी भुवन यादव ने बताया प्रदूषण की रोकथाम के लिए एनजीटी के नियमों का पालन कराना बेहद जरूरी है। लेकिन एनबीसीसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसमें लापरवाही कर रहे हैं। इसलिए दोनों संस्थाओं को नोटिस भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

वाल्मीकि मंदिर के जीर्णोद्धार व सभागार भूमि पूजन

गाजियाबाद। जटवाड़ा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में 50 लाख की लागत से मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सभागार के निर्माण के भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ। राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने विधिवत रूप से भूमि पूजन किया साथ ही हवन पूजन भी की। इस मौके पर प्रदेश राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने महर्षि वाल्मीकि के सिद्धांतों एवं उनके जीवनकाल पर प्रकाश डाला और उन्हें सर्व समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत बताया। महर्षि वाल्मीकि टेंपल ट्रस्ट जटवाड़ा के अध्यक्ष मनोज राजोरिया ने की। मंच संचालन करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा प्रदीप चौहान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से वाल्मीकि समाज के साथ कंधे से कंधा लगाकर खड़ी रही है भूमि पूजन कार्यक्रम में चीफ इंजीनियर पर्यटन महेश मिश्रा, महेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल, वाल्मीकि महासभा के महानगर अध्यक्ष शक्ति जीनवाल आदि लोग मंचासीन रहे। इस मौके पर नीरज वाल्मीकि, सनी वाल्मीकि, प्रवीण सुखवाल, जॉनी जीनवाल, आजाद वाल्मीकि, मुकेश गहलोत, प्रदीप वेद, रंजीत बेदी, आशु चारण, शिवम मेहरा, किरण पाल सिंगौते, संजय टांक, अमित राष्ट्रवादी, संतोष पारचा, नवीन सूद, मनोज लाला, कर्मवीर चड्ढा, निशांत चड्ढा, विनय वाल्मीकि ने अतिथियों का स्वागत किया।

दिवाली प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई कलाकारी

नोएडा। आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते ने दीवाली प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में स्कूली छात्रों ने अपनी रचनात्मक कौशल से रूबरू कराया। वहीं कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि अर्चना गर्ग एवं उषा रस्तोगी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड वर्षा छबारिया ने बताया कि बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेविका अर्चना गर्ग ने बताया कि इतनी कम उम्र में बच्चों की इस प्रकार का हुनर काबिले तारीफ है।

प्लेऑल बैडमिंटन अकेडमी की तरफ से फरीदाबाद में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में राखी यादव ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया, साथ में उपविजेता।

दादरी विस के 6500 घरों तक पहुंची आप, बांटे गारंटी कार्ड

नोएडा। यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। दादरी विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी संजय राणा की अध्यक्षता में पिछले एक हफ्ते से विधानसभा क्षेत्र में कैंप लगाकर व घर-घर जाकर बिजली गारंटी योजना के फार्म भरवाये जा रहे हैं। ग्रामीणों को गारंटी कार्ड बांटे जा रहे हैं। अब तक आम आदमी पार्टी दादरी विधानसभा में 6500 घरों तक पहुंच चुकी है।

एक महीने में 50 हजार परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य है। इसे जल्द पूरा कर लिया जाऐगा। पार्टी के कार्यकर्ता घर.घर जाकर व कैम्प लगाकर बिजली गारंटी योजना के बारे में लोगों को बता रहे हैं। अगर उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है, तो हर व्यक्ति को 300 यूनिट मुफ़्त बिजली व पुराने बकाया बिल माफकर दिये जाऐगें। साथ ही किसानों को फ्री बिजली दी जाएगी। 24 घंटे मुफ्त बिजली बिना कटौती के प्रदान की जाएगी।

मेफेयर बिल्डिंग के बेसमेंट में जमा पानी पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन 4 में स्थित मेफेयर रेसिडेंसी के निवासियों ने आज लगातार 19वें हफ्ते प्रदर्शन कर विरोध जताया। साथ ही उन्होंने बिल्डर के अकाउंट्स मैनेजर और सीआरएम के गिरफ्तारी की मांग की।

सुबह भारी संख्या में निवासी सोसायटी गेट पर जमा हुए। उन्होंने बिल्डर और प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। खरीदारों का कहना है कि बिल्डर अब सभी टावर को गिरा कर हजारों लोगों की जान लेना चाहता है। सोसाइटी के निवासियों ने कहा मेफेयर रेसीडेंसी के सभी टावर के बेसमेंट में पानी जमा है।

इससे इमारतों को नुकसान हो रहा है। नींव कमजोर हो रही है। बार.बार कहने के बावजूद बिल्डर इस जलभराव की निकासी का कोई प्रबंध नहीं कर रहा। साथ ही पानी जमा होने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर में वैसे ही डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में बिल्डर की लापरवाही सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

सरकारी अधिवक्ता से दंपति ने हड़पे 25 लाख, केस दर्ज

हापुड़। हापुड़ कोतवाली नगर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी सरकारी अधिवक्ता से एक दंपती ने 25 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर पीड़ित को हत्या की धमकी भी दी है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। नगर के नवज्योति कालोनी निवासी कृष्णकांत गुप्ता जिला सत्र न्यायालय हापुड़ में जिला शासकीय अधिवक्ता के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि गढ़ दिल्ली रोड पर नगरपालिका के सामने उनका एक गोदाम स्थित है। इस गोदाम को कुछ वर्ष पहले शकरकुई निवासी मोहित व उसकी पत्नी दीपांशी को किराए पर दिया था। आरोप है कि दोनों ने अमानत में ख्यानत कर धोखाधड़ी से किराए के 25 लाख रुपये हड़प लिए हैं।

छठ पूजा की तैयारियां तेज, बनाए गए सात नए घाट

- 10 नवंबर को संध्या अर्घ्य और 11 नवंबर को सुबह अर्घ्य दिया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में छठ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अर्घ के लिए साफ-सफाई का अभियान आरम्भ हो गया है। आस्था एवं सूर्य की उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

गौड़ सिटी छठ पूजा समिति प्रत्येक वर्ष इस त्यौहार का सफ्लतापूर्वक आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी छठ महापर्व का आयोजन पारंपरिक भक्ति सौन्दर्य एवं भव्यता के साथ छठ घाट लेक व्यू पार्क गौर सिटी.1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में किया जाएगा। छठ महापर्व का 10 नवंबर को संध्या अर्घ्य और 11 नवंबर को सुबह अर्घ्य है।

व्रतियों की सुविधा के लिए समिति के सदस्य प्रत्येक वर्ष झील की सफाई करते हैं। इसी क्रम में गौड़ सिटी छठ पूजा समिति के सदस्यों ने आज छठ घाट की सफाई की।

समिति के अध्यक्ष संतोष ने बताया कि इस बार भी व्रतियों की सुविधा के लिए समिति काम कर रही है। कोरोना महामारी को देखते हुए सरकारी अनुदेश के अनुसार ही पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए व्रतियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। बिना रजिस्ट्रेशन किसी भी व्रती को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

समिति के सचिव अजय गुप्ता ने बताया व्रतियों की सुविधा के लिए गौड़ सिटी छठ पूजा समिति ने इस बार 7 नए छठ घाटों का निर्माण करवाया है। इन घाटों के बन जाने से झील की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। व्रतियों को भी पूजा करने में काफी सुविधा रहेगी। समिति के सदस्य आनंद कृष्णा ने बताया ग्रेटर नोएडा वेस्ट का सबसे बड़ा छठ महोत्सव गौड़ सिटी छठ पूजा समिति पारंपरिक भक्ति एवं सौम्यता से कराया जाता है।

निवासियों से सरकारी गाइडलाइंस का पालन करने मास्क लगाकर छठ घाट पर आने एवं समिति के निर्देशों के अनुसार ही पूजा में सहयोग देने की अपील की गई है। छठ घाट की सफाई के दौरान समिति के सदस्य उत्साहित रहे। वे भक्ति भाव से सराबोर रहे। समिति का कहना है कि पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से नियमों के पालन के साथ संपन्न कराया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 1 नवंबर 2021

दिवाली से पहले बाजारों में उमड़ी भीड़

डेढ़ साल बाद कारोबारियों व ग्राहकों के चेहरे खिले, जमकर खरीदारी

रविवार को नई दिल्ली के सरोजनी नगर मार्केट में दिवाली से पहले खरीदारी करते लोगों की भीड़। फोटो : रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर का प्रकोप भले ही कम हो गई है लेकिन कोराना वायरस के संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। केंद्र के साथ दिल्ली सरकार भी त्योहारी और शादियों के मौसम को देखते हुए लोगों को लगातार आगाह कर रही है। इसके बावजूद दिवाली से पहले बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को दिल्ली के सरोजनी नगर, करोल बाग, लाजपत नगर, भागीरथ पैलेस, चांदनी चौक, खारी बावली, सदर बाजार समेत सभी प्रमुख बाजारों में खरीददारों की भीड़ उमड़ रही है।

पिछले साल कोरोना के कारण लोग दिवाली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ नहीं मना सके थे। इस बार रोशनी का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाने को लेकर तैयारियां कर रहे हैं। बाजारों में खरीददारी करने पहुंचे लोग पिछले साल की भी कसर पूरी करते दिखाई दे रहे हैं।

भारी न पड़ जाए लापरवाही

केंद्र सरकार की ओर से पहले ही लोगों को आगाह किया जा चुका है कि वह त्योहारों के मौसम में कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान जरूर रखें, इसके बावजूद दिल्ली एनसीआर के बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का जमकर उल्लंघन हो रहा है। अगर ऐसे ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ती रहेगी तो कोरोना वायरस के तेजी फैलने की संभावना भी काफी बढ़ जाएगी।

दिवाली वाले दिन 3 हजार दमकलकर्मी रहेंगे तैनात

नई दिल्ली। रोशनी के त्योहार दिवाली पर आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है। इसे देखते हुए दिल्ली में तीन हजार दमकलकर्मी दो दिन तक तैनात रहेंगे। ये लोग किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए 30 से अधिक विशिष्ट स्थानों पर मौजूद रहेंगे।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, इस साल राष्ट्रीय राजधानी में एक जनवरी, 2022 तक आतिशबाजी की बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध है। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल भी हर तरह के पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक के बावजूद दमकल विभाग ने दिवाली की आधी रात तक आग लगने की 205 घटनाओं पर कार्रवाई की।

विभाग के अनुसार उसके निदेशक अतुल गर्ग की अध्यक्षता में 12 अक्टूबर को हुई बैठक में चार नवंबर को दिवाली की तैयारियों पर चर्चा हुई। योजना के अनुसार इस साल दिवाली पर शहर भर में कई स्थानों पर शाम पांच बजे से आधी रात तक अग्निशमन दल तैनात रहेंगे।

कोविड नियमों के साथ आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी कक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति न हो : डीडीएमए

राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना महामारी के कारण करीब 19 महीने तक बंद रहे 'यादातर स्कूलों की सभी कक्षाएं एक बार फिर सोमवार से खुल रही हैं। कुछ स्कूलों ने दिवाली के बाद कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पिछले ह ते घोषणा की थी कि एक नवंबर से स्कूलों की सभी कक्षाएं खुलेंगी, भले ही पठन-पाठन मिश्रित मोड में जारी रहेगा।

डीडीएमए ने यह भी कहा था कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि एक समय में एक कक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति न हो और किसी भी छात्र को प्रत्यक्ष कक्षाओं में भाग लेने के लिए मजबूर न किया जाए।

सितंबर में नौवीं से 12वीं कक्षाओं के छात्रों के लिए स्कूल खोले गये थे। तब से सरकारी स्कूलों में 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज की जा रही है, निजी स्कूल माता-पिता को सहमति फॉर्म भेजने की प्रक्रिया में हैं और उनमें से अधिकतर दिवाली के बाद अपनी कार्य योजना तय करेंगे। शालीमार बाग स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने कहा कि स्कूल दिवाली के बाद फिर से खुल जाएगा। अन्य निजी स्कूल जो दिवाली के बाद फिर से खुलेंगे, उनमें पुष्पांजलि एन्क्लेव स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा स्थित इंडियन स्कूल और बाल भारती स्कूल शामिल हैं।

21.7 किलो पटाखे ले जा रहा दुकानदार गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन इलाके में दीपावली से पहले वाहन में 21.7 किलोग्राम पटाखे कथित तौर पर ले जा रहे नोएडा के 33 वर्षीय एक दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की बिक्री और पटाखे छोड़ने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान हीरा लाल के रूप में की गई है और वह नोएडा में एक दुकान चलाता है। पुलिस ने उसका वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के लाला लाजपत राय मार्ग पर तैनात पुलिस की एक टीम ने शुक्रवार को कुछ देर पीछा करने के बाद हीरा लाल के वाहन को रोका और वाहन से करीब 21.7 किलोग्राम पटाखे बरामद किए।

अब पहली पसंद बन रहीं इलेक्ट्रिक गाड़ियां

सीएनजी, हाइब्रिड ईंधन की गाड़ियों की तुलना में इलेक्ट्रिक के पंजीकरण में इजाफा

● दिल्ली में अगस्त 2020 में आई थी इलेक्ट्रिक वाहन नीति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में लोग बिजली से चलने वाले वाहनों को तेजी से अपनाते जा रहे हैं और हाल के महीनों में सीएनजी और हाइब्रिड ईंधन के वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण में इजाफा हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

आधिकारिक आंक ?ों के अनुसार, जुलाई से सितंबर के महीने के बीच, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग में पंजीकृत कुल वाहनों में से सात फीसदी इलेक्ट्रिक वाहन थे जबकि सीएनजी वाहन छह प्रतिशत थे। इस अवधि में डे? लाख से ज्यादा वाहन पंजीकृत हुए जिसमें 7,869 इलेक्ट्रिक वाहन, 6857 सीएनजी वाहन, 7257 सीएनजी और पेट्रोल से चलने वाले वाहन और पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले 93,091 वाहन थे। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हमें अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अच्छे नतीजे देखने को मिल रहे हैं और ऐसे वाहनों की अपनाने वालों की संख्या ब? रही है। हम दिल्ली को देश की इलेक्ट्रिक वाहन राजधानी बनाना चाहते हैं जो कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना है। दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन नीति अगस्त 2020 में आई थी और तभी से इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण शुरू हुआ।

करमपुरा, गोकुलपुरी फ्लाईओवरों की मरम्मत के दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● फ्लाईओवर के जोड़ों की खराब स्थिति को देखते हुए सरकार ने उठाया कदम

दिल्ली सरकार ने महानगर में करमपुरा और गोकुलपुरी फ्लाईओवर की जांच और मरम्मत का आदेश दिया है । अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी ।

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फ्लाईओवर के विस्तार के जोड़ों में दरार समेत इसकी खराब स्थिति की शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया है ।

पीडब्ल्यूडी ने पश्चिम और पूर्वोत्तर दिल्ली में स्थित करमपुरा और गोकुलपुरी फ्लाईओवर के बेयरिंग और एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत और परीक्षण के लिए एक आदेश जारी किया है। अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में, इन दोनों फ्लाईओवरों की गहन जांच की जाएगी, जिसमें विस्तार जोड़ों, बेयरिंग, क्रैश बैरियर और सड़क की सतह की जाँच की जाएगी। इसके लिए विभाग ने धनराशि स्वीकृत कर दी है। जांच के बाद मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार फ्लाईओवर की जांच व मरम्मत की जिम्मेदारी जोन के कार्यपालक अभियंता की होगी। अधिकारी ने कहा कि स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि काम की गुणवत्ता और मानक से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

दिल्ली पुलिस ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

नई दिल्ली। उत्तरी जिला पुलिस ने विभिन्न धर्म गुरुओं के साथ आजादी का अमृत मोहत्सव मनाया। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने 2021 राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में हेरिटेज वॉक पर यूनिटी का आयोजन किया। राष्ट्रीय एकता और विविधता के एकता कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉ एंड ऑर्डर स्पेशल सीपी दीपेंद्र पाठक ने की।

लौह पुरुष सरदल वल्लभ भाई पटेल की याद के हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसका मकसद राष्ट्रीय एकता और विविधता में एकता का संदेश है। इसका आयोजन कोतवाली इलाके में किया गया, जिसमें उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी, एडिशनल डीसीपी अनिता राय, चंद्र कुमार सेन, नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट एसीपी अक्षत कौशल, प्रज्ञा आनंद एसीपी एसीपी कोतवाली और जिले के पुलिसकर्मी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अंतरजातीय विवाह करने पर व्यक्ति को साले ने मारी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दोस्त के साथ दिया वारदात को अंजाम

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में अंतर-धार्मिक शादी को लेकर 26 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके साले एवं साले के दोस्त ने कथित रूप से गोली मार दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि देवा नामक इस व्यक्ति का यहां एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह आदर्श नगर में एक जिम चलाता है।

पुलिस ने बताया कि देवा पर उसके साले जहांगीरपुर निवासी शाहनवाज उर्फ शहबाज (21) एवं उसके दोस्त हर्षित उर्फ ऋतिक ने हमला किया था। ऋतिक यूपी के बदायूं का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, आधी रात को उसे सूचना मिली कि मॉडल टाउन में शालीमार पार्क के पास एक व्यक्ति सड़क पर पड़ा है और उसे गोली लगी है। तब उसे अस्पताल पहुंचाया गया और उसकी हालत अभी गंभीर है । जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि शाहनवाज, देवा का साला है और तथा हर्षित उसका (शाहनवाज का) दोस्त है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाहनवाज इस बात से नाराज था कि उसकी बहन ने परिवार की इच्छा के विरूद्ध दूसरे समुदाय के लड़के से शादी कर ली, इसलिए उसने साजिश रची और अपने दोस्त को बुला लिया। पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी के अनुसार, जांच में सामने आया कि शाहनवाज एवं ऋतिक ने देवा को गोली मार दी और दोनों वहां से फरार हो गये।

हरियाणा सरकार
GOVT. OF HARYANA
हरियाणा सरकार

हरियाणा दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पारदर्शिता, विकास व हर्ष
5+2
जन सेवा के सात वर्ष

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | @DiprHaryana

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

दंगों में जान बचाने को गलियों की बजाय छतों से होकर निकले

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

बिशन दास चुटानी ने सुनाई बंटवारे की दर्दभरी दास्तां

बंटवारे का दंश झेलकर भारत पहुंचे बिशन दास चुटानी तब समय बहुत अच्छा बीत रहा था। हिन्दू और मुसलमानों में आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना थी। यहां तक कि कई हिन्दू और मुसलमान पगड़ी बदल भाई बन जाते थे। खूब भाईचारा निभाया जाता था। शहरों में तो हिन्दू और मुसलमानों में व्यापार में भी साझे होते थे। जैसे ही भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ तो सब पलट गया।

बिशन दास चुटानी के मुताबिक वे नुतकानी में रहते थे। उनका गांव व दरियाए सिन्धु तुग्यानी का शिकार हो गया था। बर्बाद होने के बाद दूसरी जगह सिन्धु नदी से उचित दूरी तथा सुरक्षित स्थान पर बसाया गया था। उन्हें अच्छी तरह से याद है कि जब 14 अगस्त 1947 को बंटवारा हुआ तो मुसलमानों ने बहुत बड़ा जुलूस निकाला था। उनका घर गांव के चौक पर स्थित था। जुलूस जाते हुए इस चौक पर रुका और वहां पर लड्डू बांटे गये। बिशन दास चुटानी बताते हैं कि उनकी बस्ती में रेडियो किसी घर में नहीं था। दो दिन बासी अखबार पढ़ना पड़ता था। अखबारों में बंटवारे की बातें आने लगी, क्योंकि हिंदुस्तान दो भागों में बंट गया था। अखबारों में हिन्दुओं के पलायन, डाकाजनी, लूटपाट की खबरें आने लगी। दोनों समुदाय एक-दूसरे को शक की

बिशन दास चुटानी।

निगाह से देखने लगे। उनकी बस्ती के सुनार बिरादरी के कुछ परिवारों ने वोहवा जाने की तैयारी की।

छत पर चढ़कर सीढ़ी ऊपर खींच लेते थे

बिशन दास चुटानी का कहना है कि उस रात को उनकी बस्ती पर भी हमला हुआ। लोग छतों पर सोते और सीढ़ी ऊपर खींच लेते। वहां से निकलने के लिए गलियों की बजाए छतों से होकर जाने की योजना बनाई, क्योंकि छतें सबकी मिली हुई होती थी। सभी बुजुर्गों को कपड़ों से बांधकर उतरा गया। इसी प्रकार सभी चावला परिवार के घर पहुंचने में सफल हो गये। रात को चावला परिवार के साथ गुजारी और पुलिस की आमद पर हम बाहर निकले। जानकारी मिली की आधा दर्जन हिन्दुओं का कत्ल हो गया है और बहुत से जख्मी भी हो गए हैं। थानाध्यक्ष वोहवा ने ऐलान किया कि सभी हिन्दू परिवार वहोवा पहुंचे और वहां पर उनकी सुरक्षा की गारंटी लेता हूं। बस्ती छोड़ने का दिन निश्चित हो गया और हम पुलिस की निगरानी में ऊंटों पर बैठकर वहोवा पहुंच गये।

8 नवम्बर 1947 को हिसार पहुंचे

वोहवा में कुछ दिन ठहरने के बाद उन्हें ट्रकों में भरकर डेरा गाजी खान लाया गया। वहां सामान की तलाशी ली गई कि कहीं कोई हथियार तो नहीं है। हर परिवार को केवल एक ट्रंक, एक बिस्तर और बर्तनों की छोटी बोरी ले जाने की इजाजत थी। हिन्दू मिलिट्री के ट्रकों में लादकर मुजफ्फरगढ़ भेजा गया। मुजफ्फरगढ़ से उन्हें रेलगाड़ी ने बिठाकर भारत के लिए रवाना किया गया। गाड़ी 18 नवम्बर 1947 को हिसार पहुंची। इसके बाद वहां से गुरुग्राम पहुंचे। तब से यहां पर ही रह रहे हैं। यहां के निवासी यह समझते थे कि हम लुट पिट कर आये हैं और हम सब भिखारी हो जायेंगे। उनकी धारणा को गलत साबित करते हुए सब विस्थापितों ने यहां खूब परिश्रम किया और खुद को स्थापित किया। सदा मेहनत करके कमाया, खाया। किसी ने भीख नहीं मांगी।

तब कलंदर जट ने किया खतरे से आगाह

बिशन दास चुटानी बताते हैं कि परिवार ने भी उनके साथ मिलकर घर छोड़ने बेहतर समझा। उनके पिताजी ने अपने दोस्त कलंदर जट से कचावे सहित ऊंटों को लाने को कहा, ताकि सब वोहवा पहुंच सकें। निश्चित दिन को कलंदर जट ऊंट न लाकर स्वयं आया और कहा कि हम आज सफर ना करें, क्योंकि बाहर बदमाश आये हुए हैं। उनके पिताजी ने तुरंत यह बात तैयारशुदा बिरादरी को कही, पर वह नहीं माने और वह रवाना हो गये। दिन ढलते-ढलते यह सन्देश मिला कि उन पर कातिलाना हमला हुआ है और लगभग एक दर्जन लोगों को मार दिया गया। उनका सारा सामान लूट लिया गया।

रन फॉर यूनिटी में 200 खिलाड़ियों ने दिया एकता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

डीसीपी ट्रैफिक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

देश की एकता व अखंडता के सूत्रधार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रविवार को यहां नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय रन फॉर युनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रन फॉर युनिटी में मुख्य अतिथि डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र तोमर ने हरी झंडी दिखाकर नेहरू स्टेडियम से दौड़ को रवाना किया। यह दौड़ नेहरू स्टेडियम से तिकोना पार्क, मोर चौक, सोहना चौक, पुरानी तहसील, नेहरू युवा केंद्र हॉस्टल होते हुए वापस यहीं आकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को देश की एकता को अखंड रखने की शपथ भी दिलाई गई। डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र तोमर ने दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों को

गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी में शामिल प्रतिभागी।

संबोधित करते हुए कहा कि भले ही देश की चारों दिशाओं में भाषा, पहनावा व खानपान अलग हो, लेकिन आज भी पूरे विश्व में भारत को इसकी विविधता में एकता के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय केवल सरदार वल्लभ भाई पटेल को जाता है। श्री तोमर ने कहा कि देश आजाद होने के बाद अंग्रेजों ने देश को 550 से ज्यादा रियासतों में बांटने का काम किया था। पूरा देश और दुनिया मानती थी कि भारत को आजादी तो मिली लेकिन भारत बिखर जाएगा। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सभी रियासतों को एकजुट कर देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया।

उन्होंने ने दौड़ में शामिल सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने के साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा कि देश को एक रखने के लिए युवाओं को काम करना है। उन्होंने कहा कि यहां से जो युवा निकलेंगे, वे देश को आगे बढ़ाने और एकजुट रखने में अपना योगदान देंगे। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी जेजी बैनर्जी ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। रन फॉर यूनिटी दौड़ के आयोजन के दौरान कोरोना के दिशा-निर्देशों का विशेष ध्यान रखते हुए केवल 200 खिलाड़ियों को शामिल किया गया था। रन फॉर युनिटी का आयोजन एथलेटिक्स प्रशिक्षक राम निवास व दीपक राठी की देखरेख में किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा आईएस स्केटिंग संघ की महासचिव रश्मि रॉय, जिला खेल कार्यालय गुरुग्राम में कार्यरत हैंडबॉल प्रशिक्षक अशोक दुआ, कोर्फबाल प्रशिक्षक रामपाल, जिमनास्टिक प्रशिक्षक संदीप, वॉलीवाल प्रशिक्षक ललित व हैंडबॉल प्रशिक्षक संदीप सहित अन्य प्रशिक्षक तथा कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

गुरुग्राम: हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या में दिखी सभ्यता, संस्कृति की झलक

गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स में हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह में हरियाणवी नृत्य पेश करते कलाकार।

गुरुग्राम। हरियाणा दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस व दीपावली के त्योहार के रंगों से सजी सांस्कृतिक संध्या का रविवार को गुरुग्रामवासियों ने जमकर लुफ्त उठाया।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर सेक्टर-29 स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स में प्रदेश की सभ्यता व संस्कृति के साथ-साथ आजादी के संघर्ष में योगदान देने वाले वीर शहीदों की गौरव गाथा के अनेक रंग देखने को मिले। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। इस अवसर पर उनके साथ गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी, नगराधीश सिद्धार्थ दहिया तथा सूचना जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान भी उपस्थित रहे।

अधीनस्थ जिम्मेदारी से कानून व्यवस्था बनाएं: एसडीएम

बाजारों में खरीदारी के दौरान सामाजिक दूरी का पालन सुनिश्चित करें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

एसडीएम ने दीपावली के अवसर पर सरकारी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को कर्तव्यनिष्ठा से निभाने के लिए कहा है। बाजारों में खरीदारी के दौरान ग्राहकों की भीड़, जाम की व्यवस्था, अतिक्रमण और आगजनी की घटनाओं पर ध्यान केन्द्रित रखने को कहा गया है। जिससे दीपावली के त्योहार हर किसी का खुशी व्यतीत हो।

सोहना एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग ने स्थानीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों समेत अग्निशमन विभाग, नगर परिषद समेत बिजली निगम अधिकारियों को दीपावली के अवसर पर जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से ड्यूटी निभाने की हिदायतें दी हैं।

एसडीएम सोहना।

बाजारों में खरीदारी के दौरान सामाजिक दूरी का पालन होने लेकर दुकानदारों द्वारा सड़क व आम रास्तों पर अतिक्रमण का अधिक बढ़ावा न करने देने पर जोर दिया है। अतिक्रमण से शहर की सड़कों पर जाम का माहौल बना रहता है। इसके अलावा प्रतिबंधित सामान की बिक्री पर ध्याने के लिए पुलिस प्रशासन को सचेत किया है। इसके अलावा पुलिस को शहर में जाम के हालत न बने। इसके लिए यातायात व्यवस्था से लेकर पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश जारी किए गए है। अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को जाने से रोका जाए।

ऐसा कहना है एसडीएम का

सोहना एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग का कहना है कि दीपावली एक बड़ा त्योहार है। सभी वर्ग और धर्म के लोग इस त्योहार से जुड़े होते हैं। ऐसे में सरकारी विभाग अपनी जिम्मेदारी से कार्य करें। जिससे यह त्योहार खुशियों के साथ मनाया जा सके।

अग्निशमन विभाग बरते सतर्कता

हाल ही में शहर के अंदर दो दिन में आग की हुई तीन वारदातों से सबक लेकर 24 घंटा अग्निशमन विभाग की टीम को मौजूद रहने को कहा गया है। दीपावली के अवसर पर शहर के अंदर आग की लगने की आशंका ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के प्रबंध बनाकर रखे। जिससे आग की होने वाली घटना पर तुरन्त काबू पाया जा सके।

महापंचायत ने दोनों पक्षों से मामले को स्पष्टीकरण मांगा

रविवार को मौहम्मदपुर विवाद को लेकर सोहना ढाणी के राजकीय मिडिल स्कूल परिसर में हुई महापंचायत।

सोहना। मौहम्मदपुर गुर्जर विवाद में महापंचायत ने दोनों पक्षों से मामले को स्पष्टीकरण मांगा है। जिसके लिए 13 नवंबर को फिर से महापंचायत होगी। जिसमें दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी सच्चाई को पेश करेंगे।

रविवार को सोहना ढाणी राजकीय मिडिल स्कूल परिसर में मौहम्मदपुर गुर्जर विवाद में दबंगों द्वारा कमजोर वर्ग के परिवार वालों पर रात के समय में किये जानलेवा हमले को लेकर महापंचायत हुई। जिसकी अध्यक्षयता गांव चहलाका निवासी 75 वर्षीय हाकम ने की। इस महापंचायत में सतबीर पहलवान, मनोज राघव, हरीश नंदा, बलबीर गबदा, हाकम, अनिल कुमार के अलावा तावडू, सोहना, धुनेला, गढ़ी बाजीदपुर, रायसीना, हरियाहेड़ा, घामडौज, अलीपुर, रामनगर, लोहटकी, सिरसका, खेड़ाखलीलपुर समेत अन्य गांवों से आए सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। महापंचायत साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुई और करीब दो घंटा तक चली। वक्ताओं ने महापंचायत में मौजूद दोनों पक्षों के गणमान्य लोगों से पूछताछ की।

कांग्रेस की पोल खोल यात्रा में भाजपा-आप की जनविरोधी नीतियां उजागर

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार जी ने सुखी नगर, निठारी पुल, किराड़ी विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस की सातवीं पोल खोल यात्रा के दौरान भाजपा और आप सरकार की जनविरोधी नितियों को उजागर किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से बात करके वहां की मूलभूत समस्याओं का जायजा लिया और भाजपा व आप पार्टी की सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुऐ कांग्रेस शासन के दौरान जनहितकारी योजनाओं व कांग्रेस द्वारा किए गए जनहितेषी कार्यों को बताया।

चौधरी अनिल कुमार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देश की एकता व अखण्डता और विकास के लिए महान बलिदान दिए और देश के हित के लिए सभी प्रकार के विचारों को समाहित किया। चौधरी अनिल कुमान ने कहा कि भाजपा और आप पार्टी व्यक्तिगत लाभ के लिए कांग्रेस द्वारा स्थापित संस्थानों को नष्ट करने में लगे हुऐ है।

यूजीसी से दृष्टिहीन शिक्षकों का रीडर अलाउंस बढ़ाने की मांग

सातवें वेतन आयोग के अनुसार रीडर अलाउंस दिया जाए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (डीटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन प्रोफेसर डी.पी. सिंह को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय के दृष्टिहीन शिक्षकों (ब्लाइंड टीचर) का रीडर अलाउंस बढ़ाए जाने की मांग की है ।

यूजीसी की ओर से एक साल में 36 हजार रुपये रीडर अलाउंस दिया जाता है यानी प्रति महीने 3 हजार रुपये। वर्तमान में दिया जाने वाला अलाउंस बहुत ही कम है । यह रीडर अलाउंस केवल स्थायी शिक्षकों को ही दिया जाता है जबकि वर्षो से दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में दृष्टिहीन एडहॉक टीचर्स भी पढ़ा रहे है उन्हें भी रीडर अलाउंस दिए जाने की मांग दोहराई है । साथ ही यह रीडर अलाउंस तीन महीने का एक साथ दिया जाए ,अभी अप्रैल से मार्च तक एक साथ अलाउंस दिया जाता है ।

डीटीए के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने यूजीसी चेयरमैन को लिखे पत्र में बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न विभागों व कॉलेजों में लगभग 100 दृष्टिहीन शिक्षक है। इन दृष्टिहीन शिक्षकों को पिछले एक दशक से सालाना रीडर अलाउंस 36 हजार रुपये मिल रहा है जबकि इस अवधि में हर वस्तु की कीमत कई गुणा बढ़ी है ।

उनका कहना है कि सांतवें वेतन आयोग के बाद जहां अतिथि शिक्षक को हर महीने 25 हजार रुपये दिया जाता था लेकिन फरवरी 2019 से अतिथि शिक्षकों का वेतन 25 हजार से ब ?ाकर अधिकतम 50 हजार रुपये किया गया है । लेकिन यूजीसी ने दृष्टिहीन शिक्षकों का रीडर अलाउंस आज तक नहीं बढ़ाया।

उत्तर रेलवे ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

नई दिल्ली। देश की आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर उत्तर रेलवे महान स्वतंत्रता सेनानी भारतरत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मना रहा है।

इस उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आज उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली में एक परेड का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे ने परेड की सलामी ली । महाप्रबंधक ने इस अवसर पर पटेल जी को स्मरण करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आर पी एफ जवानों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे ।

उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से न केवल राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है अपितु इससे देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति की भावना को भी बढ़ावा मिलता है द्य प्रत्येक नागरिक के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना अति महत्वपूर्ण है।

सत्तर फीसदी एसटीपी मानक पर खरा नहीं उतरे

दिल्ली में 20 स्थानों पर स्थित है 35 अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में 35 अपशिष्ट जल शोधन संयंत्रों में 24 संयंत्र अपशिष्ट जल के लिए निर्धारित मानकों पर पिछले एक साल के दौरान खरा नहीं उतर पाये।

दिल्ली में एक दिन में 72 करोड़ गैलन अपशिष्ट जल उत्पन्न होता है। दिल्ली में 20 स्थानों पर स्थित 35 अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (एसटीपी) करीब 59.7 करोड़ गैलन जल का शोधन कर सकते हैं और वे अपनी क्षमता का लगभग 90 प्रतिशत उपयोग कर रहे हैं।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अनुसार, शोधित अपशिष्ट जल में जैविक ऑक्सजीन मांग (बीओडी), कुल निलंबित ठोस (टीएसएस) और कुल नाइट्रोजन की मात्रा प्रति लीटर 10 मिलीग्राम या उससे कम होनी चाहिए।

वहीं, रासायनिक ऑक्सीजन मांग (सीओडी) प्रति लीटर 50 मिलीग्राम से कम और अमोनियाकल नाइट्रोजन तथा फॉस्फेट क्रमशः प्रति लीटर पांच मिलीग्राम से कम और दो मिलीग्राम से कम होनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग जल में घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा है। उच्च बीओडी स्तर का मतलब पानी में सूक्ष्मजीवों का उच्च स्तर है और सीओडी का मतलब रासायनिक रूप से प्रदूषकों को विखंडित करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा है। वैसे संयंत्र, जिन्होंने ज्यादातर समय तय मानदंडों का पालन किया, उनमें ओखला फेज-छह, डॉक्टर सेन नर्सिंग होम नाला, दिल्ली गेट नाला फेज-एक, दिल्ली गेट नाला फेज-दो, चिल्ला, राष्ट्रमंडल खेल गांव, निलोठी फेज-दो और पप्पनकलां फेज-दो शामिल हैं।

पिछले साल अक्टूबर में, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण (डीपीसीसी) की टीम ने 33 एसटीपी के नमूने एकत्र किये थे और उनमें से 23 संयंत्र मानकों का पालन नहीं करते पाए गए। वहीं, नवंबर में 23 और दिसंबर में 22 संयंत्र तय मानकों का पालन नहीं करते पाए गए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस साल जनवरी में 25, फरवरी में 26, मार्च में 24 संयंत्र मानकों पर खरा नहीं उतरे।

कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन की वजह से अप्रैल में जांच के लिए नमूने एकत्र नहीं किए जा सके। वहीं, जून में 22 संयंत्र, जबकि जुलाई में 24, अगस्त में 26 और सितंबर में 26 संयंत्र तय मानक पर खरे नहीं उतरे। एक अधिकारी ने बताया कि कई संयंत्र ऐसे हैं, जिनके पास अद्यतन डीपीसीसी मानकों के अनुसार अपशिष्ट जल को शोधित करने की प्रौद्योगिकी नहीं है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने यमुना को साफ करने के लिए काफी कम काम किया। (मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल नीत सरकार ने इन संयंत्रों को उन्नत करने के लिए परियोजनाएं शुरू की हैं और इसमें लगभग तीन से चार साल का समय लग जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने को कवायद

सोहना की ग्राम पंचायत सरमथला में गंदगी को साफ करते हुए सफाई कर्मी।

सोहना। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। जिससे खंड सोहना का नाम स्वच्छता सर्वेक्षण में 2018 के बाद एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर सके। केन्द्र सरकार के विभाग पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा वर्ष-2021 का स्वच्छता सर्वेक्षण जल्द ही प्रत्येक गांव में किया जाना है। जिसमें गांव के अंदर कूड़ा-करकट, गंदगी, पानी की निकासी, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी की व्यवस्था का जायजा किया जाएगा। जिसके लिए भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय से एक टीम प्रत्येक खंड की ग्राम पंचायत का दौरा करेगी। स्वच्छता सर्वेक्षण के ब्लॉक कोडिनेटर गौरव सिंह ने बताया कि खंड की सभी पंचायतों में मुनादी करके ग्रामीणों को अपने घरों के बाहर व आम रास्ते में गंदगी न फैलने देने के लिए जागरुक हो सके ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी सेंटर, राजकीय स्कूल, चौपाल, प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र पर किसी भी प्रकार से गंदगी न होने देने पर जोर दिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर आने के लिए सरपंच, पंच, ब्लॉक समिति सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, सफाई कर्मियों को स्वच्छता पर ध्यान देने को कहा गया है। जिसको लेकर ग्राम पंचायतों में 25 अक्टूबर से सफाई व्यवस्था पर जोर दे दिया है। गांवों में सफाई व्यवस्था का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

जेल के अंदर हमले में एक कैदी की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के मंडोली जेल में कैदियों के हमले में गंभीर रूप से घायल 39 वर्षीय एक कैदी की अस्पताल में मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंडोली में जेल नंबर 15 में कैदी महेश के ऊपर शुक्रवार दोपहर तीन बजकर 20 मिनट पर उसी वॉर्ड के दो अन्य कैदियों ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया। हमले में महेश के सिर पर गंभीर चोटे आईं और उसे जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। अधिकारी ने बताया कि कैदी की हालत गंभीर बनी हुई थी और शनिवार दोपहर साढ़े बारह बजे उसकी मौत हो गई।

आचार्य नरेन्द्र देव की 132वें जन्मदिवस पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से रविवार को भारतीय समाजसेवा आन्दोलन के जनक आचार्य नरेन्द्र देव जी को उनके जन्मदिवस की 132वीं वर्षगांठ के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापौर मुकेश सुर्यान ने आई.टी.ओके समीप रिंग रोड पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अन्य निगम अधिकारियों ने भी आचार्य नरेन्द्र देव जी कोश्रद्धासुमन अर्पित किये। महापौर मुकेश सुर्यान ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव भारत मां की एक सर्वोत्तम विभूति थे जिनकी विद्वता,समाज-सेवा तथा देशभक्ति से सारा देश परिचित है। वे प्रकाण्ड पण्डित,उत्कृष्ट वक्ता, प्रख्यात अध्येता, बहुभाषाविद् एवं मर्मज्ञ शास्त्रज्ञ थे। उन्होंने कहा कि अपने उत्कृष्ट विचारों, अभिनव चिन्तन औरअनुकरणीय आचरणों द्वारा आचार्य जी ने देश, समाज और मानवता की सेवा की

सीआरपीएफ केंद्र में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

गुरुग्राम। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के परिसर गुरुग्राम में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। यह दिवस हम सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में मनाते हैं, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं एकता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। भारत के प्रथम गृह मंत्री और प्रथम उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरुष का दर्जा प्राप्त था। आज हम जिस विशाल भारत को देखते हैं उसकी कल्पना बिना वल्लभ भाई पटेल के शायद पूरी नहीं हो पाती। सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र गुरुग्राम में रविवार सुबह साईकिल रैली एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों तथा जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक सुनील जून यहां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने साईकिल रैली एवं रन फॉर युनिटी को ध्वज लहराकर रवाना किया। सुनील जून ने भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। तत्पश्चात परेड का आयोजन भी किया गया, जिसमें बल के अधिकारियों व जवानों ने भाग लिया।

मंच पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते आयुष के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आरपी पाराशर।

आयुर्वेद, यूनानी पद्यति से सभी रोगों का इलाज संभव : जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

धनवंतरी व राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन

आईएसएम डॉक्टर्स सेल एवं इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से धनवंतरी जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि आयुर्वेद और यूनानी पद्धतियों में रोगों का संपूर्ण इलाज है और जनता में इन पद्धतियों से इलाज कराने के प्रति रुझान बढ़ा है। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि आयुष चिकित्सकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है ।

इस अवसर पर इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आरपी पाराशर ने आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा देने और चौधरी ब्रह्मप्रकाश आयुर्वेदिक चरक संस्थान के शिक्षकों को नियमित किए जाने की मांग की।

आईएसएम डॉक्टर्स सेल के अध्यक्ष डॉ राहत अली खान ने दिल्ली में स्थित आयुष कॉलेजों में सभी विषयों में एमडी पाठ्यक्रम शुरू करने और क्लिनिकों में बिजली रिहायशी दर पर मुहैया कराने की मांग की। दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर युवराज त्यागी ने आयुर्वेदिक और यूनानी कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग। चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक चरक संस्थान की सलाहकार समिति के सदस्य डॉ अशोक शर्मा ने विभिन्न आयुष संस्थानों में चिकित्सकों के नए पद सृजित कर रोजगार मुहैया कराने की सलाह दी।

मनमानी : रास्ते बंद करने से गर्भवती व मरीज हलकान

सीढ़ियों को बंद करने से गर्भवतियों को हो रही परेशानी

कविता। फरीदाबाद

बीके अस्पताल में बंद प्रसुति कक्ष के निकट मौजूद गेट।

अस्पताल में बंद सीढ़ियों के गेट से वापस लौटते तीमारदार।

बादशाह खान सिविल अस्पताल में अपातकालीन कक्ष के निकट बनी सीढ़ियों का गेट पूरी तरह से बंद कर दिया है। वर्षों पहले यहां बनी सीढ़ियों के तृतीय तल के रास्ते को बंद किया था। अब दो दिन पहले अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रथम तल के गेट को भी बंद का दिया गया।

यदि इस रास्ते से कोई आ जाए तो उसे लौटा दिया जाता है। जिससे गर्भवती महिलाओं को लम्बा चक्कर काटते हुए प्रथम तल पर जाना पड़ रहा है।

बीके अस्पताल में मौजूद अधिकतर रास्तों को मनमाने ढंग से बंद किया गया है। ऐसे में मरीजों व उनके तीमारदारों को लम्बा रास्ता तय करना पड़ रहा है। दो दिन पहले अस्पताल प्रबंधन ने प्रथम तल पर मौजूद प्रसूति कक्ष को आने वाली सीढ़ियों के रास्ते को बंद कर दिया। जिससे गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है।

यह रास्ते कर दिए बंद

अस्पताल प्रबंधन ने अपातकालीन कक्ष के सामने रस्सी बांधकर रास्ता बंद किया था। अस्पताल के पीछे के दरवाजे सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिए गए है। अपातकालीन कक्ष के निकट मौजूद सीढ़ियों का प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल के सभी गेट बंद है। इसी तरह से फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के सामने का रास्ता भी ग्रिल लगाकर बंद कर दिया गया है। रेडक्रास बिल्डिंग के निकट मौजूद गेट को अवकाश वाले दिन बंद रखा जाता है। ऐसे में मुख्यद्वार से ही मरीजों और उनके तीमारदारों को आना पड़ता है। लेकिन अस्पताल के मुख्य गेट पर भीड के कारण उन्हें यहां आने में करीब पांच से दस मिनट का समय लग जाता है। वहीं अस्पताल में जगह-जगह अव्यवस्थित खड़ी गाड़ियों के कारण मरीज ओपीड़ी या अपातकालीन तक आसानी से नहीं पहुंच पाते हैं।

गर्भवती खासी परेशान

बीके अस्पताल में मुख्यद्वार से गर्भवतियों को प्रसव पीड़ा होने पर प्रथम तल पर पहुंचना होता है। लेकिन वहां पहुंचने के लिए उन्हें लम्बा चक्कर काटना पड़ रहा है। अस्पताल में बंद किये गए रास्तों की वजह से उन्हें परेशानियां हो रही है। अस्पताल में आने पर अपातकालीन कक्ष से उन्हें ओपीड़ी के रास्ते से प्रथम तल पर पहुंच कर अपातकालीन कक्ष के ऊपर बने प्रथम तल पर मौजूद प्रसूति कक्ष में पहुंचना पड़ता है। वहीं यदि अपातकालीन कक्ष के निकट मौजूद सीढ़ियों से गर्भवती गलती से प्रथम तल पर पहुंच जाए तो वहां से उन्हें लौटाकर ओपीड़ी के निकट आने वाले रास्तों से आने को कहकर लौटा दिया जा रहा है।

कड़ी सुरक्षा के बीच पहले दिन सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा हुई सम्पन्न

एचएसएससी की हिदायतें पूरी तरह की गई सुनिश्चितः डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस की सिपाही भर्ती पर आयोजित लिखित परीक्षा में परीक्षा देकर आते परीक्षार्थी

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार जिला में आज रविवार को प्रात: कालीन सत्र में हरियाणा पुलिस के पुरूष सिपाही की लिखित परीक्षाओं में परीन्दा पर ना मार सका। परीक्षा केन्द्रों में एचएसएससी की सभी पालनाएं सुनिश्चित की गईं।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में हरियाणा पुलिस के पुरुष सिपाही पद की लिखित परीक्षा के लिए 90 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 24050 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था कोविड-19 वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार की गई है। आज रविवार 31 अक्टूबर को प्रात: कालीन परीक्षा के सत्र में 40.37 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। यानि 9711 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 14339 परीक्षार्थि अनुपस्थित रहे।

जिलाधीश ने बताया कि शनिवार को स्थानीय सेक्टर-12 के कैन्वैशन हाल में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्राजिंट आफिसर, परीक्षा केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षाओं से जुड़े अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए दिशा निर्देश भी दिए गए थे। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर व एक और दो नवम्बर को जिला फरीदाबाद में लिखित परीक्षा के सही संचालन के लिए कि भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले और अनुपस्थित रहने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही करके एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर कमीशन द्वारा जारी कानूनी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी रही और रहेगी। आपको बता दें हरियाणा पुलिस पुरूष सिपाही पदों की लिखित परीक्षा के लिए फरीदाबाद में 90 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए। इस संबंध में, फ्लाइंग आफिसर, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रो के अधीक्षकों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान एडीसी सतबीर मान ओवर आल इंचार्ज है। हरियाणा पुलिस के सिपाही पद लिखित परीक्षा के दौरान एसडीएम को नोडल इंचार्ज होंगे। सीटीएम/जिला राजस्व अधिकारी परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधों के लिए सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में कमीशन की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर उन्हें दिशा निर्देश देंगे और परीक्षा केंद्रों से सम्बंधित समस्याओं का समाधान करवा जा रहा है। परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहे पुलिस टीम के इन्चार्ज आपसी तालमेल से कार्य कर रही हैं। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर कानून व्यवस्था बनाए रख रहे हैं।

परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पंखे, दीवार घड़ी पेयजल, सैनेटाइजर, शौचालय तथा साफ सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखा जा रहा है और सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसी कोई भी परीक्षा सहयोगी सामग्री जो आपत्तिजनक है। उसको केंद्र में अंदर जाने नहीं दिया। स्कूलों के अन्दर वाल पेंटिंग या ब्लैक बोर्ड आदि पर ऐसी सामग्री लिखी गई या पेंटिंग की गई है तो उस पर कागज चस्पा किया गया है।

भारत में दुनिया का सबसे सफल वैक्सीनेशन अभियान

कोरोना वैक्सीनेशन का निरीक्षण करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक कोरोना महामारी की रोकथाम में सरकार की हिदायतों के साथ वैक्सीनेशन सबसे ज्यादा कारगर उपाय है। ऐसे में भारत जल्द से जल्द अपना अभियान पूरा कर लेना चाहता है। ऊर्जा एवं भारी उद्योग केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भारत कॉलोनी में कोरोना वैक्सीनेशन कैम्प के निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दुनिया में कोरोना महामारी की शुरुआत हुए दो साल पूरे होने वाले हैं। इस दौरान बहुत से लोगों को स्वास्थ के दृष्टिगत काफी नुकसान हुआ है, लेकिन भारत में वैक्सीनेशन अभियान तेज होने से लोगों को काफी राहत मिली है। भारत में राज्य व जिला स्तर पर भी तेज गति से वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। हाल ही में इस विषय पर एक अहम उपलब्धि भारत ने हासिल की है। जिसके अंतर्गत देश में अब तक 100 करोड़ से अधिक वैक्शीनेशन लगाए जा चुके हैं, अगला टारगेट जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत 16 जनवरी से हुई थी।

दुनिया का सबसे सफल वैक्सीनेशन अभियान तेजी से चल रहा है। भारत में कोविड-19 वैक्सीन की 100 करोड़ डोज पूरी हो चुकी हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन की डोज से आगे की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत में राज्य व जिला स्तर पर भी तेज गति से वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। हालही में इस विषय पर एक अहम उपलब्धि भारत ने हासिल की है। जिसके अंतर्गत देश में अब तक 100 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं, अगला टारगेट जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

डेंगू के आठ नए मामले और आए सामने

बीके अस्पताल में भर्ती मरीज।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में डेंगू व कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिसके तहत डेंगू के आठ नए मामले रविवार को सामने आए हैं। जिससे डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 237 पर पहुंच गया है।

वहीं रविवार को जिले में कोरोना का एक मरीज सामने आया है। जिससे जिले में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 29 पर पहुंच गया। वहीं रविवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 1252 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1185164 लोगों ने टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99902 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1083784 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1498 लोगों के टेस्ट रिजल्ट आने बाकी हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों के साथ सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों के साथ सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि भारत की स्वाधीनता और उसके पश्चात पूरे भारतवर्ष को अक्षणु भारत बनाने में सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने उपस्थित जनों को विघटनकारी शक्तियों से अपने देश को बचाने का प्रण लेते हुए कहा कि वर्तमान भारतवर्ष को एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने का संकल्प दिलाया। विधायक ने कहा कि इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जो प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरणोत्सव मनाने की एक पहल है। गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के लिए देशभर से लोहा एकत्रित किया गया था और 42 महीनों में 182 मीटर ऊंची विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई गई।

इस अवसर पर रामपाल भारद्वाज, अमित आहूजा, डॉ विपिन शर्मा, सतेंद्र पांडे, गुलशन भारद्वाज, कपिल शर्मा, सुशील सेतिया, गंगा सहाय, अनिल बेनीवाल, मोहित शर्मा, रघुवीर अरोड़ा, शालिनी मंगला, चमन गर्ग, मूलचंद शर्मा, सुभाष दलाल, संजय महेंद्रू, मुरारी लाल गर्ग, नीरज यादव, जनक राज, राजवती, सुरजीत नागर, सतपाल प्रजापति, आनंद स्वरूप, अजय सिंह तथा मुकेश भारद्वाज आदि मुख्य रूप से उपस्थित होकर सरदार पटेल को नमन किया।

सरदार पटेल की जयंती पर ली अखंडता और एकता की शपथ

फरीदाबाद। जैसा की विदित है हर साल 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे भारतवर्ष में मनाई जाती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पूरे भारतवर्ष को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया था। जिसके के उपलक्ष में 31 अक्टूबर-2021 को डीसीपी मुख्यालय डॉ अंशु सिंगला ने पुलिस कार्यालय सेक्टर-21सी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। एकता व अखंडता की शपथ कार्यक्रम में एसीपी शैफुदिन, सुपरिटेंडेंट सुरेंद्र सिंह, एसआई रामकुमार एवं अन्य ब्रांच इंचार्ज और कार्यालय में तैनात कर्मचारी मौजूद थे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने हाथ उठाकर शपथ ली है कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा।

पटाखे बेचने और चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

किसी भी समय अवधि के लिए किसी प्रकार की छूट नहीं है

सीपी।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट एवं एनजीटी और हरियाणा डिजास्टर मैनेजमेंट चेयर पर्सन के आदेश की पालना में पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने थाना प्रबंधक एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि पटाखें बेचने और चलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

माना जाता है कि जब भगवान श्री राम, रावण को हराकर चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे तो नगरवासियों ने खुशी से उनके स्वागत में पूरे अयोध्या को दीप जलाकर रोशनी से सजा दिया और तब से ही भारतवर्ष में दिवाली के त्योहार का चलन शुरू होना माना जाता है। जैसा की नाम से ही विधित है कि दिवाली दीपों का त्योहार है इस दिन सभी लोग अपने अपने घरों में दीप जलाकर रोशनी करते हैं। यह त्यौहार 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' को दर्शाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष उल्लास के साथ दिवाली का त्यौहार मनाते हैं वहीं दिवाली के अवसर पर कुछ लोग पटाखे चलाकर आतिशबाजी कर त्यौहार मनाते हैं। पटाखे चलाकर खुशियां मनाना/ जाहिर करना एक पुरानी परंपरा प्रचलन में रही है उस समय में किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं होता था, वातावरण शुद्ध था लोग स्वास्थ्य थे बीमारियां नाम मात्र की होती थी।

समय ने करवट बदली हम आधुनिक हो गए, बढ़ते शहरीकरण और पेड़ों की कटाई ने, बढ़ते उद्योग एवं वाहनों से निकलते धुवां ने प्रदूषण को बढ़ा दिया और वातावरण से शुद्ध हवा गायब होती चली गई और इस आधुनिक युग में कई प्रकार की बीमारियां बढ़ती चली गई।

एनसीआर की औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में एयर क्वालिटी को देखते हुए स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी हरियाणा ने एक्शन लेते हुए आदेश जारी किए हैं, जिसके मद्देनजर फरीदाबाद शहर में किसी भी प्रकार के पटाखे बेचने और चलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। आदेश अनुसार फरीदाबाद शहर के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगते हुए और भी हरियाणा के कई जिलों में पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने साफ तौर पर कहा है कि जो कोई भी पुलिस के आदेशों की अवहेलना करेगा फरीदाबाद पुलिस उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करेंगी। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि कोरोनावायरस महामारी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

पटाखों से निकलने वाले धुएं से हवा खराब हो जाती है। कोरोनावायरस और प्रदूषण के चलते सांस के मरीजों को सांस लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है अत: आप, अपने और आसपास रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, दिए जलाकर दिवाली का त्यौहार मनाएं और खुशियां बांटे। सामाजिक सौहार्द खराब करने वालो एवं आदेश की उल्लंघना करने वालो की सूचना 112 या अपने नजदीकी थाने मे करें।

छठीं वुशु प्रतियोगिता 2021 का किया आयोजन

सेक्टर-9 स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देते अतिथि। साथ मौजूद हैं अन्य लोग।

फरीदाबाद। वुशु अमेचर एसोसिएशन ऑफ फरीदाबाद द्वारा छठीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता 2021 का आयोजन डिवाइन पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में कराया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल एवं एकेडिमयों से लगभग 150 से ज्यादा खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में सब जूनियर ब्वॉय 20 कि.ग्रा. भार वर्ग में सार्थक शर्मा ने गोल्ड मैडल कार्तिक ने सिल्वर मैडल व गौरव व माया कुमार ने ब्रांज मैडल प्राप्त किया। 24 किग्रां.भार वर्ग में बीर वाधवा ने गोल्ड व अयान चौधरी ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया। 28 कि ग्रा भार में विशांत भाटी ने गोल्ड, तेजस गोयल ने सिल्वर तथा अंशित गर्ग व अंश कालडा ने ब्रांस मैडल प्राप्त किया। लडको में सब जुनियर 48 कि ग्रां भार वर्ग में दक्ष ने गोल्ड, अथर्व भारद्वाज ने सिल्वर व हर्ष चौहान ने ब्रांस मैडल प्राप्त किया।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया कार्यक्रम शुभारम्भ

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंगला में हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर हुडा केन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, विधायक राजेश नागर, विधायक सीमा त्रिखा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, आरएसएस से गंगाशंकर मिश्र, के अलावा जिला उपायुक्त और जिला प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद। दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम और देशभक्ति के गीतों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत गई।

जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

फरीदाबाद। जिला रोलर स्केटिंग संघ, फरीदाबाद द्वारा आयोजित कराई जा रही दो दिवसीय 34वीं जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन समारोह पर स्केटिंग के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अंजुम अहमद तथा मनजीत बाजवा द्वारा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होकर विजेता खिलाड़ियों को अपना आर्शीवाद एवं पारितोषिक वितरण किया गया। जिला रोलरस्केटिंग संघ के प्रधान विराट सरीन, सचिव अमित आहूजा, जोन डेविड स्केटिंग प्रशिक्षक द्वारा मुख्यातिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्यातिथि, जिला रोलरस्केटिंग संघ के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं तकनीकी स्टाफ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी स्व. खुशबू सैनी तथा जिला रोलरस्केटिंग संघ के पूर्व प्रधान एलएस बाजवा जिनका कोराना के चलते आकस्मिक देहांत हो गया था, के फोटो पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत कार्यक्रम का आरंभ करते हुंए अंजुम अहमद द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरित करते हुए उन्हे बधाई दी गई और राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिला फरीदाबाद एवं संघ का नाम रोशन करने का आहवान किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन मे स्केटिंग के सीनियर खिलाड़ी अमित निगम, डा. रमाकान्त गुप्ता, अंतरिक्ष मंगला तथा प्रदीप भाटी, गौरव, अमित, जितेन्द्र आदि ने सहयोग किया।

रोजगार मेलों से युवाओं को मिलेंगे अवसर : नागर

साई धाम मंदिर में हुए रोजगार मेला में तिगांव के विधायक का स्वागत करते लोग।

फरीदाबाद। रोजगार मेलों का आयोजन समाज के लिए बहुत योगदान देता है। इन मेलों में युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होते हैं। इन मेलों का आयोजन करने वाले वास्तव में बधाई के पात्र हैं। हम भी तिगांव क्षेत्र में इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन करेंगे। यह बात तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने सेक्टर 86 स्थित शिरडी साईं मंदिर में रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए कही। इस मेले का संयोजन स्थानीय पार्षद नरेश नंबरदार ने किया था। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मेले का आयोजन वास्तव में युवाओं को नई रोशनी देने का काम कर रहा है। इस कार्य में जिन लोगों ने सहयोग किया है। वास्तव में मैं स्वयं भी उनका धन्यवाद करता हूं। युवाओं को रोजगार देना बहुत ही पुण्य का भी काम है। नागर ने कहा कि हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने पिछली किसी भी सरकार से अधिक रोजगार दिए हैं। जल्द ही इस बारे में हम युवाओं को आमंत्रित करेंगे। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर करीब दो दर्जन से अधिक कंपनियों ने युवाओं को नए अवसर प्रदान किए। इसमें उन्हें डीसी रेट से अधिक का वेतन ऑफर किया गया है। इस अवसर पर साईं मंदिर के चेयरमैन मोतीलाल गुप्ता, भाजपा एससी एसटी मोर्चा के जिला प्रभारी योगेश तंवर, बाल किशन पांडे, अमित कुमार, जगदीश कुमार, शिवकुमार सरपंच, मुकेश शर्मा, अजब चंदीला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

रक्तदाता सही मायनों में एक सच्चा सेवक और हीरो

फरीदाबाद। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन ने स्व. सुशील गुप्ता व स्व. विनय कुमार की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन बल्लभगढ़ की सिंगला धर्मशाला में किया। इस मौके पर तिगांव विधायक राजेश नागर, पार्षद दीपक यादव, आईएमए अध्यक्षा एवं क्लब की प्रथम महिला डॉ.पुनीता हसीजा, क्लब के चार्टड प्रेसीडेंट जेपी मल्होत्रा, प्रधान ललित हसीजा, सचिव सचिन जैन, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, क्लब के बोर्ड मेम्बर एचएस मलिक मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि रक्तदाता सही मायनों में एक सच्चा सेवक और एक हीरो के समान होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना सबसे पुनीत कार्य है। रक्तदान एक ऐसा जनहित का कार्य है, जोकि सौ पुण्यों के बराबर माना जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान देने वाले व्यक्ति को यह भी पता नहीं होता कि उनके द्वारा दिया गया रक्त किस जरूरतमंद को चढ़ाया जाएगा। प्रधान ललित हसीजा ने कहा कि यह एक ऐसा दान है जो कि सही अर्थों में सबसे फलदायक है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई दान नहीं है।

बलिदान दिवस के रूप में मनाई इंदिरागांधी की पुण्यतिथि

गाजियाबाद। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को जिले में महानगर के कांग्रेसियों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने जहां इंदिरा गांधी के बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया वही उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महानगर कांग्रेस ने नंद ग्राम मलिन बस्ती में जाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को जूते और चप्पल वितरित किए। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी के नेतृत्व में अनेक कांग्रेसी नंद ग्राम वार्ड 14 में पहुंचे और वहां मलिन बस्ती में गरीबों को जूते चप्पल और वस्त्र वितरित किए। प्रदेश सचिव कामेश रत्न ने नेा इंदिरा गांधी के बताए रास्तों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद विनोद कुमार, माया देवी आदि उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष बिजेंदर यादव की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी। इस मौके पर कांग्रेस के उपाध्यक्ष अमोल वशिष्ठ, मोहम्मद हनीफ चीनी समेत तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे।

दीपावली मेला में दिखी रौनक

हापुड़। सूबे की सरकार द्वारा प्रदेशभर में आयोजित दीपावली मेला हापुड में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व ईओ की देखरेख में लगाया गया है। जिसको सफल बनाने के लिए नगर पालिका दमखम से जुटी हुई है। बता दें कि हापुड नगर के दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में दीपावली मेले का आयोजन 4 नवंबर तक नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण जनपद के नोडल अधिकारी मेरठ मंडल आयुक्त सुरेंद्र सिंह व जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उदय सिंह व अपर जिलाधिकारी श्रद्धा शांडिल्यायन ने शरू में ही किया गया था। रामलीला मैदान में लगाए जा रहे दीपावली मेले की तैयारी का भी अवलोकन किया गया। मेले में नाट्य रूपांतरण, नृत्य, स्टाल, झूले, दुकानों आदि का आयोजन पालिका की तरफ से निशुल्क किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हापुड प्रफुल्ल सारस्वत ने नगर की जनता से मेले में आकर लुफ्त उठाने, खरीदारी व सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने की अपील की।

विधिक चुनौती

यूएपीए का अतिशय प्रयोग

यूएपीए के राज्य द्वारा अत्यधिक प्रयोग को लगातार विधिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। न्यायपालिका का कठोर अवैध गतिविधियां निवारक कानून, 1967-यूएपीए के मनमाने प्रयोग के खिलाफ दबाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है। राज्य में किसी को आतंकवादी बता कर उसकी गिरफ्तारी यूएपीए में करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 से माओवादी संपर्कों के आरोप में यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार केरल के एक नौजवान को जमानत देते हुए कहा कि केवल किसी आतंकी संगठन से निकटता या उसका समर्थन अपराध सिद्ध करने के लिए 'काफी नहीं' है। अदालत ने कहा कि 'आतंकी संगठन की गविविधियां आगे बढ़ाने का इरादा' गायब है। इस मामले में भाकपा-माले माओवादी से संबंध का आरोप लगाया गया था। पहले इस मामले में एनआईए अदालत ने आरोपी को जमानत दी थी और उसने बाद में कहा कि आरोपपत्र में उसके खिलाफ 'इरादे' का कोई प्रथमदृष्टया प्रमाण नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि जमानत खारिज करने वाले उच्च न्यायालय ने प्रथमदृष्टया इसके पीछे कारण का उल्लेख नहीं किया है। यूएपीए मामलों में जमानत देना एक जटिल मामला है क्योंकि अदालत को स्वयं को संतुष्ट करना पड़ता है कि आरोपी के खिलाफ आतंकवाद के आरोप का कोई तार्किक आधार नहीं है तथा यह प्रथमदृष्टया सच नहीं है। इस मामले में एनआईए अदालत तथा सर्वोच्च न्यायालय, दोनों इस नतीजे पर पहुंची थीं। लेकिन अक्सर ऐसा नतीजा नहीं निकलता है। अभियोजन व बचाव पक्ष द्वारा प्रमाणों के बारे में दिए तर्क से जज का विश्लेषण पहले चरण पर प्रभावित होता है। हालांकि, इसकी संभावना यूएपीए मामलों के बजाय दीवानी मामलों में अधिक होती है क्योंकि वहां प्रमाण अधिकांशत: दस्तावेज आधारित होते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में एक फैसले में कहा था कि अदालत जमानत के दृष्टिकोण से प्रमाणों की स्वीकार्यता पर गौर करते या उनकी जांच करते समय मामले के गुण दोष पर विचार नहीं कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप अधिकांश मामलों में जमानत नहीं दी जाती है। वृद्ध तथा बीमार स्टैनस्वामी के मामले में भागने का कोई जोखिम लगभग नहीं था, पर अदालत ने अपनी शक्तियों का प्रयोग कर उनके खिलाफ काफी नियंत्रण लगाए थे और उनको जमानत भी नहीं दी थी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती थी कि अदालत को उनके खिलाफ कोई प्रथमदृष्टया मामला मिला होगा। ऐसे मामलें में न्यायिक सक्रियता को जून में धक्का लगा था जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने तीन छात्र एक्टिविस्टों को इस आधार पर जमानत दी थी कि भड़काऊ भाषणों व सड़क जाम कने की तरह विरोध प्रदर्शन यूएपीए के अंतर्गत आतंकी गतिविधि नहीं है। अदालत ने वाट्सएप संदेशों तथा बाद में 'वादामाफ' बनने वाले गवाहों के बयानों के आधार पर बनाए अभियोजन के मामले को स्वीकार नहीं किया था। उसने कहा था कि सामान्य विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कानूनों को नहीं लागू किया जाना चाहिए क्योंकि इनसे सामान्य दंडात्मक कानूनों के अंतर्गत निपटा जा सकता है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय को पूर्व उदाहरण की तरह नहीं लिया, पर उसने उच्च न्यायालय के जमानत आदेश में हस्तक्षेप भी नहीं किया था। अदालत ने ठीक ही कहा था कि मामले के 'अखिल भारतीय प्रभाव' हो सकते हैं और इसे 'पूरे देश की भलाई के लिए शामिल अनेक सवालों पर निर्णय' में शामिल किया जाना चाहिए। अब तक न्यायपालिका ने यह सुनिश्चित करने में संयम बरता है कि मनमाने ढंग से कठोर प्राविधानों के प्रयोग के मामलों में आरोपी को जमानत दी जाए। लेकिन अब यह दृष्टिकोण बदल रहा है। समय आ गया है कि संदिग्ध अभियोजनों के मामले में राज्य द्वारा ज्यादा कठोर मानक प्रयोग किए जाएं तथा उसे इसके लिए जवाबदेह भी ठहराया जाए।

आसान नहीं अफगान सरकार का रास्ता

सवाल है कि क्या अत्यधिक विभाजित तालिबान एक व्यवस्थित सरकार दे सकता है क्योंकि अगस्त-सितंबर के बाद उसके गुटों में झगड़े खासतौर से बढ़े हैं?

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

क्या तालिबान अफगानिस्तान में स्थायित्व तथा शांति प्रदान कर सकते हैं? उनके भीतर व्याप्त गहरे मतभेद अब स्पष्ट हो रहे हैं और ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है। एक समय था जब अमीरुल मोमिनीन या सर्वोच्च कमांडर मुहम्मद उमर के शब्द तालिबान के लिए कानून थे। लेकिन 2015 में गठित इस्लामवादी मिलिशिया में अनेक गुट थे। उस समय इसकी स्थापना मुल्ला उमर ने की थी जिनका 13 अप्रैल, 2013 को निधन हो गया था। लेकिन यह तथ्य गोपनीय रखा गया तथा उनके नाम पर मुल्ला अख्तार मंसूर संगठन चलाते रहे। उनको जुलाई, 2015 में उमर का वारिस घोषित किया गया था, पर 21 मई, 2016 को अमेरिकी ड्रोन के एक हमले में उनकी भी मौत हो गई। इसके बाद शेख हैबतुल्ला अखुंदजादा को अमीरुल मोमिनीन बनाया गया।

15 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर कब्जा करने के बाद सरकार गठन में लगातार गुटों के बीच तेज टकराव बाधा बना। इसका पहला संकेत यह तथ्य था कि तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने 7 सितंबर, 2021 को केवल 33 मंत्रियों वाली कामचलाऊ सरकार की घोषणा की। मंत्रिमंडल में पदों पर साझेदारी के मामले में उभरे टकरावों के कारण यह देरी हुई थी जो तीन सप्ताह से ज्यादा समय से जारी थी। यह तर्क किसी के गले नहीं उतरा कि तालिबान मंत्रिमंडलीय पदों के विभाजन के लिए तैयार नहीं थे क्योंकि उनको अनुमानित समय से बहुत जल्दी ही विजय मिल गई थी। अमेरिका के साथ उन्होंने 29 फरवरी, 2021 को शांति संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जबकि उस समय वे आक्रामक रूप से अपने कब्जे का विस्तार कर रहे थे तथा अफगानिस्तान में जमीनी स्तर पर व्यापक मतभेद दिख रहे थे। इस घटनाक्रम ने व्यापक रूप से चाहे अनचाहे अफगानिस्तान में उनकी विजय का रास्ता साफ किया था जो बहुत दूर नहीं दिख रही थी। यह एक तथ्य है। इसके साथ ही उनको अपनी विजय के बारे में पूर्ण विश्वास भी था। इसे देखते हुए क्या उनको सरकार बनाने का ब्लूप्रिंट पहले से नहीं बना लेना चाहिए था जिसमें संभावित मंत्रियों के नाम भी शामिल थे। ऐसा खासकर उस स्थिति में भी स्वाभाविक था जब पाकिस्तान उनको नियमित रूप से सलाह व निर्देशन दे रहा था।

अब यह स्पष्ट हो गया है कि तालिबान के पास भावी मंत्रियों की न कोई सूची थी और न सरकार गठन के लिए उसके पास कोई ब्लूप्रिंट था। इसका कारण तालिबान के विभिन्न गुटों के बीच लगातार जारी टकराव था। इस टकराव में मुख्य भूमिका मुल्ला गनी बरादर के नेतृत्व वाला गुट निभा रहा था जिसका कंधार में प्रभुत्व था। इसके अलावा पकटिया के हक्कानी परिवार के नेतृत्व वाला गुट सक्रिय था जिसका पाकिस्तानी सीमा के निकट पूर्वी अफगानिस्तान के पकटिया व खोस्त प्रांतों तथा उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान में भी प्रभाव था। पूरे मामले की मीडिया कवरेज तथा घटनाक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। चौबीसों घंटे व सातों दिन प्रसारण करने वाले अफगान खबरिया चैनल टोलो न्यूज़ ने 3 सितंबर, 2021 को कहा था कि तालिबान के सह-संस्थापक तथा दोहा में इस्लामवादी मिलिशिया के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख मुल्ला अब्दुल गनी बरादर अफगानिस्तान में भावी सरकार का नेतृत्व करेंगे। यह भी कहा गया था कि तालिबान के सह-संस्थापक तथा मुल्ला मुहम्मद उमर के बेटे मुल्ला मुहम्मद याकूब तथा शेर मुहम्मद अब्बास स्टैनेकजई को सरकार में वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया जाएगा।

बरादर गुट चाहता है कि अफगान सरकार समावेशी हो तथा मानवाधिकारों व खासकर महिलाओं के संबंध में उसका दृष्टिकोण मध्यमार्गी हो। लेकिन हक्कानी गुट इन मामलों में कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाने का समर्थक है। इस कारण तालिबान के बीच अविश्वास तथा टकराव और बढ़ने की आशंका है।

लेकिन बाद में पता चला कि मुल्ला अब्दुल गनी बरादर के बजाय मुल्ला मुहम्मद हसन अखुंद 7 सितंबर, 2021 को तालिबान की 'कामचलाऊ' सरकार के मुखिया बनेंगे। मुल्ला बरादर को उनका सहायक बनाया गया। इसके साथ ही वार्ताकार टीम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उज्बेक सदस्य मौलवी अब्दुल सलाम हनफी को भी सहायक बनाया गया। मुल्ला मुहम्मद याकूब को रक्षा मंत्रालय तथा स्टैनेकजई को उप विदेश मंत्री का पद दिया गया। इसके साथ ही अफगान-अमेरिकन दोहा शांति वार्ता में वार्ताकार अमीर खान मुतक्की को विदेश मंत्री बनाया गया। हक्कानी नेटवर्क के संस्थापक जलालुद्दीन हक्कानी के बेटे सिराजुद्दीन हक्कानी को आंतरिक मंत्रालय का प्रमुख पद दिया गया, जबकि मुल्ला हिदायतुल्ला बदरी को वित्त मंत्री तथा शेख मौलवी नूरुल्ला मुनीर व मुल्ला खैरुल्ला खैरख्वाह को शिक्षा तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय दिए गए। कामचलाऊ सरकार होने के कारण ये सभी अपने पदों पर पूर्व-निर्धारित भावना के अनुसार 'काम कर रहे' थे। कहा गया था कि शेख हैबतुल्ला अखुंदजादा सर्वोच्च नेता बने रहेंगे। इसका अर्थ था कि वे समूह के राजनीतिक, धार्मिक व सैनिक मामलों में सर्वोच्च अधिकारी बने रहेंगे। 2016 से वे यही भूमिका निभा रहे थे। 19 अक्टूबर को कामचलाऊ सरकार को विस्तार दिया गया जिससे कैबिनेट मंत्रियों की संख्या बढ़ कर 50 हो गई। यह भी बरादर तथा हक्कानी गुटों के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रयास था। उस समय संभावना थी कि मुल्ला मुहम्मद इब्राहीम को आंतरिक सुरक्षा का उप-मंत्री बनाया जाएगा। यह बरादर गुट के लिए एक सांत्वना देने वाला कदम समझा जाता था जिससे उनका संबंध था। यह फैसला सिराजुद्दीन हक्कारी को आंतरिक मंत्री बनाने के बाद किया गया था।

लेकिन इसके बावजूद गुटों में टकराव के और ज्यादा स्पष्ट संकेत भी सामने आए। 3 सितंबर, 2021 को मुल्ला बरादर के घायल होने की खबरें आईं जब उसके समर्थकों तथा हक्कानी नेटवर्क के बीच काबुल में झड़प हो गई थी। बताया गया था कि खलीलुल रहमान हक्कानी ने उन पर हमला किया था। इस घटना के बाद बरादर गायब हो गए जिससे आशंका पैदा हुई कि वे संभवत: झगड़े में मारे गए। लेकिन 13 सितंबर को उनके द्वारा जारी बयान से यह आशंका निर्मूल सिद्ध हुई। वे अक्टूबर में काबुल लौट आए। लेकिन खबरें थीं कि उन्होंने आधिकारिक दायित्व लेने से इनकार किया तथा वे कंधार से अपने व्यक्तिगत सुरक्षा कर्मचारियों को भी लाए। इससे स्पष्ट होता है कि हक्कानी नेटवर्क तथा उनके बीच अविश्वास और टकराव कितना गहरा है। बरादर गुट चाहता है कि अफगान सरकार समावेशी हो तथा मानवाधिकारों व खासकर महिलाओं के संबंध में उसका दृष्टिकोण मध्यमार्गी हो। लेकिन हक्कानी गुट इन मामलों में कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाने का समर्थक है। इस कारण तालिबान के बीच अविश्वास तथा टकराव और बढ़ने की आशंका है। यदि अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था की बदहाली ऐसी ही बनी रही तो आरोपों-प्रत्यारोपों में और तेजी आएगी। इसके साथ ही इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत की तरह आतंकी समूहों के बीच हिंसक टकरावों की संभावना भी है। इसे देखते हुए भविष्य में अफगान सरकार का रास्ता आसान नहीं नजर आता है।

कॉप-26 से ज्यादा उम्मीद नहीं

हर पांच साल के अंतराल पर होने वाला विश्व जलवायु सम्मेलन जलवायु विभीषिका को दूर रखने का रास्ता तलाशता है।

गुड्रन डायर
(लेखिक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव अंटोनियो गुटरेस ने कहा है कि 'दुनिया 2.7 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान बढ़ने के विनाशकारी रास्ते पर बढ़ रही है। ऐसे में काप 26 के विफल होने का खतरा बहुत गंभीर होगा।' हर पांच साल पर होने वाला विश्व जलवायु सम्मेलन इस जलवायु विभीषिका को दूर रखने का रास्ता तलाशता है। इसकी स्थिति अच्छी नहीं लग रही है। 30 अक्टूबर से शुरू होने वाला ग्लासगो में शुरू होने वाला काप-26 सम्मेलन में पहले ही ऐसा हो चुका है जो नहीं होना चाहिए। वैश्विक महामारी के कारण प्रारूप का पाठ आधा-अधूरा है। आयोजन मे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन भाग नहीं लेंगे। यह बैठक वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से कम रखने का अंतिम अवसर है। 2015 में आयोजित पिछले सम्मेलन ने यह लक्ष्य निर्धारित किया था। लेकिन पेरिस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 2030 तक कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन में 45 प्रतिशत कमी करनी होगी। यदि हम अपने अस्तित्व के लिए आपातकाल की गंभीरता को समझें तो यह लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नहीं है, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि हम कभी वैश्विक उत्सर्जन घटाने की स्थिति में नहीं आ पाए। संरा. के एक अधिकारी ने स्वीकार किया, 'हम 45 प्रतिशत कमी नहीं कर पाएंगे। लेकिन उत्सर्जन घटाने के लिए एक स्तर का सहयोग जरूर दिखना चाहिए।' सवाल यह है कि अत्यधिक शिक्षित, सूचनाओं से अच्छी तरह लैस तथा अधिकांशत: अच्छे इरादों वाले लोगों का यह सम्मेलन ऐसा व्यवहार क्यों करता है? वे दुष्ट लोग नहीं हैं, पर उनमें से अधिकांश सच्चाई जानते हैं। वे अपने नेतृत्व वाली जनता से बहुत आगे नहीं निकल सकते हैं। हर देश में बहुसंख्य

नागरिकों को वैश्विक तापमान वृद्धि की चिन्ता है, लेकिन नाटकीय परिवर्तन संभव नहीं हैं क्योंकि यह उनके अभी 'दर्द की पराकाष्ठा' तक नहीं पहुंचा है। वियतनाम में अमेरिकन युद्ध के समय इस वाक्य ने अपने राजनीतिक मायने प्राप्त किए थे। उस समय विचार यह था कि धीरे-धीरे अमेरिकन बमबारी अभियान में तेजी लाने से उत्तर वियतनाम की सरकार उस समय शक्ति से देश के एकीकरण प्रयास धीमे कर देगी जब उत्तर वियतनाम 'दर्द की पराकाष्ठा' तक पहुंच जाएगा। 'आपरेशन रोलिंग थंडर' तीन साल चला, पर यह कभी हनोई सरकार में दर्द की पराकाष्ठा नहीं पैदा कर सका। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार से मौसम खराब होने से लोगों और उनकी संपत्ति को नुकसान इस सीमा तक नहीं पहुंचा है कि वह दर्द की पराकाष्ठा बन जाए। हालांकि कुछ निचले टापू वाले देशों में यह स्थिति पैदा हुई है जो पहले से ही पानी के नीचे डूबने लगे हैं। वर्तमान गति से चलते हुए हम 2029 या 2030 तक अनिवार्य रूप से 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान वृद्धि करेंगे। लेकिन कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन का तात्कालिक प्रभाव इतना गंभीर नहीं होगा कि वह बहुत बड़ी संख्या में लोगों को कार्रवाई के लिए मजबूर कर दे।

क्या ऐसे में हमें उस समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए जब गरमी के कारण हमारा दर्द पराकाष्ठा तक पहुंच जाए? वर्तमान स्थिति में सर्वोत्तम रास्ता वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा है। इसके समर्थकों ने वादा किया है कि वे 2030 तक मीथेन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत कमी कर देंगे। अब तक मीथेन दो तिहाई गरमी की जिम्मेदार रही है, पर दो कारणों से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। यह वातावरण में कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में बहुत कम समय तक रहती है। यह समय 200 की तुलना में आठ साल है, अत: उत्सर्जन में कटौती के त्वरित नतीजे सामने आएंगे। मीथेन का उत्सर्जन रोकना सस्ता व जल्दी मिलने वाला नतीजा हो सकता है। इसके लिए फासिल ईंधन उद्योग पर लगाम लगानी होगी। अनावश्यक गैस उपभोग पर लगाम लगाने से 3 मिलियन किलोमीटर गैस पाइपलाइनों या उनमें 30 प्रतिशत कमी करनी होगी। इसके साथ ही यह व्यावहारिक कदम स्वयं लाभ दिखाएगा क्योंकि आप अब तक बचाई गई मीथेन का उपयोग कर रहे होंगे। हालांकि, इससे भी कार्बन डाईआक्साइड पैदा होगी, पर हमें 200 साल की समस्या से निपटने के समाधान तलाशने का समय मिल जाएगा।

लगभग चालीस देशों ने पहले ही मीथेन प्रतिज्ञा स्वीकार कर ली है। हम ऐसे में 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तापमान वृद्धि का लक्ष्य 2030 तक ले जा सकते हैं। इस बीच कुछ और चीजें भी सामने आ सकती हैं। शायद डूबते को तिनकों का सहारा ही बेहतर विकल्प हो सकता है।

आप की बात

असली हीरो कौन?

आर्यन खान बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान का बेटा हैं। इसलिए मुंबई में क्रूज पर मिले ड्रग्स का मामला आर्यन खान की गिरफ्तारी के बाद से चर्चा में रहा। ऐसा कोई दिन नहीं था, इस मामले की खबर टीवी और प्रिंट मीडिया में नहीं है। जब न्यूज चैनल शुरू किया जाता, तो आर्यन खान की ही खबरें चलती थीं। यह क्या है? बॉलीवुड से जुड़े किसी अभिनेता या अभिनेत्री के साथ जुड़ा कोई भी मामला हो उसे बहुत प्रसिद्धी मिलती है। इसका यह एक उदहारण है। बॉलीवुड में डेब्यू करने से पहले ही वह सुर्खियों में आया। जो भी मामला हो। इसे कितनी बार दिखाना है? इस पर विचार हों। देश के सामने और भी कई गंभीर सवाल हैं। जो लोगों को परेशान करते है। आर्यन खान के आर्थर रोड जेल से रिहा होने से लेकर मन्नत बंगले पहुंचने तक के हर पल को दिखाया गया। मन्नत के बाहर, प्रशंसकों द्वारा ढोल बजाये गए, पटाखे बजाए गए और आर्यन के समर्थन ने नारे भी लगाए। इसे भी प्रसिद्धी मिली। इसकी क्या जरूरत है? इसका लोगों के लिए क्या फायदा है? उन्होंने क्या बहादुरी दिखाई है कि गिरफ्तारी से लेकर घर वापसी तक उन्हें खूब पब्लिसिटी मिली? आर्यन घर आया, क्या इसका मतलब यह है कि देश की सभी समस्याओं का समाधान हो गया है?

– **जयेश राणे**, मुंबई

मोदी का संदेश

जी-20 के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने जो संदेश दिया वह विश्व भर के लिए एक महत्वपूर्ण बात कहलाता है। वन अर्थ-वन हेल्थ के नाम से उनका संदेश विश्व की समस्त आबादी के लिए एक व्यापक संदेश ही कहा जाएगा। कोरोना के समय भारत देश द्वारा विश्व के अधिकांश प्रमुख देशों को मात भारत की तरफ से जिस तरह से मदद दी गई थी वह उल्लेखनीय है।उनका कहना था कि भारत अगले साल के अंत तक दुनिया को कोरोना से जंग लड़ने के लिए 5 अरब से भी अधिक वेक्सीन की उपलब्धता के लिए उसके उत्पादन को तैयार है।भारत ने कोरोना के आरंभिक दिनों में जिस तरह से हर छोटे-बड़े राष्ट्र की मदद किया था अत: वह आगे भी जारी रखेगा यह आठवां ह्20 शिखर सम्मेलन है अत: इसमें हमारे देश का काफी सम्मान बढ़ा है एवं इस सम्मान को अपने लिए अपने देश के लिए ग्रहण किया नरेंद्र मोदी ने अत: कह सकते हैं कि हमारे देश की विदेश नीति के क्षेत्र में प्रधानमंत्री काफी योगदान है आज ना केवल एशिया बल्कि विश्वभर में भारत की काफी साख बढ़ी है। आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड कोई भी बड़ा देश है सभी देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को मजबूती से कायम करने का प्रयास किया है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

चीन की हैवानियत

देश दुनिया मे कोरोना संक्रमण महामारी फैलाने वाला चीन कहि देशो के आंख की किरकिरी तो बना है। परन्तु इस देश का हैवानियत भरी करतूतों का खेल भी इंसानियत व मानवता पर कलंक साबित हो रहा है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर चीन के शिनजियांग क्षेत्र में बंधक 15 लाख से ज्यादा उइगरों , जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यक हैवानियत के शिकार हो रहे है। संरा मानवाधिकार आयोग ने ड्रेगन को असलियत से रूबरू कराया। समझ से परे लगता है कि इस देश की फितरत क्या है। वंहा के निवासियों को सरल सहज जीवन देना तो दूर उल्टा हैवानियत का क्रूर खेल खेला जा रहा है।संयुक्त राष्ट्र मानवधिकार आयोग की रिपोर्ट के खुलासे के अनुसार चीन में अल्पसंख्यकों के अंग जबरन निकालकर ब्लैक मार्केट में बेचने का खेल चल रहा है ये रिपोर्ट आस्ट्रेलिया में प्रकाशित हुई। समाचार के अनुसार स्वस्थ लीवर 1.6 लाख डॉलर (करीब 1.2 करोड़) में बेचा जाता है। चीन का यह अमानवीय खेल चीन को 100 करोड़ डॉलर (7500 करोड़) की सालाना कमाई देता है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

1 अप्रैल 2022 के बाद कोई भी किसान या खेतिहर मजदूर फसल नष्ट होने पर आत्महत्या करके नहीं मरेगा। यह मेरा वादा है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

आज हमें सोशल मीडिया कम्पनी के बतौर देखा जाता है। लेकिन हमारे डीएनए में, हम वह कम्पनी हैं जो लोगों को जोड़ने के लिए तकनीक निर्मित करती है।

– **मार्क जुकरबर्ग**
फेसबुक के सीईओ

मैं फिर दोहराता हूं कि आर्यन खान ड्रग्स मामला पूरी तरह फर्जी है। इस मामले में बच्चों को जानबूझकर फंसाया गया है।

– **नवाब मलिक**
राकांपा नेता

काकोरी कांड ने आजादी की लड़ाई को ऊंचाई दीः योगी

● सीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर मोटर साइकिल सवारों की रैली को हरी झण्डी दिखाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 75 मोटर साइकिल सवारों की रैली को अपने सरकारी आवास से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली काकोरी शहीद स्मारक पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में स्वतंत्र भारत की एकता और अखण्डता के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की पावन जयन्ती बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित की जा रही है। पूरा राष्ट्र आज भारत की राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए सरदार पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए उन संकल्प से जुड़ने की प्रतिज्ञा ले रहा है, जो भारत की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रख सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदियों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़ते हुए 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। इस समय अनेक ऐसी रियासतें थीं, जो भारत गणराज्य के साथ जुड़ने में आना कानी कर रही थीं। अंग्रेजों की कुटिल नीति ने भारत को कमजोर करने के लिए रियासतों को विकल्प प्रदान किया कि वे अपनी मर्जी से भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती हैं अथवा स्वतंत्र रह सकती हैं। अपनी सूझ-बूझ तथा दृढ़ प्रतिज्ञ भाव के साथ प्रखर राष्ट्र भक्ति का परिचय देते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत के गृह मंत्री व उप प्रधानमंत्री के रूप में भारत के एकीकरण के लिए अभियान चलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष भारत की आजादी के अमृत महोत्सव का वर्ष है। साथ ही यह चौरी चौरा की घटना के सभी बलिदानियों की स्मृति का शताब्दी वर्ष भी है। 4 फरवरी 1922 को गोरखपुर के चौरी चौरा में देश की आजादी को लेकर किसानों, मजदूरों एवं स्थानीय नागरिकों ने क्रान्तिकारियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय आन्दोलन को आगे बढ़ाया था। राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाले चौरी चौरा के इस ऐतिहासिक घटनाक्रम ने भारतीय इतिहास में अपना स्थान बनाया। इस वर्ष चौरी चौरा की घटना का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई एवं आजादी से जुड़ी तिथियां सभी को अपने सनातन व पुरातन राष्ट्र को एकता एवं अखण्डता में बांधने के लिए निरन्तर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन ने आजादी की लड़ाई को एक ऊंचाई प्रदान की। इसमें पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चन्द्रशेखर आजाद एवं अन्य महान क्रांतिकारियों ने पूरी दृढ़ता से ब्रिटिश हुकूमत से मोर्चा लिया था। उन्होंने कहा कि काकोरी नामक स्थान पर जहां यह ऐतिहासिक घटना घटित हुई, वह स्थान प्रदेश की राजधानी लखनऊ में है।

सीएम ने कहा कि आज आजादी के अमृत वर्ष के उपलक्ष्य में यहां से मोटर साइकिल रैली रवाना हुई है। यह रैली काकोरी शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक, मुख्य सचिव आरके तिवारी, पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, लखनऊ के मण्डलायुक्त रंजन कुमार, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर सरदार पटेल को किया याद

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के पर आज यहां जीपीओ स्थित सरदार पटेल पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि आज पूरा देश सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयन्ती मना रहा है। दृढ़ प्रतिज्ञ सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अत्यन्त सहजता के साथ देश की 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाकर एक भारत के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत की एकता व अखण्डता को स्थापित करने में सरदार वल्लभ भाई पटेल का अतुलनीय योगदान रहा। सरदार पटेल के सम्मान में प्रधानमंत्री ने गुजरात के सरदार सरोवर बांध के निकट सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा की स्थापना करके दुनिया के सामने सिद्ध किया कि सरदार पटेल का स्थान भारत में बहुत ऊँचा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में जब जब स्वाधीनता संग्राम की चर्चा होगी तब तब सरदार वल्लभ भाई पटेल व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को स्मरण किया जायेगा। सरदार पटेल ने जूनागढ़ व हैदराबाद रियासत का स्वाधीन भारत में विलय कराया। उनका यह कार्य स्वतंत्र भारत के प्रत्येक नागरिक को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। सरदार पटेल ने सोमनाथ मन्दिर के पुनरुद्धार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मारक समिति द्वारा प्रकाशित पटेल स्मारिका 2021 का विमोचन किया। उन्होंने स्व. राम कुमार वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री डॉ महेन्द्र सिंह, नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, विधायक शशांक वर्मा, लखनऊ की मेयर संयुक्ता भाटिया, मुख्य सचिव आर के तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

इतिहास में ही नहीं बल्कि हम सभी देशवासियों के हृदय में भी हैं सरदार पटेलः स्वतंत्र देव

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह रविवार को राजधानी लखनऊ के निराला नगर पटेल पार्क में अखण्ड भारत के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आज जीपीओ स्थित सरदार पटेल पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर कृतज्ञ पुष्पार्चन करते हुए कहा कि सरदार पटेल सिर्फ इतिहास में ही नहीं बल्कि हम सभी देशवासियों के हृदय में भी है। उन्होंने कहा कि एक भारत.श्रेष्ठ भारत का सपना सरदार पटेल ने देखा और उस सपने को साकार करते हुए 565 से अधिक रियासतों का भारत में विलय किया। देश को एकता व अखण्डता के सूत्र में पिरोने का श्रेय महानायक सरदार पटेल को ही जाता है। इसके लिए पूरा राष्ट्र सदैव उनका कृतज्ञ रहेगा।

श्री सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के विशाल व्यक्तित्व से पूरा विश्व वाकिफ हैए उसी व्यक्तित्व को विश्व के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्टैच्यू ऑफ युनिटी के रूप में निर्माण कराकर अपनी निष्ठा और कृतज्ञता प्रदर्शित की है।

जीका वायरस से बचाव और उपचार पर ध्यान दें: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीका वायरस के उपचार और बचाव के उचित प्रबंधन का निर्देश देते हुए कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर बैठक में संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जीका वायरस के कुछ मामले कानपुर नगर में मिले हैं और इस बीमारी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एवं उपचार का उचित प्रबंध किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीका वायरस मच्छरों से फैलता है इसलिए मच्छरों से बचाव ही इससे सुरक्षा है। उन्होंने मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण हेतु बचाव एवं जागरूकता कार्य को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्रवाई जीका वायरस की रोकथाम में उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने निगरानी कार्य को तत्परता से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छताए सैनिटाइजेशन, फॉगिंग तथा लार्वा रोधी छिड़काव कार्य लगातार किया जाए। यह कार्रवाई कोविड 19 के साथ साथ जीका वायरस तथा अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण में उपयोगी रहेगी। उल्लेखनीय है कि कानपुर में पिछले हफ्ते जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया और वायु सेना में तैनात एक अधिकारी इस रोग से संक्रमित पाया गया। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वायु सेना के एक वारंट अधिकारी की जीका वायरस के लिए जांच की गयी और उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद कई और मामले सामने आए।

राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेलः सुभाष चंद्र

● सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर ग्रुप केन्द्र केरिपुबल लखनऊ में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सुभाष चन्द्र पुलिस महानिरीक्षक मध्य सेक्टर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए । इस अवसर पर शशि प्रकाश सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र लखनऊ श्याम होईचिंग मेहरा ,कमाण्डेन्ट , 233 (महिला) बटालियन एवं रेंज कार्यालय केरिपुबल लखनऊ ग्रु केन्द्र लखनऊ , 233 (महिला) बटालियन तथा 91 आरएएफ बटालियन के अन्य अधिकारी एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र ने सर्वप्रथम स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की चित्र पर माल्यार्पण किया तथा इस दिन के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि किस प्रकार स्वतंत्रता के उपरान्त भारत वर्ष के सामने ज्वलंत प्रश्न बन चुके छोटी बड़ी लगभग 565 रियासतों को भारतीय संघ में समाहित किया गया, जिसका पूरा श्रेय स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं प्रशासनिक कुशलता को जाता है। जिन्होंने निहायत सादगी एवं शालीनता से इस समस्या को सुलझाया और सिद्ध किया कि वे ही आधुनिक राष्ट्र निर्माता, राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी एवं लौह पुरुष थे ।

एकता दिवस समारोह में ग्रुप केन्द्र लखनऊ 233 महिला बटालियन एवं 91 आरएएफ बटालियन के अधिकारियों व जवानों द्वारा ग्रुप केन्द्र लखनऊ के सहायक कमाण्डेन्ट अम्बुज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व मार्च पास्ट किया गया जिसकी सलामी मुख्य अतिथि द्वारा ली गई । इसके पश्चात् उपस्थित सभी अधिकारी व जवानों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा राष्ट्रगान के साथ परेड समारोह का समापन किया गया।

बरसाती मेंढकों को पार्टी से दूर ही रखें बीएसपी के लोगः मायावती

लखनऊ। प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी.अपनी तैयारियों में जुटे राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला करने का कोई मौका छोड़ नही रहे हैं। इसी बीच में पार्टी विधायकों के सपा में शामिल होने पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज कसा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले निलंबित विधायकों को बरसाती मेंढक बताया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि यूपी विधानसभा आमचुनाव नजदीक आने पर अब फिर से आए दिन दलबदलू लोगों के इस पार्टी से उस पार्टी में आने.जाने का दौर शुरू हो गया है किन्तु इससे किसी भी पार्टी का जनाधार बढ़ने वाला नहीं है बल्कि इससे उन्हें हानि ही होगी। अत: बीएसपी के लोग ऐसे बरसाती मेंढकों को पार्टी से दूर ही रखें। उन्होंने आगे कहा कि केवल दलबदलू ही नहीं बल्कि बरसाती मेंढकों की तरह अनेकों ऐसी पार्टियों के नाम भी लोगों को सुनने को मिल रहे हैं जिनके नाम अब तक देखन सुनने को नहीं मिले थे।

डीजीपी मुख्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के डीजीपी मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल की अध्यक्षता में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कोविड-19 के दृष्टिगत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन्स का अनुपालन करते हुये अपने कक्ष में उपस्थित अधिकारियों के साथ शपथ दिलाई गयी।

पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग आदि का अनुपालन करते हुये अपने-अपने कार्यालय में शपथ ली गई। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

छह लाख किसानों को अब तक 208 करोड़ की सहायता राशि जारी

● बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों की सरकार ने की फिर बड़ी मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों को सरकार ने फिर बड़ी राहत दी है। चिसके तहत अलीगढ़, मऊ और झांसी समेत यूपी के 44 जिलों में बाढ़ और भारी बारिश के चलते हुए नुकसान के लिए किसानों को सहायता राशि जारी की है। यूपी सरकार ने प्रदेश के छह लाख से ज्यादा किसानों को 208 करोड़ रुपये की राशि भेजी है। इसको लेकर सरकार ने अफसरों को किसानों तक सहायता राशि पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं।

पिछले दिनों बाढ़ और भारी बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद सरकार ने फसल नुकसान का आंकलन कर किसानों के लिए राहत सहायता जारी की है। सरकार ने इससे पहले 4,77581 किसानों को कुल 1,59,28,97ए496 रुपये दिए थे। सर्वेक्षण के बाद चिह्नित शेष 1,39,863 किसानों को कृषि निवेष अनुदान के वितरण के लिए 48 करोड़ 20 लाख 57 हजार 668 रुपये जारी किए गए हैं। सितंबर और अक्टूबर की शुरुआत में हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ से करीब 44 जनपदों के किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ था । इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित किसानों को तुरंत राहत पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

सरकार ने 6 लाख से अधिक किसानों को मुआवजा देने का काम किया है। यह मुआवजा राशि जिला कोषागार से सीधे किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा रही है। सरकार राज्य आपदा राहत कोष से किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। आपको बता दें कि अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन सभी जिलों के जिलाधिकारियों को भेजे गये निर्देश में कहा गया था कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसलों से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों, परिवारों को कृषि निवेश अनुदान के तहत राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिए राज्य आपदा मोचक निधि से धन आवंटित किया गया है। इन जिलों में सबसे ज्यादा प्रभावित किसान झांसी जिले के हैं जिनकी संख्या 29,746 है।

सपा मुखिया ने आचार्य नरेन्द्र देव की समाधि पर अर्पित की पुष्पांजलि

लखनऊ। समाजवादी आंदोलन के शीर्ष नेता आचार्य नरेन्द्र देव की 132वीं जयंती पर गोमती नदी के तट पर मोती महल स्थित समाधि पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ आचार्य के परिवार के यशोवर्धन, मीरा वर्धन, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा डॉ सुनीलम ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अखिलेश यादव ने कहा कि आचार्य की अध्यक्षता में ही समाजवादी कांग्रेस की स्थापना हुई थी। वे मार्क्सवाद के साथ ही बौद्ध दर्शन के भी अधिकारिक विद्वान थे। राजनीति में रहकर भी वे अजातशत्रु थे। लखनऊ और काशी विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में उन्होंने नए शैक्षिक मानदण्ड रचे। उनका सम्पूर्ण जीवन लोकतंत्र , समाजवाद के प्रति प्रतिबद्धता और गरीबों, किसानों तथा वंचितों शोषितों के हितों के लिए संघर्ष करते बीता।

इस अवसर पर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, सुशील दीक्षित, विजय सिंह, मुकेश शुक्ला, मधुप मधुर, संतोष श्रीवास्तव, समीर सिंह, राजन त्रिवेदी, अरमान खान, प्रशांत सिंह आदि ने भी आचार्य को पुष्पांजलि दी।

सपा विधायक राकेश प्रताप इस्तीफा देकर धरने पर बैठे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अमेठी जनपद के गौरीगंज विधानसभा सीट से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके उपरांत विधायक राकेश प्रताप सिंह ने पैदल मार्च निकालकर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर धरने पर बैठ गए। काफी लंबे समय से सड़क निर्माण को लेकर संघर्ष कर रहे गौरीगंज से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को पूर्वाहन 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के सरकारी आवास पर जाकर अपना त्यागपत्र सौंप दिया। राकेश प्रताप सिंह ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि मैं लोगों की समस्याओं को दूर नहीं कर पा रहा हूं, तो मेरा विधायक बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। दरअसल विधायक राकेश प्रताप सिंह दो सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने अपने इस्तीफे में बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनी दो सड़कें कादू नाला से थौरी मार्ग और मुसाफिरखाना से पारा मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। उन्होंने दावा किया कि वो पिछले तीन साल से इन दोनों सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग का मुद्दा विधानसभा में उठा रहे हैं। इसी साल फरवरी में इन सड़कों के पुनर्निर्माण का काम तीन महीने में पूरा होने का भरोसा दिया गया था। राकेश प्रताप सिंह ने आगे लिखा है कि 2 अक्टूबर को उन्होंने अमेठी के कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया था और बताया था कि अगर 31 अक्टूबर तक सड़क के पुनर्निर्माण का काम शुरू नहीं होता है तो वो इस्तीफा दे देंगे और अनिश्चितकाल के लिए अनशन पर चले जाएंगे। श्री सिंह ने कहा इतना सब कुछ करने के बावजूद भी मामला संज्ञान में लेने पर आज मुझे इस्तीफे देने का निर्णय लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब तक मेरी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक मेरा यह धरना लगातार जारी रहेगा।

लौहपुरुष के नाम पर भ्रम फैलाना अनुचितः शिवपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मानते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता पूर्व शिक्षा मंत्री शारदा प्रताप शुक्ल और संचालन मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्र ने किया।

संगोष्ठी को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता के प्रबल पक्षधर थे । वे देश की भौगोलिक एकता के ही नहीं साम्प्रदायिक सद्भाव के भी प्रमुख सूत्रधार थे । कुछ साम्प्रदायिक व संकुचित सोच के लोग सरदार पटेल को मुस्लिम विरोधी तक बता भ्रम फैलाते हैं । सच तो यह है कि गांधीवादी पटेल कट्टरता व साम्प्रदायिकता के खिलाफ थे न कि किसी धर्म विशेष के, उन्होंने हिन्दू मुस्लिम दंगे के दौरान खड़े होकर निजामुद्दीन औलिया के मजार की सुरक्षा की थी और तनाव के बीच नवाब भोपाल हमीदुल्ला की बेटी की शादी पुत्री मणि बेन के साथ पहुंचे । उन्होंने कई बार हिन्दू मुस्लिम एकता और राष्ट्रीय अखंडता को अपने लोकजीवन का लक्ष्य बताया था। राष्ट्रीय एकता को बढ़ाना और विभाजनकारी सोच का प्रतिकार ही सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धाजलि है। श्री यादव ने कहा कि पटेल किसानों के नेता थे। यदि भाजपा पटेल को आदर्श मानती तो किसानों के हितों को पूंजीपतियों के हवाले नहीं करती। शिवपाल ने बताया कि लोहिया ने संसद में सरदार के कृषि से जुड़े विचारों की खुली वकालत की थी । शारदा प्रताप शुक्ल ने कहा कि सरदार पटेल के नाम पर भाजपा देश में भ्रम फैला रही हैए प्रसपा पूरी ताकत से इस भ्रम के खिलाफ अभियान चलायेगी।

एक करोड़ नौकरियों के वादे के साथ राष्ट्रीय लोकदल ने जारी किया लोकसंकल्प 2022

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रविवार को रवींद्रालय में अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जारी घोषणा पत्र को लोक संकल्प पत्र 2022 का नाम दिया गया है। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में एक करोड़ लोगों को नौकरियां देने का वादा किया है।

इस मौके पर लखनऊ पहुंचे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि 2017 में शपथ लेने के बाद योगी ने 70 लाख नौकरी देने का वादा किया और आज 5 साल के बाद वो होर्डिंग लगा रहे हैं कि उन्होंने 4 लाख नौकरी दी। अगर इस असंभव को हमने संभव नहीं बनाया तो प्रदेश का युवा ऐसे ही भटकता रहेगा। 1 करोड़ लोग उत्तरप्रदेश की जनसंख्या का सिर्फ3 या 4 फीसद हैं। अगर हम इतने लोगों को भी रोजगार न दे सकें तो लानत है ऐसी सरकार पर। किसानों के मुद्दे पर चौधरी जयन्त सिंह ने कहा की आज की भाजपा सरकार में किसानों की हालत दयनीय है। देश में आज़ादी के पहले और आजादी के बाद किसानों को हमेशा अपने हक़ के लिए लड़ना पड़ा है। बड़े-बड़े आंदोलन हुए हैं। आज भी किसान अपने हक़ के लिए पिछले एक साल से आंदोलन पर बैठा है। हजारों किसानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी, हम उन सब किसानों को नमन करते हैं। तीन काले कानूनों को निरस्त करने की बात भी लोकसंकल्प का अहम मुदा है। योगी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में भी समय समय पर लोगों ने आवाज़ उठायी चाहे वो छात्र हों या शिक्षामित्र, सरकार ने सब पर लाठियां चलवाने का काम किया है। जब हमारी सरकार बन जाएगी आपको आंदोलन करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। सभा को सम्बोधित करते हुए जयन्त चौधरी ने कहा की उत्तर प्रदेश में हम पहली राजनीतिक पार्टी हैं जो चार महीने पहले अपना घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। वहीं इस दौरान माधोगढ़ से बसपा के पूर्व विधायक सन्तराम कुशवाहा, फतेहपुर के जहानाबाद से बसपा के पूर्व विधायक आदित्य पांडेय और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और पीसीएस एसोसिशन के अध्यक्ष रहे बाबा हरदेव ने भी चौधरी जयंत सिंह की सोच और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

उचित जांच के बिना आपराधिक कानून को लागू नहीं किया जाना चाहिए : कोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

● लोक अधिकारी का कर्त्तव्य है कि सही तथ्यों का पता लगाए

उच्चतम न्यायालय ने एक कंपनी के निदेशक के खिलाफ आपराधिक मामले को खारिज करते हुए कहा है कि केवल संदेह के आधार पर और तथ्यों की पर्याप्त जांच के बिना आपराधिक कानून को लागू नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति आरएस रेड्डी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि जब अपराध सहमति, मिलीभगत से किया जाता है या कंपनी के निदेशक, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी की ओर से उपेक्षा की वजह से होता है तो प्रतिनिधिक दायित्व बनता है। कानून में प्रतिनिधिक दायित्व एक कर्मचारी के कार्यों के परिणामस्वरूप एक नियोक्ता को सौंपी गई जिम्मेदारी है। शीर्ष अदालत ने कहा, यह लोक अधिकारी का कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि वह जिम्मेदारीपूर्वक आगे बढ़े और सही तथ्यों का पता लगाए। कानूनी प्रावधानों और उनके लागू होने की स्थिति की व्यापक समझ के बिना कानून के निष्पादन का नतीजा यह हो सकता है कि एक निर्दोष व्यक्ति को मुकदमे का समाना करना पड़ सकता है। समन के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि यह अदालत का कर्तव्य है कि वह यांत्रिक और नियमित तरीके से समन जारी न करे। पीठ ने 29 अक्टूबर के अपने फैसले में कहा, मजिस्ट्रेट का यह कर्तव्य है कि वह अपने विवेक का इस्तेमाल करे और यह देखे कि क्या लगाए गए आरोपों और सबूतों के आधार पर संज्ञान लेने और आरोपी को तलब करने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं। शीर्ष अदालत डायले डीसूजा द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनके खिलाफ मामला रद्द करने संबंधी उनकी याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा, इसलिए उपरोक्त कारणों के आधार पर हम वर्तमान अपील की अनुमति देते हैं और समन जारी करने के आदेश और वर्तमान याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करते हैं। राइटर सेफगार्ड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक याचिकाकर्ता ने एनसीआर कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ स्वचालित टेलर मशीनों की सर्विसिंग और पुन:पूर्ति के लिए समझौता शीर्षक से एक करार किया था। एनसीआर कॉरपोरेशन ने पहले भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के रखरखाव के लिए बैंक के साथ एक समझौता किया था। 19 फरवरी 2014 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केंद्रीय) ने एसबीआई के एटीएम का निरीक्षण किया और बाद में एटीएम में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 और न्यूनतम मजदूरी (केंद्रीय) नियम, 1950 के प्रावधानों का पालन न करने का आरोप लगाते हुए एक नोटिस जारी किया।

अब कश्मीर में स्थिति काफी बेहतर है: डीजीपी दिलबाग सिंह

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने रविवार को यहां कहा कि कश्मीर में अब हालात कहीं बेहतर हैं और लोग शांति एवं विकास की दिशा में बढ़ना चाहते हैं। केंद्रशासित प्रदेश में हाल में हिंसा की घटनाओं में वृद्धि देखने को मिली थी। डीजीपी सिंह ने स्थानीय आतंकवादियों से हथियार छोड़ने की अपील की और युवाओं से किताब-कलम उठाकर जम्मू-कश्मीर की समृद्धि और प्रगति की दिशा में काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शांति एवं एकता के लिए दौड़ के आयोजन से इतर यहां संवाददाताओं से बातचीत में सिंह ने यह कहा। इस दौड़ में करीब 700 बच्चे, युवा और वयस्क शामिल हुए। सिंह ने कहा, हालात अब कहीं बेहतर हैं। अभी जो माहौल है, उसमें लोग शांति चाहते हैं और हिंसा के खिलाफ हैं। हिंसा की कुछ घटनाएं हुई हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों ने उन घटनाओं की निंदा की है।

बोधगया में विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में बस्त्र चढ़ाने की रस्म के अवसर पर जुलूस में शामिल होते बौद्ध भिक्षु

ठाणे में हनीट्रैप सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, तीन महिलाओं समेत सात धरे गए

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे मे कथित रूप से सेक्स रैकेट चलाने को लेकर सात लोगो को गिरफ्तार किया गया है। वागले इस्टेट संभाग के सहायक पुलिस आयुक्त जयंत बाजबाले ने कहा कि ए लोग एक-दो एप के जरिए अपने ग्राहको को फंसाते थे और फिर उन्हे ब्लैकमेल करते थे एवं उनसे पैसे ऐठते थे। उन्होने कहा, जिन लोगो को वे फंसाते थे, वे जब किसी पूर्व निर्धारित जगह पर पहुंचते थे तब आरोपी उन्हे लूट लेते थे। श्री नगर पुलिस ने तीन महिलाओ समेत सात लोगो को जबरन बंधक बनाने, वसूली करने एवं अन्य अपराधो को लेकर आरोपी बनाया है। हमने 50,000 रुपए नकद तथा वाहन जब्त किए है जो कुल मिलकर 1.20 लाख रुपए के है।

मुंबई: भायखला में लिफ्ट गिरने से तीन साल का बच्चा और चार अन्य लोग घायल

मुंबई। दक्षिणी मुंबई के भायखला मे एक इमारत की लिफ्ट गिरने से तीन साल के एक बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात जे. जे. मार्ग पर स्थित झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) की 18 मंजिला इमारत मे हुई। उन्होने बताया कि यहां रहनेवाले लोगो ने तत्काल अग्निशमन कर्मी और पुलिस को इसकी जानकारी दी। घायलो की पहचान हुमा खान (24), आरशा खान (सात), सोहन कादरी (तीन), नीलोफर रिजवान शेख (36) और शाहीन खान (45) के रूप मे हुई है। इन्हे जे.जे. अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और इनकी हालत स्थिर है।

पलामू में मरीज को रेबीज की जगह कोविड-19 रोधी टीका लगाया

मेदिनीनगर। पलामू जिले मे स्वास्थ्यकर्मी की लापरवाही से कुत्ते के काटने पर लगाए जाने वाले रेबीज रोधी टीके की जगह कोविड-19 का टीका दिए जाने की जानकारी सामने आई है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। यह घटना पाटन प्रखण्ड मुख्यालय स्वास्थ्य केन्द्र की है, जहां शनिवार को नौडीहा गांव के पच्चास वर्षीय राजू सिंह को एक कुत्ते ने काट लिया था और उसके इलाज के लिए वह उक्त केन्द्र पहुंचा था। इस बारे मे पलामू क्षेत्र के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) डा. अनिल कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मामला लापरवाही का है। उन्होने कहा, इसकी जांच के लिए डा. एम पी सिंह के नेतृत्व मे तीन सदस्यीय दल बनाया गया है। यह दल कल जांच के लिए पाटन जाएगा। इस दल मे डा. अनुप कुमार के साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) दीपक कुमार भी शामिल है।

वीजा के लिए करनी पड़ सकती है लंबी प्रतीक्षा: अमेरिकी दूतावास

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी मे स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि कुछ गैर-आप्रवासी वीजा श्रेणियो के यात्रियो को मुलाकात का निर्धारित समय लेने के लिए अच्छा खासा इंतजार करना पड़ सकता है, क्योकि कोविड-19 की वजह से उत्पन्न बाधाओ से निपटते हुए प्रक्रियाओ को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश हो रही है। दूतावास ने बताया कि आठ नवंबर से टीकाकरण प्रमाण के साथ नई अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा नीति के तहत भारत से अनुमानित 30 लाख वीजा धारक अमेरिका की यात्रा करने मे सक्षम होगे। हमारे मजबूत और बढ़ रहे द्विपक्षीय संबंध को और प्रगाढ़ बनाने के लिए वैध यात्रा को सुविधाजनक बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवरोधो से निपटते हुए हम फिर से खुद को तैयार कर रहे है। हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावासो मे कुछ गैर-आप्रवासी वीजा श्रेणियो के यात्रियो के लिए मुलाकात के निर्धारित समय के वास्ते प्रतीक्षा समय अधिक हो सकती है।

पीएम की केदारनाथ यात्रा के दौरान धार्मिक स्थलों पर साधुओं का जुटान करेगी भाजपा

भाषा। नई दिल्ली

फाइल फोटो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच नवंबर को होने वाली केदारनाथ यात्रा को भक्तिमय बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की योजना बनाई है, जिसमें चारों धाम, 12 ज्योर्तिलिंगों और देश के प्रमुख मंदिरों में साधुओं को आमंत्रित किया जाना शामिल है। प्रधानमंत्री पांच नवंबर को केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और उसके बाद वह आदि शंकराचार्य की समाधि का उद्घाटन करेंगे। वह आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी प्रधानमंत्री के इस दौरे के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके लिए पार्टी ने चारों धामों, 12 ज्योर्तिलिंगों और देश भर के 87 प्रमुख मंदिरों में साधुओं और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। ए 87 मंदिर वो हैं, जहां शंकराचार्य अपनी यात्राओं के दौरान गए थे। सूत्रों ने बताया कि इन सभी स्थानों पर बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे, ताकि लोग प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख सकें। वर्ष 2013 में उत्तराखंड में आई भीषण बाढ़ में शंकराचार्य की समाधि क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस समाधि का पुनर्निर्माण किया गया है। संपूर्ण पुनर्निर्माण कार्य प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हुआ है, जिन्होंने परियोजना की प्रगति की लगातार समीक्षा और निगरानी की है। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल फरवरी महीने में वहां विधानसभा के चुनाव होने हैं।

प्रधानमंत्री के साथ संवाद के दौरान टीके की कमी का मुद्दा उठाऊंगा: उद्धव

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य में कोरोना वायरस के विरूद्ध टीकाकरण की धीमी रफ्तार पर रविवार को चिंता प्रकट की और कहा कि वह अगले सप्ताह प्रधानमंत्री के साथ संवाद के दौरान यह विषय उठाएंगे। ठाकरे ने यह भी कहा कि टीकों की अनुपलब्धता के अलावा टीका लेने में लोगों की हिचक भी एक बड़ा मुद्दा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से हिचक छोड़कर टीका लगवाने का आह्वान किया। दक्षिण मुंबई के पॉश मालाबार हिल इलाके में अपने सरकारी आवास वर्षा में वरिष्ठ पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने राजनीति पर किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से इनकार कर दिया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी रश्मि भी थीं। जब उनसे इस महामारी से निपटने की उनकी सरकार की दीर्घकालिक रणनीति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, पहले तो हम इस काम पर पूरा ध्यान लगाएं कि अधिक से अधिक लोग टीका लें तथा राज्य में चिकित्सा अवसंरचना बढ़े। उन्होंने कहा, लोग बूस्टर डोज की बात कर रहे हैं। पहले हम सुनिश्चित कर लें कि सभी को दोनों खुराक लग जाएं। ऐसे लोग हैं जिन्होंने पहली खुराक नहीं ली है। उन्होंने कहा कि महामारी की तीसरी(संभावित) लहर का प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकता है यदि लोग कोविड उपयुक्त आचरण करें और जिन्हें दोनों खुराक लग चुकी हैं, वे भी मास्क लगाते रहें। मुख्यमंत्री ने आर्थिक कठिनाइयां पहुंचाए बगैर महामारी के दौरान कुछ खास गतिविधियों को अनुमति देने का सोचा-समझा जोखिम उठाने की भी बात कही।

क्विक न्यूज

मप्र : नशे में धुत प्रधानाध्यापक ने सरकारी स्कूल में छात्राओं को नाचने के लिए किया मजबूर, निलंबित

दमोह (मप्र)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को कथित तौर पर नशे में धुत होकर स्कूल के एक बंद कमरे में कुछ छात्राओं को अपने साथ नाचने के लिए मजबूर करने और इसका वीडियो बनाने के लिए निलंबित किया गया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने कहा कि यह कथित घटना शुक्रवार को दमोह जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर हटा तहसील अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला मडियादो में हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एस के मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, शुक्रवार को हटा विकासखंड अंतर्गत मडियादो की शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधानाध्यापक राजेश मुंडा ने शराब के नशे में स्कूल के कमरे में दरवाजा बंद कर छात्राओं के साथ डांस किया था और वीडियो बनाया था।

भुवनेश्वर में किन्नरों के लिए साइकिल रैली का आयोजन

भुवनेश्वर। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में गैर-मोटर चालित परिवहन और साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) का आयोजन किया गया। भुवनेश्वर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (बीएससीएल) द्वारा सुबह शिशु भवन चौक के पास से राम मंदिर चौक तक आयोजित साइकिल रैली में किन्नर समुदाय के 50 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। समुदाय आधारित संगठन सखा के सदस्यों ने किन्नर अधिकार कार्यकर्ता मीरा परिदा के नेतृत्व में इस साइकिल रैली में हिस्सा लिया। उड़िया टीवी अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता रसी पटनायक भी अतिथि के रूप में साइकिल रैली में शामिल हुए। एक आधिकारिक वक्तव्य के मुताबिक भुवनेश्वर में किन्नर समुदाय के लोगों के लिए पहली बार इस तरह की साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

पूर्वी रेलवे सोमवार से उपनगरीय ईएमयू और लोकल ट्रेन सेवाएं शुरू करेगा

कोलकाता। पूर्वी रेलवे पश्चिम बंगाल में अपने अधिकार क्षेत्र में लगभग छह महीने के बाद आम जनता के लिए सामान्य समय सारिणी के अनुसार उपनगरीय ईएमयू और अन्य लोकल ट्रेन सेवाएं सोमवार से शुरू करेगा। इस दौरान कोविड संबंधी मानदंडों का पालन किया जाएगा। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्वी रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक सियालदाह मंडल में 920 से अधिक जबकि हावड़ा मंडल में 480 से अधिक ट्रेन सेवाओं का संचालन होगा। पश्चिम बंगाल सरकार ने कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के तहत अपने नवीनतम आदेश में 50 प्रतिशत यात्रियों की क्षमता के साथ अंत:राज्यीय लोकल ट्रेनों के संचालन की अनुमति दी है। गौरतलब है कि पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी रेलवे अपने-अपने क्षेत्रों में कुछ विशेष ट्रेनों का संचालन पहले से ही कर रहा है। दरअसल, कोविड-19 महामारी की दूसरी भयावह लहर के कारण उपनगरीय ईएमयू और अन्य लोकल ट्रेन सेवाओं को सात मई से निलंबित कर दिया गया था।

वितरण तंत्र सुधारों की आधारशिला बने: जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि बढ़ती पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जन-केंद्रित वितरण तंत्र को नई पीढ़ी के शासन सुधारों की आधारशिला बनना चाहिए। नौकरशाहों के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को शासन में वैश्विक मापदंडों का पालन करना चाहिए, क्योंकि वह राष्ट्रों के समूह में वैश्विक नेतृत्व संभालने की ओर अग्रसर है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में राज्य मंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी के नौकरशाहों के लिए बढ़ती पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जन-केंद्रित वितरण तंत्र को नई पीढ़ी के शासन सुधारों की आधारशिला बनना चाहिए। मई 2014 के बाद लिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि राजपत्रित अधिकारियों से दस्तावेजों का सत्यापन कराने की पुरानी पद्धति और केंद्र सरकार में समूह बी (गैर राजपत्रित) एवं समूह सी के सभी पदों के लिए साक्षात्कार खत्म करने वाले फैसले दूरगामी हैं। बयान के अनुसार मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मसूरी स्थित लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में सरदार पेटल नेतृत्व केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया।

गुजरात सरकार ने कागजरहित प्रशासन के लिए प्रायोगिक आधार पर ई-सरकार ऐप लॉन्च किया

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने नागरिकों के लिए प्रशासनिक कार्यों को कागज रहित, त्वरित और सुगम बनाने के अपने प्रयास में रविवार को प्रायोगिक आधार पर अपना ई-सरकार ऐप लॉन्च किया। राज्य के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जीतू वघानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐप को 25 दिसंबर को पूर्ण रूप से लॉन्च किया जाएगा जब देश सुशासन दिवस मनाएगा (पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर)। उन्होंने कहा, नया ऐप मौजूदा आईडब्ल्यूडीएमएस (एकीकृत कार्यप्रवाह और दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली) ऐप में नवीनतम तकनीक को एकीकृत करता है, जिसे 2005 में गुजरात सरकार द्वारा प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए लॉन्च किया गया था।

केरल, पश्चिम बंगाल की राज्यसभा सीटों के लिए 29 नवंबर को होगा उपचुनाव

नई दिल्ली। केरल और पश्चिम बंगाल की राज्यसभा की एक-एक सीट के लिए 29 नवंबर को उपचुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने रविवार को उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की। केरल कांग्रेस (एम) के जोस के मणि और तृणमूल कांग्रेस की अर्पिता घोष के इस्तीफों के कारण इन दोनों सीटों पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी है। आयोग ने एक बयान में कहा कि चुनावों की अधिसूचना 9 नवंबर को जारी होगी जबकि मतदान 29 नवंबर को होगा। मतों की गिनती स्थापित परंपरा के मुताबिक मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद आरंभ होगी। मणि ने इस साल जनवरी महीने में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल जुलाई 2024 तक था।

ममता बनर्जी के बयान पर चौधरी ने जताई नाराजगी

भाषा। कोलकाता

● उस पार्टी की आलोचना कर रही है जिसने हमेशा उनका समर्थन किया

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी द्वारा गोवा में कांग्रेस के विरुद्ध दिए गए बयान पर उनकी आलोचना की और कहा कि ममता ने उस पार्टी के विरोध में बयान दिया जिसने हमेशा उनका समर्थन किया। चौधरी ने कहा कि ऐसा लगता है कि बनर्जी भारतीय जनता पार्टी की एजेंट के तौर पर काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चौधरी ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि वह जानना चाहते हैं कि विपक्षी एकता की वकालत करने वाली ममता बनर्जी ने अतीत में भाजपा के साथ गठबंधन क्यों किया था और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में मंत्री क्यों बनी थीं? गौरतलब है कि जिस दिन राहुल गांधी गोवा में अपनी पार्टी का प्रचार करने गए थे उसी दिन बनर्जी ने कांग्रेस की आलोचना की थी। शनिवार को बनर्जी ने कहा था कि कांग्रेस राजनीति को लेकर गंभीर नहीं है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मजबूत होंगे। तृणमूल अध्यक्ष ने आरोप लगाया था कि देश इसलिए भुगत रहा है क्योंकि कांग्रेस में निर्णय लेने की क्षमता खत्म हो गई है।

कांग्रेस पार्टी महंगाई के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाएगी: डोटासरा

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी 14 नवंबर से 29 नवंबर तक महंगाई के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद डोटासरा ने संवाददाताओ से कहा कि कांग्रेस पार्टी 14 नवंबर से 29 नवंबर तक महंगाई के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी। प्रदेशभर में 55-56 हजार बूथो पर कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे, कार्यकर्ताओ के प्रशिक्षण शिविर लगेंगे और आम जन को जागृत किया जाएगा कि मोदी सरकार मंहगाई रोकने में विफल हो गई है। जनजागरण अभियान प्रमुख रूप से महंगाई के विरुद्ध होगा। डोटासरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल हो चुकी है और भाजपा केन्द्र में सरकार बनने के बाद पूरी तरह से एक्सपोज (बेनकाब) हो चुकी है।

कानून लाकर मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त कराए केन्द्र सरकार : विहिप

हैदराबाद। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मंदिरों और धार्मिक संस्थानों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए केन्द्र सरकार से इस संबंध में कानून बनाने की अपील की है। इसके अलावा विहिप ने धर्मांतरण विरोधी कानून की भी मांग की है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि संगठन ने सभी राज्य सरकारों से हिंदू मंदिरों को हिंदू समाज को सौंपने का आह्वान किया है और केंद्र सरकार से इस संबंध में एक कानून बनाने का अनुरोध किया है। कुमार ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण होने का दावा करते हुए इसे लेकर चिंता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, ए धर्मांतरण लालच, धोखे और भय से प्रेरित हैं। विहिप ऐसे धर्मांतरणों का पूरी ताकत से विरोध करेगी और धर्मांतरित भाइयों और बहनों को हिंदू धर्म में वापस लाने के लिए अपने अभियान को तेज करेगी। कुमार ने कहा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की तरह तेलंगाना सरकार को भी धर्मांतरण विरोधी कानून पारित करना चाहिए। हमने केन्द्र सरकार से भी धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने के लिए कहा है। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, हमने केन्द्र सरकार से धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने के लिए कहा है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 37 वीं पुण्यतिथि पर भोपाल में पीसीसी मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की

जम्मू-कश्मीर: आतंकवाद रोधी अभियान 21वें दिन भी जारी, राजमार्ग का एक हिस्सा यातायात के लिए खोला गया

जम्मू। जम्मू-राजौरी राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से को रविवार सुबह अधिकारियों ने यातायात के लिए फिर से खोल दिया। अधिकारियों ने बताया कि समीप के घने जंगलों में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के कारण इसे दो हफ्ते से भी अधिक समय तक बंद रखना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर के भट्टी दरियां के साथ राजौरी जिले के थानामंडी और पुंछ के सुरनकोट के समीप के जंगलों में छिपे आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। अभियान रविवार को 21वें दिन भी जारी रहा। इन आतंकवादियों ने नौ सैन्यकर्मियों की हत्या की है। हालांकि, आतंकवाद रोधी अभियान अभी जारी है, लेकिन इस बीच अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों और टैक्सी संचालकों को राहत प्रदान करते हुए जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मेंढर के भिंबर गली और सुरनकोट में जेरा वाली गली के बीच मुख्य राजमार्ग पर यातायात के आवागमन को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि मार्ग के जंगलों के नजदीक से होकर गुजरने वाले हिस्से को 15 अक्टूबर को एहतियाती तौर पर बंद किया गया था।

राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलेगी 1500 करोड़ की सौगात

● सीएम भूपेश बघेल जारी करेंगे किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि

पायनियर समाचार सेवा। रायपुर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के किसान भाईयों के खाते में 1500 करोड़ रूपए की राशि जारी करेंगे। यह राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त के रूप में दी जाएगी। दीवाली पर्व के ठीक पहले राज्य के 21 लाख किसानों को 1500 करोड़ रूपए मिलने से उनकी दीवाली की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। एक नवम्बर को कृषकों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि जारी करने की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। इसको मिलाकर राज्य के कृषकों को कुल 4548 करोड़ रूपए की राशि मिल जाएगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राज्य में फसल उत्पादकता एवं फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के लिए आदान सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान खरीफ वर्ष 2019 से लागू किया गया है। वर्ष 2019 में धान एवं गन्ना के उत्पाद 19 लाख किसानों को 5702 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि जारी की गई थी। वर्ष 2020 में धान एवं गन्ना के उत्पादक कृषकों को योजना के तहत चार किश्तों में आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है। धान एवं गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रथम किश्त की राशि 1525 करोड़ 97 लाख रूपए का भुगतान 21 मई 2021 को तथा द्वितीय किश्त की राशि 1522 करोड़ 03 लाख रूपए का भुगतान 20 अगस्त 2021 को किया जा चुका है। तीसरी किश्त के रूप में धान उत्पादक कृषकों को 1500 करोड़ रूपए का भुगतान एक नवम्बर 2021 को किया जाएगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए राज्य के किसानों को दी जा रही आदान सहायता के चलते खेती किसानी समृद्ध हुई है। राज्य में खेती.किसानी का रकबा और किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। खेती छोड़ चुके लोगों का भी रूझान खेती की ओर बढ़ा है। इसकों देखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के दायरे का विस्तार किया गया है। अब इस योजना में खरीफ की समस्त फसलों के साथ.साथ उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया गया हैं। खरीफ फसलों और उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को भी अब आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। धान के बदले अन्य फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ के मान से 10 हजार रूपए की आदान सहायता तथा वृक्षारोपण करने वाले किसानों को आगामी तीन वर्ष तक प्रति एकड़ के मान से 10 हजार रूपए देने का प्रावधान किया गया है।

सहकारिता क्षेत्र भारत को आत्म-निर्भर बना सकता है: शाह

भाषा। आणंद (गुजरात)

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सहकारिता क्षेत्र भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की क्षमता रखता है तथा यह कृषि क्षेत्र को आत्म-निर्भर बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। शाह ने खेती और उससे जुड़े क्षेत्रों के विकास के लिए सहकारिता मॉडल को लागू करने की जरूरत पर भी जोर दिया, जो दुग्ध उत्पादक अमूल की सफलता का कारक है।

उन्होंने कहा, जैसा कि आज हम देख सकते हैं, लाल बहादुर शास्त्री का श्वेत क्रांति का सपना साकार हो रहा है। लेकिन समय इससे आगे देखने का आ गया है। हमें खेती और पशुपालन जैसे क्षेत्रों के उत्थान के लिए सहकारिता मॉडल को लागू करने की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा, कृषि को आत्म-निर्भर बनाने में सहकारिता मॉडल महत्वपूर्ण साबित होगा। शाह अमूल के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे जिसकी शुरुआत आणंद में सरदार वल्लभभाई पटेल और खेड़ा जिला सहकारिता दुग्ध उत्पादक, जिसे अमूल डेयरी के नाम से जाना जाता है, के संस्थापक तथा सहकारिता क्षेत्र के नेता त्रिभुवनदास पटेल के मार्गदर्शन में सहकारिता आंदोलन के रूप में 1946 में हुई थी। गुजरात में करीब 36 लाख किसान परिवार वर्तमान में अमूल के साथ जुड़े हुए हैं। शाह ने कहा, आप 36 लाख तक सीमित मत रहिए। आज कई किसान जैविक खेती की ओर बढ़े हैं, लेकिन उनके पास भारत में तथा दुनिया में अपने कृषि उत्पाद बेचने के लिए कोई मंच नहीं है। क्या अमूल जैसे सहकारी संस्थान ऐसा करने में मदद कर सकते हैं? इस दिशा में सोचने का समय आ गया है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा, बीजों के क्षेत्र में समय पर अनुसंधान नहीं किया गया। क्या सहकारिता क्षेत्र इस दिशा में काम कर सकता है। इस क्षेत्र को सब्जियों की नई किस्म भी विकसित करनी चाहिए। इससे फायदा किसानों तक पहुंचेगा, निजी कंपनियों को नहीं। इससे किसानों की आय दोगुनी होने में भी मदद मिलेगी।

स्टेच्यू ऑफ यूनिटी विश्व को संदेश देता है कि भारत की अखंडता को कोई नष्ट नहीं कर सकता: शाह

केवडिया (गुजरात)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे और उन्हें समर्पित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया को एक संदेश देता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और देश की एकता और अखंडता को कोई भी नष्ट नहीं कर सकता। सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में विश्व की सबसे उंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि भारत के लौह पुरुष को भुलाने के प्रयास किए गए। आजादी के बाद भारत को एकजुट करने के प्रयासों में सरदार पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए शाह ने कहा कि यह उनके प्रयासों का ही परिणाम था कि लक्षद्वीप भारत का अभिन्न अंग बन सका।

शाह ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरदार साहेब को भुलाने के प्रयास किए गए। आजादी के बाद उनके योगदान को कभी भी उचित सम्मान और स्थान नहीं दिया गया। उन्हें न तो भारत रत्न दिया गया और न ही उचित सम्मान। लेकिन कहा जाता है कि बादल सूरज को आखिर कब तक छिपा कर रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में जैसे ही परिस्थितियां बदलीं, सरदार पटेल को भारत रत्न दिया गया, सरदार साहेब को समर्पित दुनिया की सबसे उंची प्रतिमा का निर्माण उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी विश्व के लिए एक संदेश है कि भारत की एकता और अखंडता को कोई नहीं तोड़ सकता है और भारत की सार्वभौमिता के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता है। यह सरदार साहेब की प्रेरणा ही थी जिसने देश को एकजुट रखा और यह उनकी प्रेरणा ही होगी जो हमें एक रखेगी और देश को आगे लेकर जाएगी।

क्विक न्यूज

फसल बीमा दावे 2020-21 में 60 प्रतिशत घटकर 9,570 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 2020-21 के फसल वर्ष में इससे पिछले साल की तुलना में किसानों के फसल बीमा दावे 60 प्रतिशत घटकर 9,570 करोड़ रुपए रह गए। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसकी वजह यह है कि साल के दौरान प्रमुख फसलों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, 2020-21 और 2019-20 के फसल वर्ष के लिए सरकार ने ज्यादातर फसल बीमा दावों का निपटान कर दिया है। 2019-20 के फसल वर्ष में फसल बीमा दावे 27,398 करोड़ रुपए रहे थे। पुरानी फसल बीमा योजनाओं में सुधार के साथ पीएमएफबीवाई की शुरुआत 2016-17 में हुई थी। इस योजना के परिचालन दिशानिर्देशों में रबी 2018 और खरीफ 2020 में संशोधन किया गया था। इसका मकसद किसानों तक योजना का लाभ उचित तरीके से समय पर पहुंचाना था। आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में 612 लाख किसानों ने 445 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि का बीमा कराया। इसके तहत बीमित राशि।,93,767 करोड़ रुपए थी। साल 2020-21 में कुल दावे 9,570 करोड़ रुपए रहे। खरीफ सत्र के लिए बीमा दावे 6,779 करोड़ रुपए और रबी सत्र के लिए 2,792 करोड़ रुपए रहे। कृषि मंत्रालय के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, 2020-21 में 9,570 करोड़ रुपए के बीमा दावे उल्लेखनीय रूप से काफी कम रहे। इसकी वजह यह है कि साल के दौरान प्रमुख फसलों का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इस दौरान सबसे अधिक 3,602 करोड़ रुपए के फसल बीमा दावे राजस्थान से आए। उसके बाद।,232 करोड़ रुपए के साथ महाराष्ट्र दूसरे और।,112.8 करोड़ रुपए के साथ हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा। फसल वर्ष 2019-20 में 613 लाख किसानों ने 501 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि का बीमा कराया था। इसमें बीमित राशि 2,19,226 करोड़ रुपए थी। फसल वर्ष 2019-20 में खरीफ सत्र में 21,496 करोड़ रुपए के बीमा दावे आए। वहीं रबी सत्र के लिए यह आंकड़ा 5,902 करोड़ रुपए रहा। फसल वर्ष 2019-20 में सबसे अधिक 6,757 करोड़ रुपए के बीमा दावे महाराष्ट्र से आए। उसके बाद 5,992 करोड़ रुपए के साथ महाराष्ट्र दूसरे और 4,921 करोड़ रुपए के साथ राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा।

पीएमएमसी बैंक के ग्राहकों को पहले चरण में नहीं मिलेगा पांच लाख रुपए का बीमा कवर

नई दिल्ली। पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी बैंक) के चिंतित ग्राहकों को पहले चरण में पांच लाख रुपए तक का बीमा कवर नहीं मिलेगा। इसकी वजह है कि यह बैंक अभी समाधान प्रक्रिया में है। जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) पहली खेप में पीएमसी बैंक को छोड़ कर समाधान प्रक्रिया से गुजर रहे 20 बैंकों के ग्राहकों को भुगतान करेगा। पहले चरण में भुगतान के लिए 90 दिनों की अनिवार्य अवधि 30 नवंबर को समाप्त होगी। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जून में सेंट्रम फाइनेंशियल सर्विसेज और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की स्टार्टअप भारतपे के गठजोड़ को संकट में फंसे पीएमसी बैंक के अधिग्रहण की अनुमति दी थी। इस अधिग्रहण का रास्ता साफ करते हुए रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में वित्तीय सेवा कंपनी के गठजोड़ को लघु वित्त बैंक का लाइसेंस दिया था। डीआईसीजीसी ने हाल में कहा था कि जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (संशोधन) अधिनियम, 2021 की धारा 18 ए (7) (ए) के प्रावधानों को लागू करने की आवश्यकता हो सकती है। इन प्रावधानों के तहत यदि कोई बैंक समाधान प्रक्रिया के अधीन है, तो पांच लाख रुपए के भुगतान की अवधि को 90 दिनों के लिए और बढ़ाया जा सकता है।

फिलहाल बड़े विलय एवं अधिग्रहण की योजना नहीं : स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज

नई दिल्ली। स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लि. (एसटीएल) अभी सक्रिय तरीके से बड़े विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) की तैयारी नहीं कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि यदि किसी विशिष्ट क्षमता को लेकर अधिग्रहण का अवसर मिलता है, तो वह उस पर विचार कर सकती है। स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) मिहिर मोदी ने कहा, अभी हमने अपने पोर्टफोलियो में अंतर को भर लिया है। फिलहाल हमारी बड़े और उल्लेखनीय अधिग्रहणों पर नजर नहीं है। कंपनी ने हाल में नेटवर्क एकीकरण कंपनी क्लियरकॉम ग्रुप और इटली की ऑप्टिकल इंटरकनेक्ट प्रोडक्ट कंपनी ऑप्टोटेक का अधिग्रहण किया है। मोदी ने कहा, यदि कोई विशिष्ट क्षमता से जुड़ा अवसर आता है, तो हम उस पर विचार कर सकते हैं। पिछले साल कंपनी ने घोषणा की थी कि वह 2.9 करोड़ यूरो (250 करोड़ रुपए) के उपक्रम मूल्य पर ऑप्टोटेक का अधिग्रहण करेगी। इस साल जुलाई में कंपनी ने 160 करोड़ रुपए के उपक्रम मूल्य पर क्लियरकॉम ग्रुप का अधिग्रहण करने की घोषणा की थी। सितंबर तिमाही में स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज का सालाना आधार पर एकीकृत शुद्ध लाभ 81 प्रतिशत बढ़कर 106 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान कंपनी की आय 30 प्रतिशत बढ़कर।,508 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

डियाजियो की सीईओ ने कहा, हमारा मिशन सबसे बेहतर प्रदर्शन वाली उपभोक्ता उत्पाद कंपनी बनना

नई दिल्ली। डियाजियो इंडिया ने भारत में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली उपभोक्ता उत्पाद कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कंपनी बिक्री में वृद्धि और अपने पोर्टफोलियो में बदलाव भी करेगी। कंपनी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डियाजियो इंडिया की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिना नागराजन ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, वर्ष 2013 में यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) का अधिग्रहण पूरा करने के बाद से कंपनी पूरी तरह से परिवर्तन की राह पर चल रही है। उन्होंने कहा, हमारा मिशन भारत में एक शीर्ष प्रदर्शन करने वाली उपभोक्ता उत्पाद कंपनी बनना है, जो हमारे सभी हितधारकों को निरंतर 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि, मजबूत बिक्री और दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करती रहे। डियाजियो इंडिया की सीईओ ने कहा कि पोर्टफोलियो में बदलाव के हिस्से के रूप में कंपनी लग्जरी और प्रीमियम श्रेणी में विकास को गति देगी और अपने वैश्विक पोर्टफोलियो को सक्रिय करेगी।

एनटीपीसी ने 9.3 लाख टन बायोमास पेलेट का ऑर्डर दिया

नई दिल्ली। सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी ने विद्युत संयंत्रों में को-फायरिंग के लिए 9,30,000 टन बायोमास पेलेट का ऑर्डर दिया है जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी। बायोमास पेलेट बायोमास ईंधन का एक प्रकार है जो आमतौर पर लकड़ी के अपशिष्ट, जंगलों से मिलने वाले अवशिष्ट आदि से बनाया जाता है। वहीं को-फायरिंग का मतलब बिजली के उत्पादन के लिए कोयले और बायोमास ईंधन के मिश्रण के दहन से है। बिजली मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इसके अलावा हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश अपने विद्युत संयंत्रों में को-फायरिंग के लिए 13,01,000 टन बायोमास पेलेट खरीद रहे हैं। बिजली सचिव आलोक कुमार ने 28 अक्टूबर को ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास को-फायरिंग की स्थिति की समीक्षा बैठक की थी।

सर्राफा कारोबारियों को धनतेरस पर आभूषणों की बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद

कोलकाता। भारतीय आभूषण बाजार में पुनरुद्धार के बीच सर्राफा कारोबारी इस साल धनतेरस पर जोरदार बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका के कम होने के साथ त्योहारी सीजन को लेकर लोगों में जोश है और साथ ही इस समय में सोने की कीमतों में नरमी है। ऐसे में आभूषण बाजार में रौनक रहने की उम्मीद है। आभूषण उद्योग के एक निकाय ने कहा कि उम्मीद है कि इस साल त्योहारों पर आभूषणों की बिक्री 2019 के कोविड-पूर्व के स्तर पर पहुंच सकेगी। इसकी वजह इस समय 10 ग्राम सोने की कीमत 46,000-47,000 रुपए प्रति 22 कैरेट का होना है जो 2020 की तुलना में करीब पांच प्रतिशत कम है। साथ ही अब शादी-ब्याह आयोजनों में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के अध्यक्ष आशीष पेठे ने पीटीआई-भाषा से कहा, चूंकि नवरात्रि के बाद से बाजार में मांग दिख रही है। यह धनतेरस पर भी जारी रहेगी।

कानपुर में दिवाली त्योहार से पहले बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़

पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क से सरकार की कमाई बढ़ी

● पहली छमाही में जुटाए 1.71 लाख करोड़ रुपए

भाषा। नई दिल्ली

पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क संग्रह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यदि कोविड-पूर्व के आंकड़ों से तुलना की जाए, तो पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क संग्रह में 79 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई है।

वित्त मंत्रालय में लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह में पेट्रोलियम उत्पादों पर सरकार का उत्पाद शुल्क संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत बढ़कर 1.71 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में यह 1.28 लाख करोड़ रुपए रहा था। यह अप्रैल-सितंबर, 2019 के 95,930 करोड़ रुपए के आंकड़े से 79 प्रतिशत अधिक है। पूरे वित्त वर्ष 2020-21 में पेट्रोलियम उत्पादों से सरकार का उत्पाद शुल्क संग्रह 3.89 लाख करोड़ रुपए रहा था। 2019-20 में यह 2.39 लाख करोड़ रुपए था। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के बाद सिर्फ पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन और प्राकृतिक गैस पर ही उत्पाद शुल्क लगता है। अन्य उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी लगता है। सीजीए के अनुसार, 2018-19 में कुल उत्पाद शुल्क संग्रह 2.3 लाख करोड़ रुपए रहा था। इसमें से 35,874 करोड़ रुपए राज्यों को वितरित किए गए थे। इससे पिछले 2017-18 के वित्त वर्ष में 2.58 लाख करोड़ रुपए में से 71,759 करोड़ रुपए राज्यों को दिए गए थे। वित्त वर्ष 2020-21 की पहली छमाही में पेट्रोलियम उत्पादों पर बढ़ा हुआ उत्पाद शुल्क संग्रह 42,931 करोड़ रुपए रहा था। यह सरकार की पूरे साल के लिए बांड देनदारी 10,000 करोड़ रुपए का चार गुना है।

फेडरल रिजर्व की बैठक, वृहद आंकड़ों, तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा : विश्लेषक

भाषा। नई दिल्ली

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा कंपनियों के तिमाही नतीजों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशकों की निगाह सोमवार को आने वाले वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी रहेगी। बृहस्पतिवार को दिवाली लक्ष्मी पूजा और शुक्रवार को दिवाली बलिप्रतिपदा के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, दिवाली त्योहार की वजह से इस सप्ताह सिर्फ तीन दिन बाजार में कारोबार होगा। उन्होंने कहा, सप्ताह के दौरान अक्टूबर माह के पीएमआई आंकड़े आने हैं। इसके अलावा फेडरल रिजर्व की बैठक से भी बाजार को दिशा मिलेगी। बीते सप्ताह विदेशी कोषों की बिकवाली, कमजोर वैश्विक रुख तथा मिलेजुले तिमाही नतीजों से बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

स्वास्तिका इनवेस्टमार्ट के खुदरा शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, दिवाली की वजह से बाजार कम कारोबारी दिनों का होगा। त्योहारी सीजन के चलते इस समय बाजार मुनाफा काटने के मूड में है। मीणा ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत अक्टूबर महीने के वाहन बिक्री आंकड़ों से होगी। वाहन बिक्री आंकड़ों लेकर बाजार कोई बड़ी उम्मीद नहीं कर रहा। इसके अलावा बाजार की निगाह धनतेरस और दिवाली के मौके पर उपभोक्ता धारणा पर रहेगी। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी, आईआरसीटीसी,

चालू वित्त वर्ष में अबतक छोटी कंपनियों के शेयरों ने दिया बड़ा रिटर्न

नई दिल्ली। छोटे कंपनियों के शेयरों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक निवेशकों को अधिक प्रतिफल या रिटर्न दिया है। इन कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन बड़ी कंपनियों की तुलना में बेहतर रहा है। चालू वित्त वर्ष में अब तक बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स (छोटी कंपनियों के शेयर का सूचकांक) 7,333.47 अंक यानी 35.51 प्रतिशत उछल चुका है, जबकि मिडकैप (मझोली कंपनियों के शेयर का सूचकांक) 5,096.41 अंक यानी 25.25 प्रतिशत चढ़ा है। इसकी तुलना में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 9,797.78 अंक यानी 19.78 प्रतिशत चढ़ा है। ट्रेडिंगो के संस्थापक पार्थ न्यति ने कहा, हम एक संरचनात्मक तेजड़िया बाजार में हैं जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन बेहतर होता है और हम देख रहे हैं कि ऐसा ही हो रहा है। व्यापक बाजार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन का दूसरा कारण खुदरा निवेशकों की मजबूत

घरेलू मार्गों पर हवाई यातायात बढ़ने के साथ घट रहे टिकटों के दाम: सिंधिया

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश में हवाई यात्रा को आम आदमी के लिए किफायती बनाने के सरकार के लक्ष्य पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि घरेलू मार्गों पर विमानन सेवाओं के विस्तार से मुसाफिरों की आवा-जाही बढ़ने के साथ ही उड़ानों के टिकटों के दाम घट रहे हैं। सिंधिया, इंदौर से सूरत, जोधपुर और प्रयागराज के लिए इंडिगो एयरलाइंस की नई उड़ानों को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश में हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सफर कर सके। इसलिए सरकार केवल बड़े शहरों में ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों में भी हवाई अड्डे स्थापित

करने की योजना पर काम कर रही है। सिंधिया ने बताया कि बिहार, झारखंड, असम और अन्य राज्यों के छोटे शहरों में विमानन सेवाओं के विस्तार के बाद इन क्षेत्रों के हवाई यातायात में दो लाख यात्री प्रति माह की वृद्धि दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा, (घरेलू मार्गों पर) हवाई टिकटों के दाम नीचे आ रहे हैं। देश के कुछ शहरों के बीच हवाई यात्रा के टिकट तो रेलवे की वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के टिकट से भी कम दाम पर जनता के लिए उपलब्ध हैं। अपने गृहराज्य मध्यप्रदेश में गुजरे चार महीनों के दौरान नागरिक उड्डयन सेवाओं के विस्तार का ब्योरा देते हुए सिंधिया ने बताया, जुलाई में मेरे नागरिक उड्डयन मंत्री बनने से पहले मध्यप्रदेश में हर हफ्ते विमानों की 554 आवा-जाही होती थी जो अब 50 प्रतिशत बढ़कर 833 प्रति सप्ताह पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि उनके नागरिक उड्डयन मंत्री बनने से पहले मध्यप्रदेश हवाई मार्ग के जरिए 27 शहरों से जुड़ा था और अब भारत का यह केंद्रीय सूबा दुबई समेत 49 शहरों से जुड़ गया है। सिंधिया ने बताया कि मार्च 2022 तक इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरोब्रिज की तादाद तीन से बढ़ाकर पांच कर दी जाएगी।

पेज एक का शेष

कश्मीर में...

तैनात सीआरपीएफ की टुकड़ियों की जगह लेंगी। बीएसएफ अब बैंक्वेट हॉल, श्रीनगर, आकाशवाणी, कश्मीर, बीएसएनएल एक्सचेंज लाल चौक, पुराना सचिवालय श्रीनगर, एससी/मंडल आयुक्त कार्यालय, रेडियो स्टेशन नरबल, हरि पर्वत किला और तेंगपोरा ब्रिज की सुरक्षा करेगी। इसी तरह शोपियां में बीएसएफ की दो कंपनियां गुजर हॉस्टल और वन सुरक्षा शिरमल की सुरक्षा में तैनात होंगी। जिले में जिला जेल और बीएसएनएल एक्सचेंज/एसबीआई/ डाकघर और जिला पुलिस लाइन को सुरक्षित करने के लिए बीएसएफ की अन्य तीन कंपनियां पुलवामा में सीआरपीएफ इकाइयों की जगह लेंगी। स्टेटिक गार्ड/महत्वपूर्ण स्थापना/आरओपी की ड्यूटी से बाहर की गई सभी 25 सीआरपीएफ कंपनियों को संबंधित जिलों में उग्रवाद प्रभावित इलाकों और ऐसी अन्य भूमिकाओं के लिए उपयोग किया जाएगा। श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 11 कंपनियां मुहैया कराई जाएंगी और गांदरबल और शोपियां में उनके समकक्षों को सीआरपीएफ से दो-दो कंपनियां मिलेंगी। एसएसपी पुलवामा को सीआरपीएफ की तीन कंपनियां आवंटित की जाएंगी। अधिकारियों ने कहा कि सीआरपीएफ की 25 कंपनियां पहले ही संबंधित स्थानों पर पहुंच चुकी हैं, लेकिन पता चला है कि बीएसएफ के जवान निर्धारित तैनाती के रास्ते में हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 60 से अधिक बटालियन जम्मू और कश्मीर में उग्रवाद और अन्य सुरक्षा भूमिकाओं के लिए तैनात हैं। अब अतिरिक्त जवान मिलने से यह संख्या बढ़कर 65 बटालियन हो जाएगी। एक बटालियन में आमतौर पर 1,000 कर्मी होते हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि सूक्ष्म प्रबंधन या अर्धसैनिक बलों की विस्तृत तैनाती को केंद्रीय बलों पर छोड़ दिया जाना चाहिए, क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश को अशांत क्षेत्र अधिनियम और सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत अधिसूचित किया जा रहा है।

सदी के...

विदेशों में कोयला चालित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए सार्वजनिक वित्त पोषण खत्म करने को सहमत हुए, लेकिन घरेलू स्तर पर कोयले का उपभोग चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया, जो शीर्ष कार्बन उत्सर्जकों -चीन और भारत- के लिए एक स्पष्ट सहमति है। कार्बन न्यूट्रेलिटी या नेट जीरो (निवल शून्य) उत्सर्जन का अर्थ वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों के जुड़ने और उनके हटने के बीच संतुलन स्थापित होना है। जी20 देश, विश्व के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के करीब तीन-चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार हैं और सम्मेलन की मेजबानी करने वाला देश इटली बढ़ते तापमान के प्रभावों से निपटने में गरीब देशों की मदद करते हुए उत्सर्जन घटाने के उपायों पर ठोस प्रतिबद्धता के लिए साझा आधार तलाश रहे हैं।

एनएच हुए...

स्पॉट' को दुरुस्त किया गया, जबकि 2020-21 में यह संख्या 1103 रही। 2021-22 में सितंबर 2021 तक 583 'ब्लैक स्पॉट' को दुरुस्त किया गया। प्राधिकरण के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों पर 3,996 'ब्लैक स्पॉट' पर कुल 57,329 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 28,765 लोगों की मौत हुई। इसने कहा कि कुल 60.43 प्रतिशत 'ब्लैक स्पॉट' दुरुस्त किए गए। राज्यों में, सर्वाधिक मौतें तमिलनाडु में (4,408) हुईं और इसके बाद उत्तर प्रदेश (4,218) का स्थान है। आंकड़ों के मुताबिक, सर्वाधिक 496 'ब्लैक स्पॉट' तमिलनाडु में हैं, जिसके बाद पश्चिम बंगाल (450), आंध्र प्रदेश (357), तेलंगाना (336) और उत्तर प्रदेश (327) का स्थान है।

जाइडस कैडिला...

के बाद, टीके के प्रत्एक खुराक की कीमत 358 रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 93 रुपए का एक डिस्पोजेबल जेट एप्लीकेटर भी शामिल है। इस मामले में अंतिम निर्णय इस सप्ताह होने की संभावना है। सूत्र ने बताया कि तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। देश में विकसित यह दुनिया का पहला ऐसा टीका है जो डीएनए-आधारित एवं सुई-मुक्त है। जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा नियामक से आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिली थी। इस बीच, सरकार अब भी टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) की सिफारिशों का इंतजार कर रही है, ताकि अन्य बीमारियों से ग्रसित वयस्कों और बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान में जाइकोव-डी की शुरुआत की जा सके। एनटीएजीआई इस टीके को कोविड-19 निरोधक अभियान में शामिल करने के लिए प्रोटोकॉल और रूपरेखा प्रदान करेगा।

बाजारों में...

मामले बढ़े थे। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 नवंबर को उन जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक करने का फैसला किया है, जहां कम टीकाकरण कवरेज की सूचना प्राप्त हुई है। सरकार 12 राज्यों के इन 48 जिलों में में टीकाकरण संख्या बढ़ाने के लिए हर घर दस्तक अभियान शुरू किया है। इनमें से लगभग आधे पूर्वोत्तर क्षेत्र में हैं जबकि सबसे ज्यादा ऐसे जिले झारखंड में हैं जहां कोविड टीकाकरण प्रतिशत बहुत कम यानि 50 फीसदी से भी कम है। घर-घर टीकाकरण अभियान के पहले चरण में कोविड टीका की पहली खुराक का कवरेज 16.1 से 49.9 फीसदी के साथ 13 राज्यों के इन 48 जिलों को लक्षित किया जाएगा। झारखंड के 24 में से 10 जिले कम कवरेज सूची में हैं। दिल्ली में उत्तर पश्चिमी दिल्ली ने सबसे कम वैक्सीन कवरेज की जानकारी दी है। असम, हरियाणा, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और बिहार में भी एक ऐसा जिला है जहां वैक्सीन की खुराक में सुधार नहीं हुआ है। महाराष्ट्र में एक जिला, जबकि अरुणाचल प्रदेश में छह जिलों को टीकाकरण बढ़ाने को हर हिसाब से काम करने की जरूरत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन और कोप 26 से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कम टीकाकरण कवरेज वाले जिलों के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में पहली खुराक के 50 प्रतिशत से कम कवरेज और कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक की कम कवरेज वाले जिले शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक इस मौके पर इन राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने अंतिम मासिक रेडियो वार्ता मन की बात और अन्य संबोधनों में सभी से सावधानी बरतने का आह्वान किया और लोगों से कहा कि वे टीकाकरण जारी रखें और कोविड-19 को हराने के लिए खुद को बचाएं और मास्क का प्रयोग करें। उन्होंने कहा है कि लोगों को त्योहारों के दौरान अपने सुरक्षा मानकों को कम नहीं करने देना चाहिए। पिछले सप्ताह राज्यों के साथ बैठक में स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने कहा था कि देश में 10.34 करोड़ से अधिक लोग हैं जिन्होंने निर्धारित अंतराल के बाद दूसरी खुराक नहीं ली है।

पिछले साल...

ठप्प होने के कारण बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन 'सेव द चिल्ड्रन' के उप निदेशक प्रभात कुमार ने कहा कि कोविड-19 के परिणामस्वरूप स्कूल बंद होने के अलावा सामाजिक अलगाव के कारण बच्चों समेत वयस्कों का मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

न्यायिक सेवा...

सेवा आयोग (यूपीएससी) निचली अदालतों के लिए न्यायाधीशों की भर्ती के वास्ते मानक प्रवेश परीक्षा करा सकता है। चूंकि निचली अदालतों में स्थानीय भाषाओं में दलीलें दी जाती हैं तो ऐसी आशंकाएं हैं कि उत्तर भारत का कोई व्यक्ति दक्षिणी राज्यों में कैसे सुनवाइयों में भाग ले सकता है। हालांकि, सरकार का कहना है कि आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी भाषाई बाधाओं से पार पाते हुए विभिन्न राज्यों में सेवाएं देते हैं। सरकार का मानना है कि अगर ऐसी सेवा का गठन होता है तो इससे प्रतिभाशाली लोगों का एक पूल बनेगा, जो बाद में उच्च न्यायपालिका यानी 25 उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय का हिस्सा बन सकते हैं।

मौत से...

लगी रहीं- उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। नारी शक्ति की बेहतरीन उदाहरण श्रीमती इंदिरा गांधी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने शक्ति स्थल पहुंचकर इंदिरा गांधी को पुष्प अर्पित किए। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी आयरन लेडी के नाम से मशहूर रहीं गांधी को श्रद्धांजलि दी।

इंदिरा को...

संबंध है। उन्होंने कहा, या फिर यह दो दिन पहले हुई नियुक्ति के आलोक में- दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है-का मामला है। टाइटलर का नाम 1984 के सिख विरोधी दंगों के सिलसिले में आया था। जाखड़ ने एक अन्य ट्वीट में कहा,...मैं जानता हूं कि कैप्टन साब (अमरिंदर) पिछले साल के पंजाब सरकार के इस विज्ञापन का मेरे द्वारा इस्तेमाल किए जाने को अन्यथा नहीं लेंगे। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल जैसे विपक्षी दलों ने टाइटलर की नियुक्ति पर चन्नी नीत सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा नेता तरुण चुघ ने शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू को यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या उन्होंने दिल्ली कांग्रेस की नई कार्यकारिणी समिति में स्थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में जगदीश टाइटलर के नाम का समर्थन किया था।

जापान में राष्ट्रीय चुनाव फुमियों किशिदा की पहली बड़ी परीक्षा

एपी। टोक्यो

जापान में रविवार को हो रहे राष्ट्रीय चुनाव प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के लिए पहली बड़ी परीक्षा होंगे। जिनमें यह तय होगा कि कोरोना वायरस से प्रभावित अर्थव्यवस्था, देश की बुजुर्ग होती और घटती आबादी तथा चीन एवं उत्तर कोरिया से आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें पर्याप्त जनादेश प्राप्त है या नहीं।

यह चुनाव जापान की संसद के शक्तिशाली निचले सदन की 465 सीटों के लिए हो रहे हैं। किशिदा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को कुछ सीटों का नुकसान होने का अनुमान है लेकिन अपनी गठबंधन सहयोगी कोमेटो के साथ उसे अब भी आसान बहुमत मिल सकता है। सत्तारूढ़ दल में नेतृत्व की दौड़ जीतने के बाद किशिदा (64) इसी वर्ष चार अक्टूबर को प्रधानमंत्री बने हैं। पद संभालने के महज दस दिन बाद ही किशिदा ने निचले सदन को भंग कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आरंभ करने से पहले वह अपनी नई सरकार के लिए मतदाताओं से जनादेश प्राप्त करना चाहते हैं।

इससे पहले 12 दिन तक चुनाव प्रचार चला था जो मुख्य रूप से कोविड-19 से निबटने के उपायों और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने पर केंद्रित रहा। किशिदा की सत्तारूढ़ पार्टी चीन के बढ़ते दबदबे और उत्तर कोरिया की ओर से पैदा होने वाले मिसाइल एवं परमाणु खतरे के बीच सेना को मजबूत बनाने के महत्व पर जोर दे रही है वहीं विपक्षी नेताओं का कहना है कि सरकार ने गरीब और अमीर के बीच की खाई को और गहरा कर दिया है, वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौरान अर्थव्यवस्था को संबल नहीं दिया और उसके शासन में लैंगिक समानता तथा विविध प्रकार की पहल ठप पड़ गई हैं।

जापान की संसद के 465 सदस्ईय निचले सदन में बहुमत का आंकड़ा 233 है। अभी एलडीपी के पास 276 सीटें हैं और मीडिया में आए सर्वेक्षण बताते हैं कि पार्टी को कुछ सीटों का नुकसान हो सकता है। चुनाव के नतीजे सोमवार तक आ सकते हैं। जापान में प्रधानमंत्री किशिदा की पार्टी के गठबंधन का बहुमत बना रहेगा: एनएचके का एग्जिट पोल: तोक्यो, 31 अक्टूबर (एपी) जापान के सरकारी टेलीविजन एनएचके ने एग्जिट पोल में अनुमान जताया है कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की पार्टी का गठबंधन रविवार को संसदीय चुनाव में बहुमत बनाए रखेगा, हालांकि इसके कुछ सीटों को गंवाने की उम्मीद है।

अमेरिका में हैलोवीन पार्टी में गोलीबारी एक व्यक्ति की मौत

एपी। टेक्साकाना (अमेरिका)

पूर्वी टेक्सास में एक हैलोवीन पार्टी में गोलीबारी होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने एक बयान में बताया कि टेक्साकाना में शनिवार देर शाम को एक कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी हुई जहां करीब कम से कम सैंकड़ों लोग थे।

पुलिस के अनुसार 10 लोगों को गोलियां लगी जिन्हें अस्तपालों में भर्ती किया गया। उनमें 20 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। वैसे उसका नाम नहीं बताया गया है।

पुलिस के मुताबिक बाकी नौ की स्थिति नाजुक नहीं जान पड़ रही है। संदिग्ध हमलावर को हिरासत में नहीं लिया जा सका, क्योंकि वह एक अज्ञात वाहन से मौके से फरार हो गया।

बाइडन ने एर्दोआन से अमेरिका-तुर्की संकट टालने के लिए कहा

एपी। रोम

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन से कहा कि दोनों देशों को असहमितयों का बेहतर प्रबंधन करने की जरूरत है।

हाल में अमेरिकी राजदूत को मान्यता नहीं देने की तुर्की की धमकी तथा रूस में निर्मित (एस - 400) मिसाइल रक्षा प्रणाली उसके द्वारा खरीदे जाने से नाटो सहयोगियों के बीच तनाव पैदा हो गया था। भेंट से पहले एर्दोआन के साथ खड़े नजर आए बाइडन ने कहा, हमारी अच्छी बातचीत की योजना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानवाधिकारों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने तब भी कुछ नहीं कहा जब उनसे पूछा गया कि क्या तुर्की रूस के बहुत करीब चला गया है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि भेंटवार्ता के दौरान बाइडन ने नाटो सहयोगी के तौर पर एवं अमेरिका के साथ रक्षा साझेदारी को लेकर तुर्की की महत्ता दोहराई लेकिन एर्दोआन के सामने तुर्की द्वारा रूसी एस - 400 मिसाइल प्रणाली प्राप्त करने पर चिंता रखी। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा है कि रूस की इस रक्षा प्रणाली को खरीदने के सौदे पर भले ही 2017 में विवाद खड़ा किया गया लेकिन वह रूसी मिसाइल प्रणाली की खरीद के पक्ष में हैं।

हाल के सप्ताहों में नाटो सहयोगी के तौर पर तुर्की की भूमिका कड़ाई से परखी जा रही है। एर्दोआन ने 23 अक्टूबर को एक रैली में कहा था कि जेल में बंद एक समाजसेवी की रिहाई की मांग करने वाले 10 विदेशी राजदूतों को अवांछित करार दिया जाना चाहिए।

अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिनिधियों समेत दस राजदूतों ने उससे पहले बयान जारी करके व्यापारी एवं समाजसेवी व्यक्ति ओस्मान कवाला के मामले के समाधान का आह्वान किया था जिन्हें किसी अपराध में बिना दोषी ठहराए 2017 से जेल में रखा गया है।

सितंबर में तुर्की की समाचार समिति अनादोलु ने एर्दोआन के हवाले से कहा, मैं ईमानदारी से नहीं कह सकता हूं कि तुर्की-अमेरिकी संबंध में सब कुछ अच्छा चल रहा है। तुर्की ने जब एस- 400 प्रणाली खरीदी थी तब उसे एफ-35 लड़ाकू विमानों को खरीदने के एक अमेरिकी कार्यक्रम से बाहर कर दिया था। अमेरिका को नाटो गठबंधन के भीतर रूसी प्रणाली के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति है और उसका कहना है कि यह एफ-35 के लिए खतरा है। हालांकि तुर्की कहता है कि एस -400 का इस्तेमाल नाटो प्रणालियों में शामिल किए बगैर स्वतंत्र रूप से की जा सकती है, इसलिए कोई खतरा नहीं है।

अंटार्कटिका में ग्लेशियर का नाम ग्लासगो जलवायु सम्मेलन पर रखा गया

रोम। स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में रविवार से शुरू हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मद्देनजर इस शहर के सम्मान में सुदूर अंटार्कटिका में एक ग्लेशियर का नाम ग्लासगो ग्लेशियर रखा गया है। तेजी से पिघल रहे 100 किलोमीटर लंबे हिमशैल का लीड्स विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने सीओपी26 शिखर सम्मेलन के अवसर पर औपचारिक नामकरण किया है। यह इस बात की याद दिलाता है कि जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में तत्काल कार्वाई कितनी जरूरी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि प्रकृति के इस चमचमाते विशालकाय हिस्से का नाम उस शहर के नाम पर रखा जाएगा जहां अगले सप्ताह मानव जाति धरती के भविष्य के लिए लड़ने के इरादे से एकत्रित होगी, जो हमें इस बात की याद दिलाता है कि हम संरक्षण के लिए क्या काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि अगले सप्ताह सभी देश जिम्मेदारी और आकांक्षा की भावना से एकत्रित होंगे ताकि हम 1.5 डिग्री के लक्ष्य को जीवंत रख सकें। ग्लासगो के अलावा आठ नए ग्लेशियरों का नाम जिनेवा, रियो, बर्लिन, क्योतो, बाली, स्टॉकहोम, पेरिस और इंचियन रखा गया है। सभी उन शहरों के नाम पर हैं जहां संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण जलवायु शिखर वार्ताओं के आयोजन हुए। लीड्स स्कूल ऑफ अर्थ एंड एनवॉयरमेंट की पीएचडी शोधार्थी हीथर सेली ने पश्चिम अंटार्कटिका के गेज बेसिन में 14 ग्लेशियरों की पहचान की है।

रूस में कोविड-19 के 40,993 नए मामले

मॉस्को। रूस में कोविड-19 के रिकॉर्ड 40,993 नए मामले सामने आए हैं और देश में संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए ज्यादातर कारोबारी प्रतिष्ठान बंद हैं।

राष्ट्रीय कोरोना वायरस कार्य बल ने रविवार को 40,993 नए मामले दर्ज किए, जो कि एक दिन पहले की तुलना में 700 ज्यादा है। वहीं रविवार को 1,158 मरीजों की मौत हुई जो कि शुक्रवार के रिकॉर्ड 1,163 मौत से थोड़ा ही कम है। इसके साथ ही रूस में कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 238,538 हो गई, जो कि यूरोप में अब तक सबसे ज्यादा है।

14.6 करोड़ की आबादी वाले इस देश में अब तक संक्रमण के 85.1 लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं। कार्य बल सिर्फ कोरोना वायरस से सीधे होने वाली मौतों की गिनती करता है, जबकि राज्य सांख्यिकीय सेवा रोसस्टैट कोविड-19 मौत की गिनती व्यापक मानदंडों के तहत करता है।

मछली पकड़ने के विषय पर फ्रांस व ब्रिटेन के बीच विवाद गहराया

- मैक्रों और जानसन ने की बैठक

एपी। रोम

फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इंग्लिश चैनल में मछली पकड़ने को लेकर बढ़ते विवाद का हल करने की कोशिश के तहत रविवार को एक बैठक की, लेकिन इसके बाद दोनों देशों के बीच दूरी और बढ़ती नजर आई तथा उन्होंने बैठक के नतीजों पर बिल्कुल अलग-अलग बयान दिए।

ब्रिटेन के समुद्र तटीय जल में मछली पकड़ने का लाइसेंस देने को लेकर ब्रेक्जिट (यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने) के बाद तकरार बढ़ गई है। रोम में जी20 सम्मेलन से अलग मैक्रों और जॉनसन के बीच आधे घंटे की बैठक के बाद एक शीर्ष फ्रांसीसी अधिकारी ने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि तनाव की स्थिति में एक दूसरे से बात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तनाव घटाने के लिए यथाशीघ्र कदम उठाने की जरूरत है।

हालांकि ब्रिटेन ने इस बात से इनकार किया है कि दोनों नेता तनाव घटाने के लिए कदम उठाने पर सहमत हुए हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यह जलक्षेत्र पर दावा करना पूरी तरह से फ्रांस पर निर्भर है। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि बैठक के दौरान जॉनसन ने फ्रांस के रुख पर एक बार फिर गंभीर चिंता प्रकट की और और उम्मीद जताई कि फ्रांस सरकार तनाव घटाएगी। जॉनसन के प्रवक्ता मैक्स ब्लेन कहा कि हमारा रुख नहीं बदला है। उन्होंने कहा, यह फ्रांस को निर्णय करना है कि क्या वे उन धमकियों को वापस लेंगे जो उन्होंने हाल के दिनों में दिया था।

उल्लेखनीय है कि फ्रांस का दावा है कि कुछ नौकाओं को उस जल क्षेत्र में मछली पकड़ने की अनुमति नहीं दी गई, जहां वे लंबे समय तक नौवहन करते रहे हैं। यूरोपीय मामलों के फ्रांस के मंत्री क्लीमेंट बिउने ने रविवार को ब्रिटेन पर आरोप लगाया कि वह फ्रांस को राजनीतिक तौर पर निशाना बना रहे हैं और कहा कि ब्रिटेन ने दोनों पक्षों द्वारा सहमति बने ब्रेक्जिट समझौते का उल्लंघन किया है।

मैक्रों ने कहा कि जॉन्सन को ब्रिटेन द्वारा किए गए वादों का सम्मान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, फ्रांस और ब्रिटेन आने वाले समय में इस विषय पर वार्ता करेंगे। हालांकि ब्रिटेन ने ऐसी किसी वार्ता की योजना होने से इनकार किया।

यमन के अदन शहर में कार बम विस्फोट के बाद का एक दृश्य

PUBLIC NOTICE

NOTICE No: DUBAI/Cons/434/MR/2021-(276) dated 24/10/2021. Mr. HARPREET SINGH S/o GURPAL SINGH, Resident of 23/31, B Moon Avenue Majitha Road, Amritsar, India, Present Address: 1701A-C2, City Towers, Ajman-UAE and Miss. BHAIRAVI PRAKSH D/o VIBHRO PRAKASH, Resident of C-1/102 Mayfair Towers Charmwood Village, New Delhi-110044, INDIA, Present Address: Villa 33B, ST.52B, Mirdif, Dubai, UAE.

Above mentioned Indian Nationals are presently Residing in the UAE, have given notice of intended marriage between them under the Foreign Marriages Act, 1969. If anyone has any objection to the proposed marriage he/she should file the same with the undersigned according to the procedure laid down under the Act/Rules within THIRTY days from the date of publication of this notice.

Sd/-
Jitender Singh Negi
Marriage Officer, Consulate General of India,
P.O. Box 737, Dubai, UAE.
Fax No. 0097143970453
Email: cons1.dubai@mea.gov.in, cons3.dubai@mea.gov.in
Homepage: wwwcgidubai.gov.in

एंटनी ब्लिंकन ने चीन के समक्ष ताइवान को लेकर चिंताएं जताई

एपी। रोम

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच अत्यधिक प्रतिस्पर्धी संबंध खुले संघर्षों में न बदलें। अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बातचीत को स्पष्ट, रचनात्मक और सार्थक बताते हुए कहा कि ब्लिंकन तकरीबन एक घंटे तक चली बैठक के दौरान अमेरिका की चिंताओं को लेकर स्पष्ट रहे। अमेरिका के उद्देश्यों में से एक चीन के साथ खुला संवाद बनाए रखना और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तथा उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के बीच इस साल के अंत में एक डिजिटल बैठक की योजना बनाना है।

ब्लिंकन ने बैठक में कहा कि चीन ने ताइवान के संबंध में तनाव बढ़ा दिया है और अमेरिका एक-चीन की अपनी नीति को जारी रखना चाहता है। गौरतलब है कि चीन ने अक्टूबर की शुरुआत में अपने राष्ट्रीय दिवस के सप्ताह में दक्षिणपश्चिम ताइवान में 149 सैन्य विमान भेजे थे। बाइडन ने चीन को आगाह करते हुए कहा था कि चीन के हमलों की स्थिति में ताइवान की रक्षा में मदद के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता है। सीएनएन टाउन हॉल में यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका, ताइवान की रक्षा के लिए आएगा, इस पर बाइडन ने कहा कि हां, हमारी ऐसा करने की प्रतिबद्धता है। ब्लिंकन ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद स्कॉटलैंड में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन हो रहा है और अमेरिका उम्मीद करता है कि चीन दुनिया के भले के लिए एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के तौर पर अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती लाए।

दोनों नेताओं ने व्यापार के मुद्दों पर बात नहीं की और न ही चीन के हाल में परमाणु संपन्न हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण पर चर्चा की गई।

टोक्यो में ट्रेन में एक व्यक्ति ने 17 को चाकू मारा, आग लगाई

एपी। तोक्यो

तोक्यो में रविवार को यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में एक व्यक्ति ने कई लोगों को चाकू मार दिया और फिर आग लगा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। तोक्यो अग्निशमन विभाग ने बताया कि घटना में कम से कम 17 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक है। एनएचके टेलीविजन ने बताया कि हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, उसके बारे में अभी यही पता चल पाया है कि उसकी आयु 20 साल के आसपास है और मामले की जांच जारी है। तोक्यो पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि घटना कोकुरयो स्टेशन के निकट केइयो ट्रेन के अंदर हुई। हमलावर की मंशा का तत्काल पता नहीं चल पाया है।

टेलीविजन फुटेज में कई अग्निशामक, पुलिस अधिकारी और पैरामेडिकलकर्मी यात्रियों को बचाते हुए दिख रहे हैं, कई यात्री ट्रेन की खिड़कियों से कूद कर भागते हुए दिख रहे हैं। एक वीडियो में, एक और डिब्बे से यात्री भागते हुए दिख रहे हैं, जहां आग की लपटें उठ रही थीं। एनएचके ने कहा कि संदिग्ध ने यात्रियों को चाकू मारने के बाद तेल जैसा तरल पदार्थ डाला और आग लगा दी। वीडियो बनाने वाले शुनसुके किमुरा ने एनएचके को बताया कि उन्होंने यात्रियों को भागते हुए देखा और जब उन्होंने यह पता लगाने की कोशिश की कि क्या हुआ है, तो उन्होंने धमाके की आवाज सुनी और धुआं उठता देखा। तोक्यो में ट्रेन के अंदर चाकू से हमले की दो महीने में यह दूसरी घटना है। इससे पहले अगस्त में तोक्यो ओलंपिक के समापन समारोह से एक दिन पहले 36 वर्षीय व्यक्ति ने तोक्यो में एक यात्री ट्रेन में 10 लोगों को चाकू मार दिया था। संदिग्ध ने बाद में पुलिस को बताया था कि वह खुश दिख रही एक महिला पर हमला करना चाहता था।

पाकिस्तान सरकार व टीएलपी ने लंबी बातचीत के बाद किया समझौता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार और प्रतिबंधित तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) संगठन लंबी बातचीत के बाद एक समझौते पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा नियुक्त वार्ता दल ने रविवार को इसकी घोषणा की। फ्रांस के राजदूत के निष्कासन और टीएलपी के प्रमुख की रिहाई की मांग को लेकर कुछ दिनों से हिंसक विरोध- प्रदर्शन के बाद यह समझौता हुआ है।

प्रधानमंत्री खान ने शनिवार को प्रभावशाली मौलवियों के एक समूह को टीएलपी के साथ बातचीत करने का काम सौंपा था। टीएलपी के हजारों सदस्यों ने 15 अक्टूबर को लाहौर से इस्लामाबाद की ओर तब मार्च करना शुरू कर दिया था, जब सरकार ने घोषणा की थी कि वह फ्रांसीसी दूत के निष्कासन की उसकी मांग को पूरा नहीं कर सकती है। समझौते में विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष असद कैसर, संसदीय कार्य मंत्री अली मोहम्मद खान आदि शामिल थे।

सार्वजनिक सूचना

जबकि, विपुल लिमिटेड और अन्य सेक्टर-53, गुरूग्राम में 19.244 एकड़ भूमि जो लाइसेंस नं 168-172 वर्ष 2004 दिनांक 16.12.2004 और लाइसेंस नं. 545-546 वर्ष 2006 दिनांक 13.03.2006 के तहत आती है, पर एक ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के विकास की प्रक्रिया में हैं।

और जबकि, कई व्यक्तियों ने उक्त कॉलोनी (बाद में आवंटी के रूप में संदर्भित) में फ्लैट/संपत्ति के आवंटन के लिए बुकिंग/फ्लैट खरीदार समझौता किया है। और, जबकि, उक्त कॉलोनी के लिए पूर्व में स्वीकृत भवन योजनाओं को अब संशोधित करने का प्रस्ताव है।

और जबकि, कार्यालय महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ ने उक्त भवन योजनाओं के पुनरीक्षण के खिलाफ आपत्ति की मांग की है।

तद्नुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उक्त कॉलोनी के किसी भी आवंटी से उक्त कॉलोनी के भवन योजना के प्रस्तावित संशोधन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। पूर्व में अनुमोदित भवन योजना मेमो नं. ZP-170/SD(BS)/2018/6968 दिनांक 26.02.2018 की एक प्रति और सैद्धांतिक रूप से संशोधित भवन योजना मेमो संख्या ZP-170/AD(RA)/2021/27766 दिनांक 28.10.2021 के माध्यम से अवलोकन के लिए हमारी वेबसाइट (www.vipulgroup.in) एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विपुल टेकस्क्वायर, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर-43, गुरुग्राम में और सीनियर टाउन प्लानर, गुरुग्राम के कार्यालय में भी उपलब्ध है।

यदि किसी भी आवंटी को संशोधित भवन योजना पर आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर सीनियर टाउन प्लानर, सेक्टर 14, गुरुग्राम के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि भवन योजनाओं में प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति नहीं है।

कृते विपुल लिमिटेड
विपुल टेकस्क्वायर, गोल्फ कोर्स रोड,
सेक्टर-43, गुरूग्राम

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक: 01.11.2021

गणराज्य के लिबेरेक में माउंट जेस्टेड के नीचे एक गिरी हुई फनिक्युलर कैब में बचाव अभियान चलाते राहतकर्मी

तनाव के बीच अमेरिकी बमवर्षक विमान ने पश्चिम एशिया में उड़ान भरी

दुबई। ईरान के साथ जारी तनातनी के बीच अमेरिकी वायु सेना ने रविवार को कहा कि उसने इजराइल समेत अपने सहयोगियों के साथ पश्चिम एशिया में प्रमुख समुद्री व्यस्त संकीर्ण मार्गों पर एक बी-1 बी बमवर्षक विमान उड़ाया है।

बी-1 बी लांसर बमवर्षक विमान ने शनिवार को फारस की खाड़ी के संकरे मुहाने होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर से उड़ान भरी, जिसके जरिए दुनिया के तेल कारोबार का 20 प्रतिशत हिस्से का परिवहन होता है।

विमान ने लाल सागर, संकरे बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और मिस्र की स्वेज नहर के ऊपर भी उड़ान भरी। हाल के वर्षों में होर्मुज खाड़ी में कई बार हमले हुए हैं जिसका दोष ईरान पर मढ़ा गया है। ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के दौरान लाल सागर में भी हमले बढ़े हैं। ईरान ने हमलों में संलिप्तता से इनकार किया है लेकिन परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाए जाने के कारण उसने इजराइल के खिलाफ बदले की कार्रवाई की बात कही थी।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सूडान की सेना से सत्ता लौटाने को कहा

काहिरा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने रविवार को सूडान के सैन्य जनरल से देश की सत्ता लौटाने का आग्रह किया। एक दिन पहले ही तख्तापलट के बाद से देश में सबसे बड़े लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे थे। गुतारेस ने कहा कि सैन्य अधिकारियों को शनिवार के विरोध प्रदर्शनों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि यह वैध संवैधानिक व्यवस्था की तरफ लौटने का समय है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव सत्ता साझेदारी समझौते का जिक्र कर रहे थे जिसके तहत उमर अल-बशीर और उनकी इस्लामी सरकार को हटाने के बाद अप्रैल 2019 में संयुक्त सैन्य-नागरिक शासन स्थापित किया गया। गुतारेस ने शनिवार को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए अपराधियों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री मोदी के ब्रिटेन दौरे से द्विपक्षीय संबंध नए युग की दहलीज पर: भारतीय दूत

भाषा। लंदन

ब्रिटेन में भारत की उच्चायुक्त गायत्री इस्सर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक पथ पर और संभावित रूप से एक नए युग की दहलीज पर हैं।

मोदी सोमवार और मंगलवार को ग्लासगो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र कॉप-26 जलवायु सम्मेलन के विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएलएस) में भाग लेने के साथ ही सम्मेलन से इतर अपने ब्रिटिश समकक्ष बोरिस जॉनसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ब्रिटेन में भारत की दूत ने उल्लेख किया कि दोनों देशों की द्विपक्षीय भागीदारी की तैयारी में वाणिज्यिक संबंधों से लेकर समुद्री सुरक्षा और अंतरिक्ष के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है। कुमार ने मोदी की ब्रिटेन यात्रा की पूर्व संध्या पर कहा कि भारत-ब्रिटेन साझेदारी बहुत ही सकारात्मक पथ पर, संभावित रूप से एक नए युग की दहलीज पर है। उन्होंने कहा कि यह व्यापक, रणनीतिक साझेदारी है, जो विभिन्न क्षेत्रों की एक सतत-विस्तारित सीमा को कवर करती है। यह एक कुशल संस्थागत ढांचे के आधार पर है, जैसा कि होना चाहिए। उच्चायुक्त ने पुष्टि की कि मई में मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष जॉनसन के बीच 2030 रोडमैप पर सहमति बनी थी। दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ यह पटरी पर बना हुआ है।

Sale Notice

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

Case Details	Asset Details
ICICI Bank Ltd Vs Mohd. Umer, Ex. No. 35/2017	Vehicle No- DL8CAD2695,Make & Model-MARUTI SWIFT, Manu Year-2014
ICICI Bank Ltd Vs Abhi Nayyar, Ex No. 214/21	Vehicle No- HR12U0166, Make & Model-MAHINDRA 2.6 SLX, Manu Year- 2012
ICICI Bank Ltd Vs Ravinder, CS (Comm) 1560/20	Vehicle No- HR26CD9757, Make & Model-MAHINDRA XUV 500 W8, Manu Year-2014
ICICI Bank Ltd Vs Mansi Gupta, CS (Comm) No. 960 of 2020	Vehicle No- DL10CJ1180, Make & Model-MAHINDRA TUV300 T8, Manu Year- 2017
ICICI Bank Ltd Vs Siddharth Bhattacharya, CS (Comm) No.1066/2020	Vehicle No- UP16BC4409, Make & Model- HYUNDAI CRETA SX, Manu Year- 2015
ICICI Bank Ltd Vs Mukarram Ali, CS (Comm) No. 677/19	Vehicle No- DL12CM9535,Make & Model – MARUTI BALENO,Manu Year- 2017

Auction Date: 16-November-2021 From 11:00 am to 2:00 pm.
Venue: Godara Yard, Khewat No: 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram– 122022.
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)

Terms of Sale
The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at site with original KYC proofs to participate in the auction and .
Successfully approved bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8, New Delhi- 110085.** for details and inspection of the said hypothecated vehicle.

मेडिकल इंटर्नशिप की कैसे करें तैयारी

डॉ. विशाल एम बलरामनवर का कहना है कि इंटर्नशिप सीखने और हमारी पढ़ाई को कार्यस्थल पर पेश करने का अवसर देती है

2020 तक देश में लगभग 600 मेडिकल स्कूल हैं जहां हर साल 50 हजार से ज्यादा छात्र नीट के माध्यम से इन मेडिकल कॉलेजों के लिए क्वालीफाई करने के बाद दाखिला लेते हैं। इंटर्नशिप का साल, पूरी तरह से खोजे गए चिकित्सा पेशेवर बनने से पहले, एक मेडिकल-छात्र के जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंटर्नशिप के दौरान ही मेडिकल छात्र उस वास्तविक शिष्टाचार को सीखते हैं जिसमें डॉक्टर काम करते हैं। यहीं पर वे चिकित्सा की पेचीदगियां सीखते हैं।

साढ़े चार साल की पढ़ाई के बाद आखिरकार खुद को काम में लगाने का समय आ गया है। इंटर्नशिप हमें और भी बहुत कुछ सीखने का और अपनी पढ़ाई को काम में लाने के लिए मंच तैयार करने का मौका देती है।

एक नई जगह पर होना, जहां अब आपके दोस्त या शिक्षक नहीं होंगे, लेकिन मरीज और अस्पताल के कर्मचारी होंगे, यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं जिनका पालन व्यक्ति को एक सफल और शांत इंटर्नशिप के लिए करना चाहिए।

व्यवस्थित रहें

एक इंटर्न होने के नाते, आपके दिमाग में बहुत कुछ होगा और चूंकि यह नया है, इसलिए एक समय में कई चीजों पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल है। इसके लिए व्यवस्थित होने का प्रयास करें। एक कार्य-सूची बनाएं और अपने अधिकांश कामों को एक-एक करके पूरा करने का प्रयास करें। जब संदेह या सहायता की आवश्यकता हो तो हमेशा अपने वरिष्ठों से मदद मांगने के लिए पर्याप्त आश्वस्त रहें और देखें कि उन्होंने खुद को व्यवस्थित रखने के लिए अपने उपकरणों पर कैसे पकड़ बनाई हुई है।

मूल बातें जानें

एक इंटर्न या प्रशिक्षु के रूप में, यदि आप उन बीमारियों के बारे में नहीं जानते हैं जो आम नहीं हैं तो यह ठीक है और अक्सर अनदेखी रह जाती है, लेकिन मूल बातें अच्छी तरह से सीखना जरूरी है जो कि मतली जैसी सामान्य बीमारियों के लक्षणों व प्रथाओं को जानना, दर्द को कैसे नियंत्रित किया जाए आदि। इन प्रथाओं को याद रखने के तरीकों में से एक है इंटरनेट पर इंटर्न गाइड की मदद लेना जो आपको बहुत सारी जानकारी देती है।

चौकस रहें

एक इंटर्न के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि सभी वरिष्ठ कर्मचारियों व डॉक्टरों को ध्यान से सुनें और ध्यान से देखें। एक प्रशिक्षु होने के नाते इससे आपको लाभ मिलता है क्योंकि आपको किसी विशेष विषय के बारे में सब कुछ जानने की जरूरत नहीं है चूंकि आप वहां सीखने के लिए हैं। इंटर्नशिप में, सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इसका सबसे अच्छा और आदर्श तरीका है बोलने से ज्यादा सुनना।

अपने रोगी का अध्ययन करें

अपनी रोगी की फाइलों को पढ़ने से आप अपने रोगी, उसके लक्षणों, दवाओं, प्रतिक्रियाओं, एलर्जी व अन्य बहुत कुछ के बारे में बेहतर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मरीजों उम्मीद करते है कि उनके देखभाल-प्रदाता उनकी चिकित्सा स्थितियों को अच्छी तरह से जानते हैं और सर्वोत्तम संभव उपचार प्रदान करते हैं। अपनी रोगी की फाइलों को पढ़ना न केवल आपको बेहतर सहायता प्रदान करने में मदद करता है बल्कि कमजोर बिंदुओं की पहचान करने की आपकी क्षमता बढ़ाता है व अन्य मामलों में आपके ज्ञान का भी विस्तार करता है।

> एक प्रशिक्षु के रूप में, आपके आस-पास के लोग आपसे बहुत सी बातें जानने की अपेक्षा नहीं करते हैं। इसलिए अपनी इंटर्नशिप के शुरुआती चरण से खुद पर बहुत अधिक दबाव डालने से आपका आत्मविश्वास कम हो जाएगा, भले ही यह आपकी खूबी हो, मगर इसके परिणामस्वरूप खराब प्रभाव पड़ेगा।

मरीज के परिवार से बात करें

एक इंटर्न के रूप में, यह बहुत संभव है कि आप रोगी व उसके उपचार के बारे में अधिक न जानते हों, लेकिन अधिकांश समय परिवार केवल स्वास्थ्य संबंधी नयी जानकारियां पाना चाहता है। यह जरूरी है कि रोगी के परिवार के प्रति अच्छे व उत्तरदायी हों और उनका भरोसा बनाए रखें। ज्यादातर समय परिवार धन्यवाद कहकर जवाब देता है जिससे व्यक्ति अच्छा और संतुष्ट महसूस करता है।

खुद को शांत रखें

एक प्रशिक्षु के रूप में, आपके आस-पास के लोग आपसे बहुत सी बातें जानने की अपेक्षा नहीं करते हैं। इसलिए अपनी इंटर्नशिप के शुरुआती चरण से खुद पर बहुत अधिक दबाव डालने से आपका आत्मविश्वास कम हो जाएगा, भले ही यह आपकी खूबी हो, मगर इसके परिणामस्वरूप खराब प्रभाव पड़ेगा। स्वयं को शांत रखने की याद दिलाएं और एक मुस्कुराता चेहरा रखने की कोशिश करें, अच्छा रवैया अपनाएं और उन चीजों का अनुसरण करें, जो महत्वपूर्ण हैं।

टीम के खिलाड़ी बनें

इंटर्न होने के दौरान आप अपने आस-पास की हर चीज के लिए नए होते हैं। इस दौरान टीम का खिलाड़ी होना जरूरी है। अपनी टीम के साथ रहने से न केवल आपको अपने रोगी का स्वास्थ्य सुधारने में मदद मिलेगी बल्कि इससे एक पर्याप्त स्तर पर कुशल टीम कुशल होने के लिए आवश्यक विश्वास और जुड़ाव भी कायम होगा। अस्पताल में कुछ भी ठीक से काम नहीं करेगा यदि आपकी टीम, जिसमें साथी इंटर्न, वरिष्ठ जन, फ्लेबॉटोमिस्ट, चिकित्सा सहायक, नर्स, अस्पताल ट्रांसपोर्टर आदि शामिल होते हैं, परस्पर तालमेल, धैर्य और सम्मानपूर्वक काम नहीं करते हैं। एक छात्र चिकित्सक होने के रूप में आपके जीवन के साढ़े पांच साल, अत्यंत आवश्यक और अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिसमें से वो एक पूरा वर्ष होता है जहां आपके हिस्से अलग-अलग आवासीय रोटेशन आता है और आप बहुत से अलग-अलग लोगों से मिलते हैं जो आपको, आपके विकास के लिए आवश्यक, अनुभव और ज्ञान प्राप्त करने में मदद करता है। हालांकि एक प्रशिक्षु होने के नाते, आपके पास समय सीमित व करने के लिए बहुत अधिक काम होगा, लेकिन इन युक्तियों का अभ्यास करने से आपको अपने कौशल का विस्तार करने और भविष्य में योगदान करने में मदद मिलेगी।

- लेखक संस्कृति विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ फार्मेसी, फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं।

वैश्विक एमबीए डिग्री है अधिक उपयोगी

डॉ. अखिल शाहानी का कहना है कि एक वैश्विक एमबीए डिग्री छात्रों को व्यापक प्रदर्शन, मजबूत नेटवर्क और अच्छा पैकेज हासिल करने में सहायता करेगी

एमबीए की डिग्री एक आकर्षक करियर हासिल करने के सर्वोत्तम रास्तों में से एक है। एमबीए पेशेवर आत्मविश्वासी लोग होते हैं और उनके पास जानकारियों का ऐसा भंडार होता है जो किसी भी संगठन को सफल होने में मदद कर सकता है। चाहे वह कोई भी उद्योग हो, एमबीए ग्रेजुएट को अपने कौशल व ज्ञान से मेल खाने वाली उपयुक्त नौकरी मिल जाएगी।

एक सफल एमबीए पेशेवर बनने के लिए, व्यक्ति के पास अच्छा संचार और पारस्परिक कौशल तथा टीम वर्क और व्यावसायिकता जैसे गुण होने चाहिए। हालांकि एक सामान्य भारतीय एमबीए डिग्री, छात्रों को इन योग्यताओं व गुणों को विकसित करने में मदद कर सकती है, मगर एक वैश्विक एमबीए डिग्री छात्रों को व्यापक प्रदर्शन, मजबूत पेशेवर नेटवर्क और एक अच्छा वेतन पैकेज हासिल करने में मदद करेगी।

लेकिन आप पूछ सकते हैं कि ग्लोबल एमबीए वास्तव में है क्या? आप किसी विदेशी विश्वविद्यालय से संबद्ध भारतीय कॉलेज में कक्षाएं लेते हैं। जो पढ़ाई भारत में कराई जाती है उसे विदेशी विश्वविद्यालय द्वारा एमबीए डिग्री पाने के लिए आवश्यक कुछ कोर्स क्रेडिट में गिना जाता है। कई मामलों में, कोर्स का अंतिम हिस्सा ऑनलाइन या विदेशी विश्वविद्यालय के प्रत्यक्ष परिसर में पढ़ाया जाता है, जिसके बाद एमबीए की डिग्री प्रदान की जाती है।

आइए देखें कि कैसे एक वैश्विक एमबीए डिग्री आपके करियर को आकार देने में आपकी मदद कर सकती है।

अवसरों में वृद्धि : आज, व्यापार की सार्वभौमिक प्रकृति वैश्विक बाजारों की गहन समझ की मांग करती है। गतिशील व्यापार की दुनिया में सफल होने के लिए, व्यक्ति को व्यवसाय जगत और दुनिया भर में नवीनतम उद्योग- रुझानों का व्यावहारिक ज्ञान होना चाहिए। ग्लोबल एमबीए डिग्री आपको इन सबसे अपडेट रखेगी और आपको अपने पेशेवर विकास के लिए व्यापक अवसर भी प्रदान करेगी। एक वैश्विक एमबीए डिग्री ऐसे पाठ्यक्रम का अनुसरण करती है जिसे अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह आपको दुनिया के किसी भी हिस्से में किसी भी संगठन में काम करने का आत्मविश्वास देती है।

अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर : महामारी ने हमें वैश्वीकरण के महत्व का एहसास कराया है। मुश्किल समय में, दुनिया भर के व्यवसाय और संगठन एक दूसरे का समर्थन करने के लिए एक साथ आए। इस स्थिति ने एमबीए पेशेवरों की बढ़ती आवश्यकता को जन्म दिया, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय मसलों और स्थितियों से निपटने का ज्ञान और कौशल हो सकता है। एक वैश्विक एमबीए आपको विदेशी कंपनियों के साथ काम करने, विविध टीमों का नेतृत्व व प्रबंधन करने तथा रणनीतिक निर्णय लेने के लिए तैयार करती है।

डॉ. अखिल शाहानी
एमडी, थाडोमल शाहानी
सेंटर फॉर मैनेजमेंट, शाहानी ग्रुप

व्यापक नेटवर्क: वैश्विक एमबीए डिग्री प्राप्त करने से आप विभिन्न उद्योगों के प्रतिभाशाली और सफल पेशेवरों के विशाल वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा बन जाते हैं। यह ठीक ही कहा गया है कि यह जरूरी नहीं है कि आप क्या जानते हैं, बल्कि जरूरी यह है कि आप किसे जानते हैं। भारतीय एमबीए डिग्री की तुलना में, एक वैश्विक डिग्री आपको विभिन्न देशों के विभिन्न उद्योगों के पेशेवरों से जुड़ने में मदद करेगी।

उद्योग- विशेषज्ञों के शिक्षक और अतिथि व्याख्यान आपका आपके करियर में मार्गदर्शन करेंगे, आपको उद्योग की जानकारी देंगे, और यहां तक कि आपको अपनी मनचाही नौकरी पाने में भी मदद कर सकते हैं। एक वैश्विक एमबीए डिग्री कोर्स आपको विविध व्यावसायिक वातावरण के बारे में भी बताता है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के बारे में आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है।

ज्यादा पारिश्रमिक : आप वैश्विक कारोबारी माहौल में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल को बढ़ा सकते हैं। आप हमेशा विकसित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समुदाय में टिके रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रासंगिक कौशल भी सीखते हैं। इससे आपको दूसरों पर बढ़त मिलती है। तुलनात्मक रूप से, संभावनाएं हैं कि वैश्विक एमबीए डिग्रीधारकों के पास भारतीय एमबीए डिग्री धारकों की तुलना में बेहतर पदोन्नति के अवसर हैं, क्योंकि उनके पास विस्तृत और व्यापक वैश्विक व्यावसायिक ज्ञान और सोच होती है।

अवसरों से कभी न चूकें

जर्मनी विश्व जीडीपी में चौथे स्थान पर है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में एक महान भूमिका निभाता है। यह व्यवसाय, मीडिया, विपणन, इंजीनियरिंग, आतिथ्य और कई अन्य विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप प्रदान करता है। जर्मनी एक ऐसा देश है जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय में एक महान भूमिका निभाता है। सांस्कृतिक प्रभाव के मामले में इस देश का 9वां स्थान है। यह ऐसी जगह है जहां लोग दूसरों के साथ जुड़ना पसंद करते हैं और विविध विश्व संस्कृतियों के बारे में सीखते हैं और 2020 में उद्यमिता के लिए इसने स्वयं को दूसरे स्थान पर रखा है जिसमें दुनिया के बाकी हिस्सों से जुड़े रहना, तकनीकी विशेषज्ञता, पारदर्शी व्यापार प्रथाएं तथा अनेक अन्य कारक शामिल हैं। चूंकि जर्मनी आर्थिक रूप से भी अत्यंत प्रभावशाली है, इसलिए यह शक्ति के मामले में चौथे स्थान पर है। कार्य अनुभव प्राप्त करने के लिए यह एक शानदार जगह है जहां आपके द्वारा अर्जित की गई डिग्री के लिए आपको एक व्यावहारिक पहलू प्रदान किया जाता है। यह देश अंतरराष्ट्रीय कार्य कौशल तक पहुंच प्रदान करता है, जबकि छात्रों को जर्मन भाषा क्षमताओं को सीखने और विकसित करने में मदद करता है क्योंकि इसका मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधन हैं। चूंकि जर्मनी का बाजार अत्यधिक विकसित है, इसलिए यह दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद में चौथा स्थान रखता है। व्यवसाय, मीडिया, विपणन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप उपलब्ध हैं, हालांकि इंजीनियरिंग, आतिथ्य और कई अन्य क्षेत्र हैं जहां छात्र मूल्यवान कार्य अनुभव प्राप्त करने हेतु शिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप का ट्रैक रखने या संगठन के माध्यम से इंटर्नशिप खोजने के लिए ऑनलाइन अवसरों का उपयोग करें। डीएएडी और एआईईएसईसी ऐसे संगठन हैं जो छात्रों को जर्मनी में किसी भी स्थान पर रखने के लिए मौजूद हैं। आप सहायता प्राप्त कर सकते हैं और उनकी वेबसाइटों पर जाकर उनसे संपर्क कर सकते हैं।

एमबीए - व्यवसाय प्रबंधन- जर्मनी में व्यावसायिक क्षेत्र में छात्र को मिलने वाले इंटर्नशिप के अवसर अनंत हैं क्योंकि जर्मनी 500 से अधिक कंपनियों का घर है। जर्मनी निजी कंपनियों, क्षेत्रीय व्यवसायों, बहुराष्ट्रीय निगमों के मुख्यालयों व अन्य छोटी निजी कंपनियों में 1000 डॉलर तक की सशुल्क इंटर्नशिप प्रदान करता है। जर्मनी में व्यावसायिक क्षेत्र में इंटर्नशिप करने से इंटर्न को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य विकसित करने में मदद मिलेगी जो व्यापारिक दुनिया में अत्यधिक फायदेमंद होगा।

एमबीए - मार्केटिंग- जर्मनी की एक विशाल आबादी है और इस आबादी से विभिन्न विपणन अवसरों और रणनीति की मांग आती है। विपणन के क्षेत्र में, इंटर्न को संचार व जनसंपर्क के साथ काम करना चाहिए, प्रतिस्पर्धी विश्लेषण विकसित करना चाहिए, बाजार अनुसंधान करना चाहिए, प्रभावशाली संदेश बनाना और बहुत कुछ करना चाहिए। यदि किसी के पास योग्यताओं की अच्छी समझ है और वह कंपनी की व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और जरूरतों से मेल खाता है, तो जर्मनी वेब डिजाइन और सोशल मीडिया में अत्यधिक भुगतान वाली इंटर्नशिप भी प्रदान करता है। इसके अलावा, जर्मनी में शैक्षिक कार्यक्रम इंटर्न को उनकी इंटर्नशिप के हिस्से के रूप में ब्रांड प्रबंधकों के साथ काम करने की पेशकश करते हैं।

इंजीनियरिंग - सभी क्षेत्र-जर्मनी में ऑटोमोबाइल उद्योग विशाल है, जर्मनी में बड़ी और सफल कंपनियां छात्रों को इंजीनियरिंग भुगतान इंटर्नशिप प्रदान करती हैं। जर्मनी में दी जाने वाली ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप आपके सैद्धांतिक इंजीनियरिंग ज्ञान को व्यवहार में लाने का सबसे अच्छा तरीका है।

-लेखक सोम शर्मा एडु ब्रेन ओवरसीज के निदेशक हैं।

> बाजार के अनुमान बताते हैं - लगभग 90 फीसदी स्टार्ट-अप अपनी स्थापना के पहले पांच वर्षों के भीतर विफल हो जाते हैं। डॉ. मनीषा आचार्य बता रही हैं कि कैसे बिजनेस इन्क्यूबेटरों का समर्थन नवीन विचारों को वास्तविकता में बदल सकता है और स्टार्टअप की सफलता दर को बढ़ा सकता है।

अपने स्टार्ट-अप गेम में तेजी लाएं

स्टार्टअप तभी सफलता पा सकते हैं और एक अद्वितीय स्थिति तक पहुंच सकते हैं जब वे सही दिशा में आगे बढ़ते हैं। उन्हें एक विकास सोच के साथ सहयोग प्रदान करने के लिए, व्यवसाय / स्टार्टअप इन्क्यूबेटर दुनिया भर में भारी लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं। यूएस स्थित इंटरनेशनल बिजनेस एसोसिएशन के अनुसार - दुनिया भर में लगभग 7000 बिजनेस इन्क्यूबेटर हैं।

आमतौर पर, शुरुआती चरण के स्टार्टअप के पास अरबों डॉलर की व्यापार सोच को निष्पादित करने के लिए सीमित संसाधन और विशेषज्ञता होती है। यहीं पर इन्क्यूबेटर्स व्यवसाय के विचार को बाजार में ले जाने और नया करने के लिए दिशा और सहायक ढांचा प्रदान करने में एक अभिन्न भूमिका निभाते हैं।

युवा उद्यमियों व उनके स्टार्टअप के पोषण से लेकर ऑफिस स्पेस, आरएंड डी लैब्स, उपयोगी मैनेजमेंट ट्रेनिंग, मार्केटिंग सपोर्ट और निवेशकों तक पहुंच सहित उपयोगी संसाधन प्रदान करने तक, बिजनेस इन्क्यूबेटर्स स्टार्टअप को तैयारी करने के लिए कई तरह से संस्थापकों की मदद करते हैं।

विचार सत्यापन

हर स्टार्टअप संस्थापक एक क्रांतिकारी व्यावसायिक विचार के साथ आने की पूरी कोशिश करता है। वे अक्सर उस विचार पर विचार करते हैं जो बाजार को बाधित कर सकता है और उद्योग में एक किस्म का बनने का लक्ष्य रखता है। हालांकि, प्रत्येक संस्थापक को विचार को लॉन्च करने और उसका सत्यापन कराने से पहले सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्हें एक ऐसे दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए जो व्यवसाय स्थापित करने में अधिकतम सफलता दर के साथ जोखिम व लागत को न्यूनतम कर सके।

एक बिजनेस इनक्यूबेटर संस्थापक को ऐसी समस्या खोजने में मदद करता है जो एक क्रांतिकारी अवधारणा या उत्पाद के जरिए हल करने योग्य है। इसके अतिरिक्त , वे संस्थापकों को बाजार के अनुकूल उत्पाद बनाने में मदद करने हेतु बिक्री और मुख्य बाजार परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

मेंटरशिप

एक स्थायी और आर्थिक रूप से उपयुक्त व्यवसाय बनाने के लिए, स्टार्टअप उद्यमियों को सलाह की आवश्यकता होती है। स्टार्टअप का मार्गदर्शन करने वाले इनक्यूबेटर अक्सर सफलता की उच्च दर की रिपोर्ट करते हैं और एक बड़ी ज्ञान संपदा प्राप्त करते हैं। उन्हें बढ़ी हुई उत्पादकता, समस्या सुलझाने की क्षमता और बेहतर व्यावसायिक प्रदर्शन के लाभ प्रदान किए जाते हैं।

एक अच्छा बिजनेस मेंटर, जिसके पास शुरू से ही सफल बिजनेस खड़ा करने का अनुभव है, एक बेहतरीन प्रतीत होता बोर्ड है। अपने अनुभव से, संस्थापक वित्त, व्यवसाय संचालन, विस्तार, उत्पाद विकास और विपणन में कई मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

डॉ. मनीषा आचार्य
सीईओ, सेंटर ऑफ इन्नोवेशन एंड इन्क्यूबेशन (सीआईआई)

नेटवर्किंग के अवसर

नेटवर्किंग व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए ग्राहकों, भागीदारों और निवेशकों को खोजने की क्षमता है। बिजनेस इन्क्यूबेटर्स नेटवर्क को बढ़ावा देकर शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स के लिए व्यापार वृद्धि को गति दे सकते हैं। उनकी क्षमता स्थायी व्यवसाय स्थापित करने के लिए मूल्यवान सहयोग और कनेक्शन प्रदान करने के लिए लोगों या प्रयोगशाला स्थल से जुड़ना है।

इसके अलावा, बिजनेस इनक्यूबेटर नेटवर्किंग की सबसे प्रासंगिक प्रथाओं की पहचान करता है जो स्टार्टअप्स को नयी बिजनेस लीड हासिल करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह अपने स्टार्टअप के लिए प्रभावशाली लोगों को आकर्षित करने हेतु नए रुझानों के साथ संस्थापकों को अवगत करने पर ध्यान केंद्रित करता है जो मजबूत व्यावसायिक संबंध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्षेत्र और साझा संसाधनों का भंडार

बड़े उद्यमों या कॉरपोरेट्स के विपरीत, शुरुआती चरण के स्टार्टअप के पास गहरी जेब नहीं होती है। उन्हें कार्यालय की जगह किराए पर लेने या महत्वपूर्ण संसाधनों का उपयोग करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बिजनेस इन्क्यूबेटर के सहयोग से उद्यमी अच्छे कार्यक्षेत्र तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं जहां वे विचार-मंथन कर सकते हैं और प्रभावशाली व्यावसायिक विचारों को तैयार कर सकते हैं।

ऑफिस स्पेस के अलावा, कुछ बिजनेस इन्क्यूबेटर्स आरएंडडी और लैब सपोर्ट भी प्रदान करते हैं जो संस्थापकों को उनके बिजनेस आइडिया को तेजी से साकार करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, संस्थापकों को समान विचारधारा वाले नवोन्मेषकों के साथ नेटवर्क बनाने और उपयोगिताओं और लागत-दक्षता का लाभ उठाने का अवसर मिलता है।

धन उगाहने की रणनीतियों से सहयोग

व्यवहारिक व्यावसायिक विचार विकसित करने के बाद प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप को धन की आवश्यकता होती है। वे आगे विस्तार और मापनीयता के लिए आवश्यक हैं। बिजनेस इन्क्यूबेटर के बिना, स्टार्टअप संस्थापकों के लिए संभावित निवेशकों तक पहुंचना और अपने विचार को आगे बढ़ाना मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर, बिजनेस इन्क्यूबेटरों के एंजेल निवेशकों और उद्यम पूंजीपतियों के साथ मजबूत संबंध होते हैं और जो संस्थापकों के लिए जीत की पिच तैयार करने और निवेशक बैठकों में पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

वर्तमान अर्थव्यवस्था जैसे प्रतिस्पर्धी बाजार परिदृश्य में, शुरुआती स्टार्टअप के लिए विफलता की दर अधिक है। बाजार का अनुमान बताता है - लगभग 90 प्रतिशत भारतीय स्टार्टअप अपनी स्थापना के पहले पांच वर्षों के भीतर विफल हो जाते हैं। इस प्रकार, बिजनेस इन्क्यूबेटरों का सहयोग नवीन व्यावसायिक विचारों को वास्तविकता में बदल सकता है और स्टार्टअप की सफलता दर को बढ़ा सकता है।

न्यूजीलैंड से हारकर भारत की सेमीफाइनल की डगर हुई मुश्किल

● बतौर कप्तान फिर नाकाम विराट कोहली

भाषा। दुबई

कागजों पर दुनिया का सबसे मजबूत भारतीय बल्लेबाजी क्रम न्यूजीलैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने बुरी तरह बिखर गया और रविवार को करो या मरो के मुकाबले में आठ विकेट से हारकर विराट कोहली की टीम आईसीसी टी20 विश्व कप से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है। पहले मैच में पाकिस्तान से दस विकेट से मिली हार के बाद लगातार दूसरा मैच गंवाने से भारत की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इसके साथ ही निवर्तमान टी20 कप्तान कोहली की नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठने लगे हैं। कोहली इस टूर्नामेंट के बाद टी20 कप्तानी छोड़ रहे हैं लेकिन इस हार से वनडे कप्तान के तौर पर उनके भविष्य पर भी सवाल उठेंगे। पहले मैच की हार जहां अपमानजनक थी तो न्यूजीलैंड से पराजय भी शर्मनाक रही। जीत के लिए 111 रन का आसान लक्ष्य कीवी टीम ने 14 . 3 ओवर में हासिल कर लिया। डेरिल मिशेल ने 35 गेंद में 49 रन बनाए जबकि कप्तान केन विलियमसन 31 गेंद में 33 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत के लिए अब सेमीफाइनल की राह इतनी कठिन हो गई है कि अफगानिस्तान अगर न्यूजीलैंड को हरा देता है तो वह भी दौड़ में बना रहेगा। वह भी तब जब भारत अफगानिस्तान, नामीबिया और स्कॉटलैंड तीनों को हरा दे। बेखौफ बल्लेबाजी टी20 क्रिकेट की पहली शर्त है और भारत के प्रदर्शन में वह कहीं नजर नहीं आई। इतने अहम मुकाबले में भारतीय टीम सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी। टॉस जीतकर गेंदबाजी का न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमसन का फैसला सही साबित हुआ। भारत के बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले और रन बनाने की भूख उनके भीतर नजर ही नहीं आई। भारत के अधिकांश बल्लेबाज डीप में आसान कैच देकर आउट हुए।

भारतीय पारी में 54 डॉट गेंदें रही यानी कुल नौ ओवरों में रन ही नहीं बने। पिच में कोई खराबी नहीं थी लेकिन भारतीय टीम एक बार फिर चयन के मामले में चकमा खा गई। फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों पर भरोसा नहीं करना टीम प्रबंधन को महंगा पड़ा। भारत के लिए सबसे बड़ा झटका रोहित शर्मा और विराट दोनों का खराब फॉर्म में रहना रहा। मध्यक्रम भी नहीं चल सका और इतने अहम मुकाबले में बतौर बल्लेबाज हार्दिक पंड्या नाकाम रहे। स्पिन गेंदबाजी को खेलने में महारथी माने जाने वाले भारतीय बल्लेबाज फिरकी के जाल में फंस गए। बाएं हाथ के धीमे गेंदबाज मिशेल सेंटनेर ने चार ओवर में सिर्फ 15 रन दिए जबकि लेग स्पिनर ईश सोढी ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। दोनों ने मिलकर आठ ओवरों में महज 32 रन दिए। भारत का स्कोर आठ ओवर में तीन विकेट पर 40 रन था और पावरप्ले का बल्लेबाज कोई फायदा नहीं उठा सके। ईशान किशन ने ट्रेंट बोल्ट को बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया लेकिन सेंटनेर ने डीप स्क्वेयर लेग सीमा पर उनका कैच लपक लिया। केएल राहुल (18) ने दो चौके लगाए लेकिन 16 गेंद क्रीज पर रहने के दौरान वह सहज नहीं दिखे। टिम साउदी की शॉर्ट गेंद पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में वह सेंटनेर को कैच दे बैठे। रोहित शर्मा (14) को बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर एडम मिल्ने ने जीवनदान दिया। इसके बाद उन्होंने उसे छक्का लगाया। ईश सोढी को हालांकि ऐसा ही शॉट खेलने के प्रयास में वह मार्टिन गुप्टिल को कैच दे बैठे। कोहली को सोढी ने सीमारेखा पर बोल्ट के हाथों लपकवाया। पंड्या और ऋषभ पंत नाकाम रहे।

सूर्यकुमार को पीठ दर्द के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से आराम

दुबई। मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को पीठ में दर्द (ऐंठन) के कारण रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के महत्वपूर्ण टी20 विश्व कप मैच से विश्राम दिया गया। सूर्यकुमार यादव की जगह टीम में ईशान किशन को मौका दिया गया, जिन्होंने लोकेश राहुल के साथ पारी को आगाज किया। सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, सूर्यकुमार यादव ने पीठ में ऐंठन की शिकायत की। बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और वह टीम होटल में रुके हैं। भारत और न्यूजीलैंड दोनों के लिए यह मुकाबला (लगभग) करो या मरो की तरह है।

अफगानिस्तान ने नामीबिया को 62 रन से हराया

भाषा। अबुधाबी

अफगानिस्तान ने शानदार गेंदबाजी से रविवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के ग्रुप दो मैच में नामीबिया को 62 रन से हराकर अपने पूर्व कप्तान असगर अफगान को जीत से विदाई दी।

पिछले मैच में पाकिस्तान से करीबी मैच में हारने वाली अफगानिस्तान ने पहले मैच में स्काटलैंड को हराया था और यह उसकी दूसरी जीत थी। अफगानिस्तान चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट 3.097 है। टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही नामीबिया ने भी पिछले मैच में स्काटलैंड पर जीत हासिल की थी। अफगानिस्तान ने अच्छी शुरूआत के बाद मोहम्मद शहजाद के 45 रन की मदद से टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। शहजाद के अलावा टीम के लिए हजरतुल्लाह जजई ने 33, कप्तान मोहम्मद नबी ने नाबाद 32 और अफगान ने 31 रन की उपयोगी पारियां खेलीं।

अफगानिस्तान ने अपने शानदार गेंदबाजी आक्रमण से नामीबिया को निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 98 रन ही बनाने दिए। नामीबिया के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी और उसके लिए सबसे ज्यादा 26 रन डेविड विसे ने बनाए। अफगानिस्तान के लिए हामिद हसन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट झटके जबकि नवीन उल हक ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने 14 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। गुलबदिन नईब ने चार में से एक ओवर मेडन डाला और 19 रन देकर दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा।

अफगानिस्तान ने जजई (33 रन) और शहजाद के पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 50 रन बनाने से अच्छी शुरूआत की। इस साझेदारी में जजई काफी आक्रामक थे। पर पावरप्ले के अगले ही ओवर में वह जेजे स्मिट का शिकार हो गए। उन्होंने 27 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जमाए। रहमनुल्लाह गुरबाज क्रीज पर उतरे और आठ गेंद खेलने के बाद 68 रन के स्कोर पर जान निकोल लोफ्टी ईटन की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। शहजाद एक एक रन के साथ बीच में शॉट लगाते हुए अपने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रूबेन ट्रंपलमैन (34 रन देकर दो विकेट) की गेंद को विकेटकीपर के पीछे भेजने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे और अर्धशतक से पांच रन से चूक गए। उन्होंने 33 गेंद में तीन चौके और दो छक्के से 45 रन बनाए। अफगानिस्तान ने इस तरह तीसरा विकेट 89 रन के स्कोर पर गंवाया। अफगान के 15वें ओवर में लगाए गए छक्के से अफगानिस्तान से 100 रन पूरे किए। लोफ्टी ईटन (21 रन देकर दो विकेट) की पगबाधा की अपील का रिव्यू लेने के बाद नजीबुल्लाह जदरान (07) पवेलियन लौट गए जो 11 गेंद ही खेल सके थे। इस मैच के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले अफगान 31 रन बनाकर ट्रंपलमैन का दूसरा शिकार बने। उन्होंने 23 गेंद में तीन चौके और एक छक्का लगाया। जब वह मैदान से पवेलियन की ओर लौट रहे थे तो सभी खिलाड़ियों ने उनसे हाथ मिलाए और मैदान पर अफगानिस्तान के प्रशंसकों ने हाथ से सलामी दी। टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। और मैच खत्म होने के बाद सभी ने उन्हें कंधों पर उठा लिया। अंत में मोहम्मद नबी ने 17 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 32 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद नामीबिया की टीम ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज क्रेग विलियम्स (01) का विकेट गंवा दिया था। टीम ने पावरप्ले में 29 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने इस मैच में राशिद खान को आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए लगाया क्योंकि पिछले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें 10 ओवर के बाद गेंदबाजी पर लगाने पर सवाल उठाए गए थे। राशिद ने आते ही पहली ही गेंद पर जेन ग्रीन (01) को बोल्ड कर दिया। नामीबिया ने फिर लगातार विकेट गंवाए, डेविड विसे ही कुछ देर टिककर खेल सके जिन्होंने 30 गेंद का सामना किया और दो चौके लगाए। उनके बाद सबसे ज्यादा 16 गेंद लोफ्टी ईटन (14) ने खेली।

आस्ट्रेलिया अब भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत अच्छी टीम: फिंच

दुबई। कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि आस्ट्रेलिया अब भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत अच्छी टीम है और वे इंग्लैंड से मिली हार का असर टी20 विश्व कप के आगामी मैचों में नहीं पड़ने देंगे। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया को 125 रन पर समेट दिया था और फिर यह लक्ष्य 11.4 ओवर में हासिल कर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। अब आस्ट्रेलिया का सामना चार नवंबर को बांग्लादेश और छह नवंबर को वेस्टइंडीज से होगा। फिंच ने कहा कि वे सुपर 12 के अंतिम दो मैचों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकते। फिंच ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारे पास तरोताजा होकर फिर से ऊर्जावान होने के लिए कुछ दिन हैं। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद आज यह काफी तेज बदलाव रहा। ग्रुप में काफी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। मैं इस बारे में चिंतित नहीं हूं कि हम इस मैच में मिली हार का असर एक अलग मैच में और पूरी तरह से अलग टीम पर पड़ने देंगे। उन्होंने कहा, इन मैचों में हमें निश्चित रूप से जीत दर्ज करनी होगी। मुझे लगता है कि नेट रन रेट पर आज के मैच का काफी खराब असर पड़ा। इसलिए हमें फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ करना होगा।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट से जुड़ना चाहती थी: सारा टेलर

भाषा। अबुधाबी

पुरुषों की टी10 लीग में टीम अबुधाबी की सहायक कोच बनी इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर सारा टेलर ने कहा कि वह ऐसी खिलाड़ी नहीं कहलाना चाहती थी जिसका फ्रेंचाइजी क्रिकेट से कोई सरोकार नहीं रहा हो। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में शुमार टेलर को 19 नवंबर से शुरू हो रही अबुधाबी टी10 लीग में टीम अबुधाबी की सहायक कोच बनाया गया है। टेलर ने यहां बातचीत के दौरान कहा, उम्मीद है कि यह आगे की ओर एक कदम है। महिलाओं को अब इस तरह के काम और भूमिकाएं मिलती रहेंगी। इसे एक कोच के रूप में देखना चाहिए, महिला कोच के रूप में नहीं। उन्होंने कहा, इसके काफी मायने है। मुझे यह भूमिका मिलने पर मैं स्तब्ध थी। मैं दिन गिन रही थी कि कब अबुधाबी जाकर जिम्मेदारी संभालूंगी। मैं अच्छी कोच के रूप में पहचान बनाना चाहती हूं। टेलर मुख्य कोच पॉल फारब्रास और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी लांस क्लूसनर के साथ काम करेंगी। उन्होंने कहा कि ससेक्स काउंटी की कोच बनकर उन्हें काफी अनुभव मिला। उन्होंने कहा, ससेक्स काउंटी में मैने काफी कुछ सीखा। मुझे बहुत अच्छे मेंटर मिले जिन्होंने मेरा साथ बखूबी निभाया। मुझे कोचिंग का मजा आ रहा है। मैं ऐसी महिला के रूप में पहचान बनाना नहीं चाहती थी जिसका फ्रेंचाइजी क्रिकेट से कोई सरोकार नहीं रहा हो।

हरिकृष्णा जीते, हरिका ने ड्रॉ खेला

शतरंज टूर्नामेंट

भाषा। रीगा (लातविया)

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने खराब शुरुआत से उबरते हुए यहां फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की जिससे चौथे दौर के बाद उनके 2.5 अंक हैं। भारत के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हरिकृष्णा ने शनिवार को देर रात आर्मेनिया के सर्जेई मोवसेसियान को 56 चाल में हराया। वह खिलाड़ियों के उस समूह का हिस्सा हैं जिसके 2.5 अंक हैं। इसमें ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और के शशिकिरण भी शामिल हैं। चौथे दौर में जीत दर्ज करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष खिलाड़ी सातवें वरीय हरिकृष्णा रहे। आर वैशाली महिलाओं के वर्ग में जीत दर्ज करने वाली एकमात्र भारतीय रहीं।

फॉर्म में चल रहे निहाल सरीन ने पावेल पोनक्रातोव को बराबरी पर रोका। युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रग्नानंदा को लगातार तीन ड्रॉ के बाद सैमुअल सेवियन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में शशिकिरण ने रूस के व्लादिस्लाव आर्तेमीव और गुकेश ने रूस के व्लादिमीर फेदोसीव को बराबरी पर रोका लेकिन अर्जुन एरिगेसी को रूस के सानन सुगिरेव के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। अनुभवी सूर्य शेखर गांगुली को नीदरलैंड के युवा जोर्डन वान फोरेस्ट ने हराया जबकि एसपी सेतुरमन ने अनुभवी बोरिस गेलफेंड से अंक बांटे। अंडर-16 वर्ग के पूर्व विश्व चैंपियन बी अधिबान का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें डेनमार्क के योनास बुहल जेरे के खिलाफ हार के साथ लगातार तीसरी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अलिरेजा फिरोजा चार में से 3.5 अंक जुटाकर एकल बढ़त बनाए हुए हैं। दस से अधिक खिलाड़ी तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करुआना खिलाड़ियों के तीसरे समूह का हिस्सा हैं जिनके 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में लेई तिंगजी चौथे दौर में वेलेंटिना गुनिना को हराकर 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बनाए हुए हैं। चीन की झू जिनेर के खिलाफ ड्रॉ खेलने वाली महिला ग्रैंडमास्टर डी हरिका नौ खिलाड़ियों के समूह का हिस्सा हैं जिनके तीन अंक हैं। वैशाली ने कजाखस्तान की मुरुअर्ट कमालिदेनोवा को हराया। उनके दो अंक हैं। पदमिनी राउत को रूस की एलिना काशलिनस्काया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि वंतिका अग्रवाल और दिव्या देशमुख के मुकाबले ड्रॉ रहे।



विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

आकाश, नरेंदर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

भाषा। बेलग्रेड

भारतीय मुक्केबाज आकाश कुमार (54 किग्रा) और नरेंदर बरवाल (प्लस 92 किलो) ने रविवार को यहां एआईबीए पुरुष विश्व चैम्पियनशिप के अंतिम 16 मुकाबले में अलग अलग अंदाज में जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल जगह पक्की की।

पिछले दौर में वॉकओवर हासिल करने वाले आकाश को पुअर्तो रिको के कालेब तिराडो ने कड़ी चुनौती दी लेकिन जजों ने सर्वसम्मति से भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला दिया। उन्होंने 5-0 से जीत दर्ज की। वहीं नरेंदर ने ताजिकिस्तान के जाखोन कुरबोनोव को हराया। तिराडो ने शुरुआती दौर में आकाश के शरीर पर प्रभावशाली पंच लगाए लेकिन आकाश ने शानदार तरीके से पलटवार करते हुए ज्यादा सटीक पंच लगाए, जिसे जजों का समर्थन मिला। पुअर्तो रिको के खिलाड़ी को दूसरे दौर में एक अंक की कटौती का भी सामना करना पड़ा। उन्हें सिर झुकाकर रखने पर चेतावनी दी गई थी। आकाश का सामना अब रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता योएल फिनोल से होगा।

भारत के 10 मुक्केबाजों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी, जिसमें शनिवार को गोविंद साहनी (48 किग्रा) को हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता को 100,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी जबकि रजत और कांस्य पदक जीतने वालों को क्रमश: 50,000 डॉलर और 25,000 डॉलर दिए जाएंगे।

सुपरकिंग्स ने नीरज चोपड़ा को सम्मानित किया, एक करोड़ रुपए का चैक सौंपा

नई दिल्ली। तीन बार के इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन (आईपीएल) चेन्नई सुपरकिंग्स ने तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को उनकी एतिहासिक उपलब्धि के लिए रविवार को एक करोड़ रुपए का चैक देकर सम्मानित किया। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा को चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट लिमिटेड की ओर से यहां एक करोड़ रुपए का चैक सौंपा गया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार सीएसके ने चोपड़ा के सम्मान में उन्हें 8758 नंबर (टोक्यो में 87.58 मीटर के स्वर्ण पदक के प्रयास के आधार पर) की जर्सी भी सौंपी। चोपड़ा अभिनव बिंद्रा के बाद भारत के सिर्फ दूसरे व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। सीएसके के सीईओ केएस विश्वनाथन ने कहा, शानदार उपलब्धि के लिए पूरे देश को नीरज पर गर्व है। ट्रैक एवं फील्ड में स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला भारतीय बनकर उन्होंने मापदंड स्थापित किए हैं।